Page 11

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

Page 10

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित




खेल

**नीतीश रेडी ने आईपीएल में किया बड़ा कारनामा, अब तक कोई भी खिलाड़ी 20 साल की उम्र में...**



देश

**सुक्खू सरकार पर निजी फर्म को अग्रिम भुगतान के आरोप, सीबीआई और ईडी से...**



शुक्ल पक्ष कृतिका संवत 2081


• औरंगाबाद • गुरूवार • 11 अप्रैल 2024 • वर्ष 26 • अंक 120 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 72, 110 | ₹85,500 |





## आज का इतिहास

- 1935 : भारत ने फैसला किया कि यह सभी धनराशि को नियंत्रित करना चाहता है।
- 1960 : भारत के दो राज्यों महाराष्ट्र और गुजरात का अलग-अलग बंटवारा हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### बीजेपी ने जारी की उम्मीदवारों की एक और लिस्ट

**नई दिल्ली (ए.)।** बीजेपी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की 10वीं सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में 9 उम्मीदवारों को टिकट देने की घोषणा की गई है। इस लिस्ट में पार्टी ने यूपी, बंगाल और चंडीगढ़ लोकसभी सीटों से प्रत्याशियों की घोषणा की है। बात करें यूपी की तो मैनपुरी से जयवीर सिंह ठाकुर को टिकट दिया गया है। कौशाम्बी (सुरक्षित सीट) से विनोद सोनकर को टिकट दिया गया है। फूलपुर से प्रवीण पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है। फूलपुर सीट से केसरी देवी पटेल का भी टिकट कटा, विधायक (फूलपुर) प्रवीण पटेल को भाजपा ने बनाया उम्मीदवार। इलाहाबाद से नीरज त्रिपाठी को टिकट दिया गया है। बलिया से नीरज शेखर, गाजीपुर से पारस नाथ राय, मछली शहर से बी.पी. सरोज को उम्मीदवार बनाया गया है।

### पतंजलि विज्ञापन केस में रामदेव-बालकृष्ण का माफीनामा खारिज

**नई दिल्ली (ए.)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पतंजलि के विवादित विज्ञापन केस में बाबा रामदेव और बालकृष्ण के दूसरे माफीनामे को भी खारिज कर दिया। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच ने पतंजलि के वकील विपिन सांघी और मुकुल रोहतगी से कहा कि आपने जानबूझकर कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया है, कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उत्तराखंड सरकार की ओर से ध्रुव मेहता और वंशजा शुक्ला ने एफिडेविट पढ़ा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- केंद्र से खत आता है कि आपके पास मामला है। कानून का पालन कीजिए। 6 बार ऐसा हुआ। बार-बार लाइसेंसिंग इंस्पेक्टर चुप रहे। इसके बाद जो आए, उन्होंने भी यही किया। तीनों अफसरों को तुरंत सस्पेंड किया जाना चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी।

### गर्मी बढ़ते ही डायरिया के बढ़ने लगे मरीज

**पटना (नि. सं.)।** गर्मी के बढ़ते ही अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी है। इन दिनों में डायरिया और लू की शिकायतों को लेकर लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं। गार्डिनर अस्पताल के अधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मौसम में बदलाव के कारण डायरिया और लू के मरीज बढ़ने लगे है। प्रत्येक दिन 50 से अधिक मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन दिनों में लू से बचने के लिए खाली पेट घर से नहीं निकले। घर से पानी पी कर निकले। फ्रेश खाना खाएं। इससे डायरिया के समस्या से बचाव हो सकता है। डायरिया जैसे बीमारी से बचने के लिए बाहर का पानी न पिएं।डायरिया के शिकायत पर ओआरएस का घोल जरूर लें ताकि शरीर के अंदर पानी की कमी न हो। घर का बना हुआ खाना खाएं। धूप में निकले से बचें।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनाव अभियान किया शुरू

# मोदी को 400 पार करा दो, भारत बन जाएगी तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था : अमित शाह



**निज संवाददाता | गया/औरंगाबाद**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री सह भाजपा के कद्दावर नेता अमित शाह ने बुधवार को औरंगाबाद लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के समर्थन में चुनावी रैली को सम्बोधित कर बिहार में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनाव अभियान की शुरुआत की। अमित शाह ने इसी लोकसभा क्षेत्र के गुरारू में चुनावी हुंकार भरते हुए आम जनों को सम्बोधित किया तथा सुशील कुमार सिंह को जिताने का आह्वाहन किया। रैली को संबोधित करने से पहले अमित शाह ने सूर्यमंदिर को नमन किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कर्पूरी ठाकुर का नाम तो कई लोग लेते थे लेकिन कभी भी उनको सम्मान नहीं दिया। नरेंद्र मोदी ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर पिछड़ों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा 2019 के चुनाव में एनडीए को 39 सीट मिली थी, 40 में से एक सीट कम रह गई थी। इस बा बिहार से हम 40 सीट मांग रहे हैं। अमित शाह ने कहा मोदी को एक बार 400 के पार करा दो, इस देश की अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगी। मोदी का वादा सच हो जाएगा।

- **स्थानीय मुद्दों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि औरंगाबाद को नक्सल मुक्त करा दिया। औरंगाबाद में 38 और गया में 66 बैंक शाखाएं खुली हैं। औरंगाबाद में नब्बे हजार घर बने हैं। पटना-औरंगाबाद एमएच का सर्वे का काम चल रहा है।**

इस सभा में पूर्व सीएम जीतनराम मांझी ने सभा को संबोधित करते हुए औरंगाबाद से भाजपा के प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा कि एनडीए इस बार 400 से ज्यादा सीट जीतने जा रही है। उन्होंने कहा कि गया में मुझे और औरंगाबाद में सुशील सिंह को वोट दें। बता दें कि गुरारू क्षेत्र गया जिले का हिस्सा है पर औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में आता है। औरंगाबाद लोकसभा से एनडीए की तरफ से भाजपा के सुशील कुमार सिंह उम्मीदवार हैं तो गया से बिहार के पूर्व सीएम जीतनराम मांझी मैदान में हैं।

रैली को रालोजपा अध्यक्ष पशुपति पारस, रालोमो अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय समेत गया के कैंडिडेट व पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी और औरंगाबाद के उम्मीदवार सुशील कुमार सिंह समेत अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

### सहारा का सारा पैसा देना है : शाह

शाह ने कहा कि 23 साल से भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं लगा। शाह ने कहा कि सहारा का सारा पैसा दे देना है। उन्होंने कहा कि अभी झारखंड में कांग्रेस के सांसद के घर से साढ़े तीन सौ करोड़ मिला।

### भ्रष्टाचारियों को जाना होगा जेल

इस दौरान गृह मंत्री ने भ्रष्टाचारियों पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को जेल जाना होगा। इन लोगों ने गरीबों को लूटा है, देश का पैसा लूटा है। मोदी सरकार उन्हें किसी भी हालत में नहीं बख्शेगी, उन्हें पाई-पाई चुकानी होगी। उन्होंने आखिरकार गया में जीतन राम मांझी और औरंगाबाद में सुशील कुमार के लिए वोट करने की अपील की।

विश्व होम्योपैथी दिवस पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

# वैज्ञानिक अनुसंधान से होम्योपैथी की स्वीकार्यता बढ़ेगी : द्रौपदी मुर्मू

**एजेंसी | नयी दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान और कुशलता से होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति की स्वीकार्यता बढ़ेगी और यह युवाओं के बीच लोकप्रिय होगी। श्रीमती मुर्मु ने विश्व होम्योपैथी दिवस पर यहां आयोजित होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति में अनुसंधान को प्रोत्साहन देने वाले एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए आज कहा कि कई व्यक्ति को होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से बहुत लाभ हुआ है। लेकिन वैज्ञानिक समुदाय के भीतर, ऐसे अनुभवों को केवल तभी स्वीकार किया जा सकता है जब तथ्यों और विश्लेषण से पर्याप्त संख्या में अनुभव प्रस्तुत किए जाएं। इसलिए होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति में अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इससे लोगों में उपचार की इस पद्धति के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक वैधता प्रामाणिकता का आधार बनती है और प्रामाणिकता के साथ स्वीकार्यता और लोकप्रियता दोनों बढ़ेगी। अनुसंधान को सशक्त बनाने और दक्षता बढ़ाने के प्रयास होम्योपैथी को बढ़ावा देने में लाभकारी होंगे। इससे डॉक्टरों, रोगियों, दवा निर्माताओं और शोधकर्ताओं सहित होम्योपैथी से जुड़े सभी लोगों को लाभ होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि होम्योपैथी की शिक्षा प्रणाली में निरंतर सुधार इस पद्धति को युवा छात्रों के लिए और अधिक आकर्षक बनाएगा। होम्योपैथी के उज्ज्वल भविष्य के लिए बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी आवश्यक है। केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) का यह सम्मेलन 'अनुसंधान को सशक्त बनाना, दक्षता बढ़ाना' दो दिन चलेगा। सम्मेलन में आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, सीसीआरएच के महानिदेशक डॉ. सुभाष कौशिक,पद्म भूषण और पद्मश्री वैद्य देवेन्द्र त्रिगुणा, पद्मश्री डॉ. एचआर नागेन्द्र, होम्योपैथी क्षेत्र के पद्म पुरस्कार विजेता पद्मश्री डॉ. वीके गुप्ता, पद्मश्री डॉ. मुकेश बत्रा, पद्मश्री डॉ. कल्याण बनर्जी, पद्मश्री डॉ. आरएस पारीक और राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के अध्यक्ष डॉ. अनिल खुराना उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में नीदरलैंड, स्पेन, कोलंबिया, कनाडा और बंगलादेश के आठ प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

## पटना समेत पूरे देश में चांद का हुआ दीदार, ईद आज

**पटना (नि.सं.)।** राजधानी पटना समेत पूरे देश में बुधवार को ईद का चांद देखा गया। आज ईद मनाई जाएगी। चांद का दीदर होते ही सभी ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दिया और ईद की तैयारी में जुट गए। रमजान के बाद शव्वाल के चांद दिखने के बाद को ईद-उल-फितर त्योहार मनाया जाता है। बिहार, झारखंड, ओडिशा व पश्चिम बंगाल के मुस्लिम एदारा इमारत-ए-शरिया व खानकाह मुजिबिया फुलवारीशरीफ की ओर से भी चांद देखे जाने की पुष्टि की गयी है। तमाम हिन्दुस्तानवासियों को ईद की मुबारकबाद पेश की गयी। शांति, सौहार्द व भाईचारगी के साथ ईद मनाने की अपील की गयी।

## आईपीएस आदित्य का निलंबन 6 महीने बढ़ा, दयाशंकर का निलंबन हुआ समाप्त

**निज संवाददाता | पटना**



भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के मामले में बेउर जेल में बंद गया के पूर्व एसएसपी आदित्य कुमार का निलंबन छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। वहीं, करीब डेढ़ साल तक निलंबित रहे पूर्णिया के तत्कालीन एसपी दयाशंकर का निलंबन गृह विभाग ने समाप्त कर दिया है। निलंबन समीक्षा समिति की बैठक में इससे संबंधित निर्णय लिये जाने के बाद गृह विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। बिहार कैडर के 2011 बैच के आइपीएस आदित्य कुमार पर अपने लाभ के लिए दोस्त को फर्जी न्यायाधीश बनाकर तत्कालीन डीजीपी एसके सिंघल को पैरवी वाला फोन कराने का आरोप है। इस मामले की जांच आर्थिक अपराध इकाई कर रही है। मामले में आदित्य 18 अक्टूबर 2022 से ही निलंबित चल रहे हैं। तब से उनका निलंबन तीन बार बढ़ाया जा चुका है। वह करीब आठ माह तक अपने कार्यालय से भी गायब थे। उनके विरुद्ध इओयू चार्जशीट समर्पित कर चुकी है। विभाग ने बताया है कि 2014 बैच के आइपीएस दयाशंकर के विरुद्ध दर्ज कांड का अनुसंधान जारी है। अभी तक आरोपित पदाधिकारी के द्वारा साक्ष्यों से छेड़-छाड़ किए जाने या जांच प्रक्रिया को प्रभावित करने से जुड़ी कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। इसी कारण उनका निलंबन दस अप्रैल के प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। मालूम हो कि विशेष निगरानी इकाई ने आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्णिया के तत्कालीन एसपी दयाशंकर के विरुद्ध अक्टूबर 2022 में उनके ठिकानों पर छापेमारी की थी। इधर, पटना सिटी के तत्कालीन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अमित शरण के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही चलेगी। इसके लिए पटना के डीएसपी मुख्यालय अनिल कुमार सिंह को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नामित किया गया है। गृह विभाग ने इससे जुड़ा संकल्प भी जारी कर दिया है।

## कराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे पवन सिंह, उपेंद्र कुशवाहा और राजाराम सिंह को देंगे टक्कर

- **बीजेपी ने आसनसोल से एसएस अहलुवालिया को दिया टिकट**

**निज संवाददाता**



पवन सिंह | उपेंद्र कुशवाहा | राजाराम सिंह

**काराकाट (रोहतास)।** भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। काराकाट से एनडीए ने उपेंद्र कुशवाहा तो महागठबंधन ने भाकपा (माले) के राजाराम सिंह को उम्मीदवार बनाया है। अब इस सीट से पवन सिंह ने चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। लिहाजा अब काराकाट सीट पर भी रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। पवन सिंह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा-'माता गुरुतरा भूमेरू' अर्थात माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती है और मैंने अपनी मां से वादा किया था कि इस बार चुनाव लड़ूंगा। मैंने निश्चय किया है कि मैं 2024 का लोकसभा चुनाव काराकाट से लड़ूंगा। दरअसल, पवन सिंह आरा के काराकाट से चुनाव लड़ना चाहते थे। इसे लेकर उन्होंने दिल्ली में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी, लेकिन एनडीए ने यहां से उपेंद्र कुशवाहा को अपना प्रत्याशी बनाया है। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने बुधवार को 10वीं लिस्ट जारी की है। पश्चिम बंगाल के आसनसोल सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री एसएस अहलुवालिया को टिकट दिया गया है। आसनसोल से पहले भोजपुरी सिंगर पवन सिंह को टिकट दिया गया था, लेकिन उन्होंने इस सीट से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। अहलुवालिया 2019 में दुर्गापुर से चुनाव जीते थे। 2014 में वे दार्जिलिंग सीट से भी सांसद रह चुके हैं। अभी तक चर्चा सिर्फ पूर्णिया की थी। यहां से तीन बड़े चेहरे एक दूसरे के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरेंगे। ऐसा ही कुछ अब काराकाट सीट पर भी देखने को मिलेगा। दरअसल, पहले यहां से एनडीए के उपेंद्र कुशवाहा और माले प्रत्याशी राजाराम सिंह के बीच मुकाबला था। इस बीच पवन सिंह ने काराकाट से चुनाव लड़ने का ऐलान कर इस सीट पर मुकाबला रोमांचक बना दिया है।

काराकाट सीट पर अभी जेडीयू के महाबली सिंह सांसद हैं। उन्होंने उपेंद्र कुशवाहा को हराया था। महाबली सिंह को 3 लाख 98 हजार 408 वोट और उपेंद्र कुशवाहा को 3 लाख 13 हजार 866 वोट मिले थे। वहीं इससे पहले 2014 लोकसभा चुनाव में उपेंद्र कुशवाहा ने यहां जीत दर्ज की थी।

## 16 अप्रैल को गया और पूर्णिया में गरजेंगे पीएम नरेन्द्र मोदी

**निज संवाददाता | पटना**



देशभर में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में अब महज 9 दिनों का समय शेष है। पहले चरण में बिहार की चार लोकसभा सीटों पर मतदान होने हैं। ऐसे में इन सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए एनडीए के घटक दलों के तमाम बड़े नेता बिहार दौरे पर आ रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी आगामी 16 अप्रैल को गया के साथ ही पूर्णिया में भी सभा करेंगे। सुबह 10.30 बजे पीएम मोदी गया आएंगे और उसके बाद पूर्णिया पहुंचेंगे। मोदी गया में पूर्व सीएम जीतनराम मांझी के साथ ही पूर्णिया में संतोष कुशवाहा के समर्थन में रैली करेंगे। वहीं, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ भी 15 अप्रैल को नवादा में जनसभा करेंगे। वह डॉ. विवेक ठाकुर के समर्थन में प्रचार करेंगे। इससे पहले केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 14 अप्रैल को जमुई में लोजपा कैंडिडेट अरुण भारती के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। जबकि आज केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। मालूम हो कि, लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है। इसमें नवादा के साथ ही जमुई, गया और औरंगाबाद में मतदान होना है। इन चारों सीटों पर फ़िलहाल भाजपा और एनडीए के घटक दलों का कब्जा है। इस बार जमुई में लोजपा (रामविलास), गया में हम और औरंगाबाद तथा नवादा में भाजपा के उम्मीदवार हैं। एनडीए ने इसी क्रम में अपने स्टार प्रचारकों को चुनाव मैदान में उतारने का फैसला लिया है और राजनाथ सिंह, योगी आदित्यनाथ, अमित शाह और नरेंद्र

## क्रिप्टो करेंसी के नाम पर दो करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, सरगना गिरफ्तार

**निज संवाददाता | दरभंगा**



दरभंगा में फर्जी क्रिप्टो करेंसी कंपनी के नाम पर 2 करोड़ से ज्यादा की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने ठगी गिरोह के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर उसके खाते की जांच कर करोड़ों रुपये के लेनदेन का मामला पकड़ा है। ठगी गिरोह का मास्टरमाइंड बेगूसराय जिले के पश्चिम अमरपुर निवासी अजय कुमार राय है। इसके साथ मधुबनी जिले के बिस्फी थाना निवासी नीतेश कुमार झा और एक अन्य को नामजद किया गया है।


### 7 महीने में पैसे चार गुना

गिरफ्तार और नामजद पर डब्ल्यूईएफएल कंपनी के माध्यम से सात महीने में पैसा चार गुना करने का झांसा देकर, दो करोड़ से अधिक की ठगी करने का आरोप है। जानकारी देते हुए नगर पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने कहा कि पिछले साल अक्टूबर में साइबर थाना में एक मामला दर्ज हुआ था। जिसमें आवेदक विवेकानंद महाराज ने कहा कि अजय कुमार राय और नितेश कुमार ने उसे कंपनी ने निवेश कर 7 महीने में चार गुना का प्रलोभन देकर 1 लाख रुपया ठग लिया।

### ठगी के लिए बनाया फर्जी वेबसाइट

नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन लोगों ने इस षड्यंत्र को अंजाम देने के लिए एक वेबसाइट बनवाया था। यह कहते थे कि इसमें आप अपने रुपये का इन्वेस्ट करें, आपका रुपया डॉलर के माध्यम से प्रतिदिन बढ़ता दिखेगा। काफी लोगों ने उनके इस झांसे में आकर अपना पैसा लगाया और वेबसाइट पर उनका रुपया बढ़ता नजर आया।

### केजरीवाल को बड़ा झटका, मंत्री राजकुमार आनंद ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली (ए.)।** मुसीबतों से घिरे अरविंद केजरीवाल को एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। दिल्ली सरकार में मंत्री राजकुमार आनंद ने बुधवार को अरविंद केजरीवाल को बड़ा झटका देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राजकुमार ने इस दौरान आम आदमी पार्टी पर भ्रष्टाचार का आरोप भी लगाया है। राजकुमार आनंद ने कहा कि आम आदमी पार्टी का जन्म भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से हुआ था, लेकिन आज यह पार्टी खुद भ्रष्टाचार के दलदल में फंस गई। मेरे लिए मंत्री पद पर रहकर इस सरकार में काम करना असहज हो गया है।

## बिहार में आज से तीन दिन बारिश का यलो अलर्ट

**निज संवाददाता | पटना**



पटना समेत पूरे बिहार का मौसम आज शुष्क और साफ रहेगा। 11 अप्रैल को पटना समेत 21 जिलों में एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश, मेघ गर्जन और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने को लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की ओर से बिहार के विभिन्न जिलों में 11, 12 और 13 अप्रैल को बारिश होने की संभावनाएं जताई गई है। 11 अप्रैल को पटना, नालंदा, शेखपुरा, बेगूसराय, लखीसराय, नवादा, जहानाबाद, गया, भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर, खगड़िया, बक्सर, भोजपुर, अरवल, रोहतास और भभुआ, औरंगाबाद जिले में एक-दो स्थानों में मौसम में बदलाव होगा।

वहीं, 12 अप्रैल को उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य, दक्षिण-पूर्व, दक्षिण-पश्चिम भागों के एक-दो स्थानों और 13 अप्रैल को उत्तर-पश्चिम, दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-मध्य बिहार के एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। मंगलवार को शेखपुरा का अधिकतम तापमान 41 डिग्री के करीब दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में शेखपुरा जिला सबसे गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसके अलावा औरंगाबाद 40.2 डिग्री, गया 39.4 डिग्री, पटना 38 डिग्री, जमुई 39 डिग्री, खगड़िया 39.4 डिग्री, बांका 38.4 डिग्री। इसके अतिरिक्त अन्य सभी जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के नीचे दर्ज किया गया है।

### तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की होगी बढ़ोतरी

मौसम विभाग के अनुसार अब भी असम के ऊपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। वहीं पछुआ और पुरवैया हवा भी चल रही है। अगले 5 दिन में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी की संभावना है। मंगलवार को पटना का अधिकतम तापमान 38 डिग्री दर्ज किया गया। उत्तर-पश्चिम भारत में 12 अप्रैल को फिर पश्चिमी विक्षोभ की एंट्री होने वाली है।


BAYC Institute
स्थापित : 1972

# बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

**डॉक्टर बनें** एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### बिना अनुमति डीजे बजाया तो होगी कार्रवाई, थानाध्यक्ष

**नरहट।** थाना परिसर में बुधवार को थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह ने प्रखण्ड क्षेत्र के डीजे संचालकों के साथ बैठक का आयोजन किया। बैठक में उपस्थित डीजे संचालको से थानाध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से यह बताया कि डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा हुआ है।जिले में 19 अप्रैल को प्रथम चरण में लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू है। शादी समारोह के अवसर पर भी डीजे बजाने की अनुमति नही है। थानाध्यक्ष ने डीजे संचालको को हिदायत करते हुए बताया कि आप लोगों को डीजे की बुकिंग नही करनी है। बिना अनुमति के अगर डीजे बजते हुए पकड़ा गया तो डीजे को जप्त कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं आयोजनों के लिए नियमानुसार अनुमति लेने सम्बन्ध में जानकारी दी गई। डीजे संचालकों ने भी जारी निर्देश का पालन करना का भरोसा दिलाया। मौके पर प्रखण्ड क्षेत्रों के दर्जनों डीजे संचालक मौजूद थे।

### सड़क हुआ बदहाल, पैदल चलना भी दूभर

**नारदीगंज।** नारदीगंज अब्दलपुर सड़क मार्ग बदहाल है। इस मार्ग से वाहन तो क्या,पैदल भी चलना दूभर हो गया है। यह सड़क मार्ग राजगीर बोधगया राजमार्ग से जुड़ा हुआ है,जो नारदीगंज थाना के समीप से अब्दलपुर गांव जाने वाली मार्ग में जुड़ा हुआ है। इस मार्ग का निर्माण हुए तकरीबन पांच वर्ष बीत चुके हैं, इस दौरान कई बार सड़क की हालत खराब हुई है। फिलहाल तो स्थित यह है कि सड़क कई जगहों पर गढ्ढे में तब्दील हो चुका है। जो बड़े हादसे का गबाह बन सकता है। इस सड़क मार्ग में बीआरसी भवन,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अंचल कार्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय,पावरग्रिड आदि सरकारी संस्थान है। इसके अलावा अब्दलपुर समेत कई गांव के ग्रामीणों का आवागमन का मुख्य मार्ग है। हालत तब भयावह हो जाती है, जब एम्बुलेंस व अन्य वाहनों पर मरीज अस्पताल ले जाने वक्त वाहन हिचखोले खाकर गुजरती है, तब लोग अपने इष्टदेव को याद कर पार करते हैं। इसके अलावा छोटी बड़ी वाहन भी आये दिन गुजरती है।स्कूली बच्चों के साथ आम राहगीरों को परेशानी बढ़ी हुई है। स्थानीय लोगों में कृष्ण कुमार,अखिलेश कुमार सुमन, अजय सिंह, राणा प्रताप सिंह,पिंटू शर्मा समेत अन्य लोगों ने सड़क की मरम्मत करने की आवाज बुलंद किया है,ताकि आम लोगों को आवागमन में सुविधा हो सके।

### अर्द्ध सैनिक बल तीन कम्पनी नारदीगंज पहुंची

**नारदीगंज।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन चुस्त दुरुस्त व्यवस्था करने के लिए कटिबद्ध है। आगामी 19 अप्रैल 2024 को नवादा लोकसभा चुनाव है। शांति पूर्ण और निष्पक्ष व भयमुक्त चुनाव कराने के उद्देश्य से नारदीगंज में बुधवार को अर्द्ध सैनिक बल की तीन कम्पनी पहुंच गई है। उन सभी को चयनित भवन में आवासीय व्यवस्था ठहरने के लिए की गई है।थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने कहा शांति पूर्ण व भयमुक्त वातावरण में चुनाव होगा,अर्द्ध सैनिक बल की तीन कम्पनी आयी है,दो अर्द्ध सैनिक बल कम्पनी को और यहां आना है।

### बगैर कार्य कराये खाते में राशि भेजने की समाहर्ता से शिकायत

**नवादा।** जिले के सदर प्रखंड क्षेत्र झुनाठी पंचायत अषाढ़ी टोला करमचक के ग्रामीणों ने बगैर कार्य कराये खाते में राशि भेजने का आरोप लगाया है। इस बात समाहर्ता को आवेदन देकर मामले की जांच कर सरकारी राशि की होने वाली बंदरबांट पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ममता कुमारी, मनोज कुमार, सुबोध कुमार, सत्यम कुमार आदि का आरोप है कि मुखिया व रोजगार सेवक की मिलीभगत से अषाढ़ी टोला करमचक बड़की आहर में बगैर कार्य कराये अधिकारियों की मिलीभगत से राशि की निकासी करा ली है। मजदूरों की राशि उनके बैंक खाते में डाल राशि निकासी का दबाव बना रहे हैं। बगैर कार्य कराये राशि मजदूरों के खाते में डालने से मजदूर राशि निकासी कर मुखिया व रोजगार सेवक को देने से इंकार कर रहे हैं। ऐसे में मारपीट की संभावना उत्पन्न होने लगी है। आवेदकों ने समाहर्ता को आहर को वीडियो उपलब्ध कराते हुए राशि की होने वाली बंदरबांट पर रोक लगा दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। बता दें जिले में मनरेगा में अनियमितता थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस प्रकार के सैकड़ों मामले समाचार पत्रों की सुर्खियों में छाये रहने के बावजूद जांच के नाम पर खानापूर्ति कर मामले को दबाया जाता रहा है। ऐसे में अधिकारियों से उम्मीद बेमानी सिद्ध हो रही है।

### चैती छठ पर्व को झिकरुआ सूर्यनारायण सज धज कर तैयार, नहाय खाय कल

**नरहट(नवादा)।** हिसुआ खनवां पथ पर सड़क किनारे झिकरुआ गांव स्थित प्रसिद्ध सूर्यनारायण मंदिर में धूमधाम से चैती छठ महापर्व की तैयारी की जा रही है। छठ पर्व को लेकर मंदिर को रंग विरंगे बल्व से सजाया गया है। मंदिर के चारो तरफ लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर में बने विशाल तालाब को दो समरसेबल मोटर के सहारे साफ पानी लबालब भरा गया है। मंदिर कमिटी के अध्यक्ष जे के सिंह ने बताया कि छठ पर्व में सेवा भावना से सन्त निरंकारी मिशन ब्राँच हिसुआ के सेवादल के करीब साठ की संख्या में भाई बहन ने ब्राँच के मुखी मदन शर्मा के नेतृत्व में मंदिर परिसर एवं तालाब की साफ सफाई का काम किया। अध्यक्ष ने बताया कि काफी उत्साह के साथ सेवा भावना से सेवादल से जुड़े लोंगो ने मंदिर और तालाब की सफाई किया। अध्यक्ष ने इस कार्य के लिए निरंकारी मिशन से जुड़े सेवादल की तारीफ की और कहा कि निरंकारी सदगुरु का मिशन से जुड़े लोग ईमानदारी पूर्वक आदेश निर्देश का पालन कर रहे हैं जो काबिले तारीफ है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को नहाय खाय के चैती छठ महापर्व का शुरुआत हो जाएगा। शनिवार को लोहंडा और रविवार को पहली डूबते सूर्य को अर्घ और सोमबार सुबह उगते सूर्य देवता को अर्घ दान दिया जाएगा। आपको बताते चलें कि क्षेत्र का प्रसिद्ध झिकरुआ सूर्य मंदिर में छठ पर्व के लिए आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों लोग छठ पर्व के लिए झिकरुआ मन्दिर पहुचते हैं। छठ पर्व में मन्दिर परिसर में मेला जैसा दृश्य देखने को मिलता है। श्रृंगार दुकान, चाट, गोलगप्पा, झूला आदि की दुकानें सजायी जाती है। चैती छठ पर्व को लेकर क्षेत्र में उत्साह देखा जा रहा है। झिकरुआ सूर्यनारायण मंदिर पर्यटन स्थल में शामिल है इसलिए मंदिर परिसर में शौचालय, चेंजिंग रूम आदि की व्यवस्था बनी हुई है। तालाब में व्रतियों के सुविधा के लिए सीढ़ी बनी हुई है जिससे अर्घ्य देने में सहूलियत होती है। मंदिर कमिटी के लोग छठ पर्व के लिए आये श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसका पूरा ख्याल रखते हैं।

### विंग कमांडर रणजीत को धमकी दिया जाना शर्मनाक

**बीहट (बेगूसराय)।** बीहट निवासी विंग कमांडर रणजीत कुमार सेवा निवृत देशभक्त,वतन की हिफाजत करने वाले सैन्य पदाधिकारी को भाजपा आई.टी. सेल के द्वारा फेसबुक पर जान से मारने की धमकी देने की निंदा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी,राष्ट्रीय जनता दल सहित महागठबंधन में शामिल सभी दल करती है।ये बातें प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सीपीआई जिला मंत्री अवधेश राय तथा राजद जिलाध्यक्ष मोहित यादव ने संयुक्त रूप से कहा है।सीपीआई जिला मंत्री अवधेश राय एवं राजद जिलाध्यक्ष मोहित यादव ने संयुक्त बयान में कहा कि हम सब इस सैनिक पदाधिकारी की जान-माल की हिफाजत के लिए हर तरह की कुर्बानी देने के लिए तैयार हैं।मुख्य चुनाव आयुक्त,भारत निर्वाचन आयोग से अपील है कि विंग कमांडर रणजीत को जान से मारने की धमकी देने वाली भाजपा पार्टी के आईटी सेल को संरक्षण देनेवाले के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाय।नेता द्वय ने संयुक्त बयान में कहा भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लागू आचार संहिता के निर्देशों के उल्लंघन के अपराध में किसी ऐसी हरकत करने वालों पर तुरंत कार्रवाई नहीं करने पर चुनाव का माहौल नियंत्रण के बाहर हो जाने का खतरा है।इस घटना को लेकर दोनों पार्टियों ने बिहार निर्वाचन आयोग,जिला निर्वाची अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन को इस गंभीर मामले का संज्ञान लेने की अपील की है।

# फुलवरिया डैम में फ्लोटिंग सोलर प्लांट से सस्ती होगी बिजली

- पैदा होनेवाली सोलर पावर की खरीद करेगी सरकार
- 25 वर्षों के लिए किया जा रहा है समझौता

निज संवाददाता। **रजौली**



प्रखण्ड क्षेत्र के हरदिया पंचायत स्थित फुलवरिया डैम में ग्रिड कनेक्टेड फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट की स्थापना होगी।फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट से नियमित रूप से 10 मेगावाट बिजली का उत्पादन सुनिश्चित होगा।सोलर प्लांट की स्थापना रेस्को मोड में होगी यानि निजी या सरकारी एजेंसी इसका निर्माण कर बिजली का उत्पादन करेगी और बिजली आपूर्ति कंपनियां संबंधित एजेंसी से बिजली की खरीद करेगी।प्लांट से उत्पादित सोलर बिजली 3.87 रुपये प्रति किलोवाट की दर से डिस्कॉम्स को मिलेगी।बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने रेस्को मोड में सोलर प्लांट की स्थापना और निर्धारित दर पर बिजली खरीद को लेकर लंबी अवधि का समझौता किये जाने की मंजूरी दे दी है।

**सोलर प्लांटों की स्थापना को जेनरेशन कंपनी बनी नोडल एजेंसी:-** बिजली कंपनी ने बताया कि बिहार में कई जगहों पर ग्राउंड माउंटेड व फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांटों की स्थापना का प्रस्ताव है। इसके लिए सर्वे की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है और जल्द ही इस पर काम शुरू होगा।सोलर पावर प्लांटों से उत्पादित बिजली थर्मल यूनिटों के मुकाबले काफी सस्ती होगी और कार्बन फुट प्रिंट से मुक्त होगी।ऊर्जा विभाग ने विभिन्न जल निकायों में एक मेगावाट से अधिक के सोलर पावर प्लांटों की स्थापना को लेकर बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड को नोडल एजेंसी बनाया है। इसके साथ ही बेकार व बंजर जमीन पर एक मेगावाट से अधिक के ग्राउंड माउंटेड सोलर पावर प्लांट की स्थापना और एक मेगावाट से अधिक के बायोमास व बैगेस पावर प्लांट की स्थापना को लेकर भी जेनरेशन कंपनी ही कार्यकारी एजेंसी बनायी गयी है।

**25 वर्षों की लंबी अवधि को लेकर होगा खरीद समझौता:-** विनियामक आयोग की मंजूरी के बाद अब अब फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट निर्माण को लेकर सफल बोली लगाने वाली एजेंसी और डिस्कॉम्स के बीच पावर परचेज एग्रीमेंट का रास्ता साफ हो गया है।बिजली कंपनियां 25 साल की लंबी अवधि के लिए बिजली खरीद का समझौता करेगी।इससे डिस्कॉम्स को रिन्युएबल पावर ऑब्लिगेशन (आरपीओ) यानि नवीकरणीय ऊर्जा खरीद की बाध्यता के लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी।बता दें इसके पूर्व रजौली में न्यूक्लियर बिजली पावर प्लांट की योजना थी।फुलवरिया जलाशय में पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता नहीं रहने के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। अब सोलर पावर बिजली उत्पादन की ओर सरकार ने कदम बढ़ाया है।इसके धरातल पर उतरने से न केवल रजौली बल्कि आसपास के नागरिकों को इसका लाभ मिलने की संभावना है।

**क्या कहते हैं सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता :-** इस बाबत पर सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता सुशील प्रकाश ने बताया कि हमारे द्वारा एनओसी दिया गया है।फ्लोटिंग सोलर प्लांट के लिए 30 से 35 एकड़ क्षेत्रफल की मांग की गई थी।जो कि मंजूर कर दिया गया है।

## विदेशी शराब के साथ एक युवक को उत्पाद पुलिस ने किया गिरफ्तार,भेजे गए जेल

### 14 शराब पीने वाले भी चढ़े उत्पाद विभाग के हत्थे

निज संवाददाता। **रजौली**




थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी से उत्पाद एएसआई राकेश कुमार ने विदेशी शराब के साथ बस से सफर कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया।वहीं विभिन्न वाहनों से शराब पीकर बिहार प्रवेश करने वाले कुल 14 लोगों को भी हिरासत में लिया गया।जांच चौकी प्रभारी सह उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने कहा कि बिहार मद्दनिषेध एवं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रत्येक दिन चौबीसों घण्टे झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है।साथ ही सफर करने वाले संदिग्ध लोगों का ब्रेथ एनालाइजर की मदद से शराब पीये होने की जांच की जाती है।उन्होंने कहा कि बीते रात्रि बिहार को जाने वाली एक बस की जांच के दौरान एक युवक के पास से आफ्टर डार्क नामक व्हिस्की के 375 एमएल के चार बोतल बरामद किया गया।गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान नालंदा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र में मख़री गांव निवासी बच्चु दास के पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई है।वहीं मंगलवार की शाम से लेकर बुधवार की सुबह तक विभिन्न वाहनों से कुल 14 शराबियों को भी हिरासत में लिया गया।

उत्पाद एसआई ने कहा कि शराब के साथ गिरफ्तार युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।जबकि शेष शराब पीने वाले लोगों को न्यायालय में पेश किया गया।जहां सभी से जुर्माना राशि वसूल कर छोड़ दिया गया।जांच के मौके पर एएसआई पंचम लाल धीरज,उत्पाद सिपाही,सैप बल एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

### तीन बच्चों के पिता प्रेमिका के साथ हुआ फरार, विवाहिता के शिकायत पर प्रेमी प्रेमिका को किया गिरफ्तार



निज संवाददाता। **छौराही बेगूसराय**

थाना क्षेत्र के शाहपुर पंचायत के वार्ड संख्या एक से अजीबो गरीब खबर प्रकाश में आया है जो शर्मसार कर रहा है। तीन बच्चों के बाप एक बच्चे की मां प्रेमिका के जाल में फंसकर फरार हो गया। जानकारी देते ग्राम पंचायतशाहपुर वार्ड संख्या एक निवासी स्वर्गीय दिलीप दास की पुत्री चांदनी कुमारी ने बताया कि तकरीबन 6 वर्ष पूर्व मेरी शादी गढ़पुरा गांव निवास मुसहरु दास के पुत्र धर्मेंद्र दास से हिंदू रीति रिवाज के अंतर्गत हुई थी। मेरे मन को मेरे सिवा और संतान नहीं था मैं अपने मायके में बस गई और इधर हमारे पति का चक्कर समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर थाना अंतर्गत नरहन स्टेट वार्ड संख्या तीन निवासी छेदी दास की पुत्री लक्ष्मी कुमारी के साथ चलने लगा। जबकि उसे भी एक पुत्र है अपने पुत्र और पुत्री का का परवाह नहीं करते हुए इश्क में पागल होकर प्रेमिका के साथ फरार हो गया इसकी सूचना हमने छौराही थाना मैं दिया। वहीं प्रेमिका लक्ष्मी कुमारी ने अपने परिवार वालों पर आरोप लगाते कहा कि मेरी मर्जी के बगैर मेरी शादी जागरण करवा दिया कई वर्षों से इसके साथ मेरा प्रेम प्रसंग चल रहा था यहां तक की हम दोनों कई बार संपर्क में भी आए हैं इसके बिना नहीं हम जिंदा रह सकते हैं।

# दुर्गन्ध युक्त स्थान में चैती छठव्रती एवं श्रद्धालुओं को होगी परेशानी

निज संवाददाता। **रजौली**

### अबतक नहीं शुरू हुई साफ-सफाई




नगर पंचायत क्षेत्र के धनार्जय नदी घाट गंदगी एवं दुर्गंध से पटा हुआ है।जिसके कारण लोक आस्था के महापर्व चैती छठ में छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होगी।लोगों नर कहा कि नगर पंचायत बनने से पूर्व जब यह ग्राम पंचायत हुआ करता था,तब नदी घाट आदि की साफ-सफाई आठ से दस दिनों पूर्व ही हो जाया करती थी।किन्तु नगर पंचायत बनने के बाद लोगों को अधिक सुविधाएं मिलने के बजाय सुविधाओं में कटौती कर दी गई है।पुरानी पुल के समीप नदी घाट में गंदगी एवं दुर्गंध का इतना भंडार है कि वहां दो मिनट भी खड़ा रहना मुश्किल है।ऐसे में 12 अप्रैल से नहाय खाय के साथ शुरू होने वाले महापर्व में छठव्रती कैसे पूजा हेतु स्नान एवं जल आदि ले जाएंगे,यह सोचनीय है।नगर पंचायत वासियों में चर्चा का विषय बना हुआ है कि चुनाव के वक्त साफ-सफाई एवं नगर क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय की बड़ी-बड़ी बातें कही जाती थी।किन्तु चुनाव खत्म होने के बाद और सभी की तरह जीते हुए जनप्रतिनिधिगण अपने-अपने जेबें भरने में जुटे हुए हैं।जबकि नगर पंचायत में प्रतिदिन बाजार से कचरा उठाकर शहरी क्षेत्र से दूर फेंकने के बजाय नदी घाट में फेंक दिया जाता है,जिसके कारण जल प्रदूषण के साथ-साथ वायु भी प्रदूषित हो रहा है।इस वजह से नगर पंचायत वासी प्रदूषित वातावरण में जीने को मजबूर हैं।कुछ लोगों का कहना है कि काफी बार शिकायत करने के बाद भी जब किसी के मृत्यु के बाद नदी घाट में दाह-संस्कार के लिए जाते हैं,तो बिना नाक के आगे कपड़ा रखे एकपल भी रुकना मुश्किल होता है।बताते चलें कि नगर निकाय में स्वच्छता सबसे अहम मुद्दा होता है,किन्तु नगर पंचायत के लचर-पचर व्यवस्था के कारण योजनाओं की स्वीकृति एवं वार्षिक बजट के पैसों का दुरुपयोग बेरोकटोक जारी है।कई लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि जब समय नजदीक आएगा तो जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारीगण जेसीबी मशीन की मदद से 8 से 10 घण्टे जेसीबी चलाकर जैसे-तैसे साफ-सफाई करवाकर खानापूर्ति कर देंगे।

**क्या कहते हैं नगर पंचायत पदाधिकारी -** इस बाबत पर नगर पंचायत पदाधिकारी राजेश ने कहा कि धनार्जय नदी छठ घाट की सफाई हेतु नगर पंचायत कर्मियों को जेसीबी मशीन की सहायता से सफाई करने को निर्देशित किया गया है। जल्द ही छठ घाटों की सफाई करवा दी जाएगी।

# 12 को नवादा आएंगे तेजस्वी, आईटीआई मैदान में करेंगे चुनावी जनसभा को करेंगे सम्बोधित

निज संवाददाता। **नवादा**



39- नवादा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव की तिथि नजदीक आती जा रही हैं राजनैतिक दलों के स्टार प्रचारक अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोटिंग कराने को लेकर धुआँ धार दौरा कर रहें हैं. वीते सात अप्रैल को प्रधान मंत्री भी नवादा पहुंच चुके हैं. चुनावी समर में सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नवादा में जनसभा का आयोजन हुआ, उसके तुरंत बाद ही प्रधानमंत्री को जवाब देने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का आगमन 12 अप्रैल को नवादा के आईटीआई मैदान में होने जा रहा है। तेजस्वी यादव के साथ वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी भी साथ रहेंगे। पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव नवादा के आईटीआई मैदान में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। साथ ही नवादा लोकसभा के राजद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा के लिए जिला वासियों से वोट मांगेगे। तेजस्वी यादव के नवादा आगमन पर राजद सहित महागठबंधन के नेता और कार्यकर्त्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। राजद जिलाध्यक्ष उदय कुमार यादव ने बताया कि 12 अप्रैल को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव नवादा लोकसभा क्षेत्र वासियों को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि सरकारी आईटीआई के मैदान में उनके आने की तैयारी में कार्यकर्त्ता जुट गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा अपने तूफानी क्षेत्र दौरा के दौरान लोगों से 12 अप्रैल को तेजस्वी यादव के जनसभा में आने का न्यौता दे रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पार्टी के हर पदाधिकारी नवादा संसदीय क्षेत्र में दौरा करने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के हर बातों का जवाब तेजस्वी यादव नवादा की धरती पर देने का काम करेंगे और लोगों को घर के बेटा के पक्ष में मतदान करने का अपील करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित सरकारी आईटीआई के मैदान जनसभा तक आने वालों के लिए बेहतर इंतजाम किया जा रहा है, ताकि इस भीषण गर्मी में आने वालों को कोई परेशानी न हो।

## जबतक मनुष्य की कृति जिंदा रहती है, मनुष्य मर कर भी अमर रहती है– राजकुमार

निज संवाददाता। **बेगूसराय**

जिला अंर्तगत बरौनी प्रखण्ड के सहुरी ग्राम निवासी बिहार सरकार के जलसंसाधन विभाग के मुख्य अभियंता चंद्र शेखरपासवान जी की श्रद्धांजली सह चौरासी भोज समारोहआयोजितकीगई। जिसकी अध्यक्षता सेवा निवृत्त शिक्षक महेश्वर पासवान एवं मंच संचालन भोपाशारापा अंबेडकर इंटरनेशनल फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ० सुधीर पासवान ने किया। जिसमें बेगूसराय सांसद सह केन्द्रीय मंत्री माननीय गिरिराज सिंह, बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, बेगूसराय विधायक कुंदन सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष,सुरेंद्र पासवान, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष, रामरतन सिंह, बेगूसराय सांसद प्रतिनिधि, अधिवक्ता अमरेंद्र कुमार अमर, वैश्य, दलित, पिछड़ा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० राजकुमार आजाद, अमीरा हास्पिटल के निदेशक डॉ० संजय कुमार, सेवा निवृत्त उपकुलपति अर्जुन पासवान, द्विय सेवा निवृत्त समाहरणालय अधीक्षक , रामसुमरन पासवान एवं घनश्याम पासवान, पासवान समाज का वरिष्ठ नेतृत्वकर्ता मकसुदन पासवान मकखी, सियाराम पासवान, जयशंकर चौधरी, स्थानीय मुखिया, जय जय राम सहनी, विनय सिंह, शिवशंकर मिश्र, अखिलेन्द्र पाठक, नित्यानंद सिंह, केदार पासवान, अमरेश पासवान, अशोक पासवान के अलावे अन्य लोगों ने भी स्वर्गीय अभियंता चंद्रशेखर पासवान के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर अपने - अपने विचारों का उद्धबोधन किया। डा0 राजकुमार आजाद ने संबोधित करते हुए कहा कि " जबतक मनुष्य की कृति जिन्दा रहती है, मनुष्य मरकर भी अमर रहता है और बगैर कृति का मनुष्य जिन्दा रहकर भी लाश के समान रहता है।

# गोली मारकर एक व्यक्ति को घायल कर दिया गया

निज संवाददाता। **बरौनी बेगुसराय**

अपराधियों ने बीते देर शाम मोटरसाइकिल सवार एक युवक को गोली मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया।घायल व्यक्ति की पहचान फुलवरिया थाना क्षेत्र के मालती ग्राम निवासी बलराम चौधरी के पुत्र 23 वर्षीय कृष्ण कुमार चौधरी उर्फ सोनू के रूप में की गई है। बरौनी थाना से पश्चिम मोती चौक के पासव घात लगाए हुए अपराधियों ने मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति को गोली मार दी। गोली लगते ही घायल व्यक्ति नीचे गिर गया। गोली बाये जाघ में लगने से पांव का एक नस बुरी तरह से नष्ट हो गया है। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। लेकिन तब तक गोली चलाने वाला अपराधी भागने में सफल रहा।घायल व्यक्ति की पहचान फुलवरिया थाना क्षेत्र के मालती ग्राम निवासी- स्वर्गीय बलराम चौधरी के पुत्र 23 वर्षीय कृष्ण कुमार चौधरी उर्फ सोनू की रूप में की गई है। घायल को तत्क्षण बरौनी के एक निजी क्लीनिक में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। घायल की स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे तत्क्षण रेफर कर दिया । निजी क्लीनिक के डॉक्टर के अनुसार गोली बाईं जांघ में लगने से मुख्य नस कट गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे बेगूसराय रेफर कर दिया गया है। जहां उसकी स्थिति नाजुक बताई जाती है। बरौनी थाना पुलिस के अनुसार जांच जारी है अपराधियों की शीघ्र पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

# एनएसएस के द्वारा आरसीएस कॉलेज मंझौल में सफाई एवं वृक्षारोपण अभियान

निज संवाददाता। **मंझौल, बेगूसराय**




10 अप्रैल बुधवार को को राम चरित्र सिंह महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के पुरुष एवम महिला इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई एवम वृक्षारोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने परिसर में फैले प्लास्टिक के टुकड़े को इकट्ठा कर डस्टबिन में डालकर अन्य छात्र छात्राओं को कूड़ेदान का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विजयमल बैठा और डॉ. विजय कुमार पासवान के कर कमलों से दो महुए का पेड़ लगाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ कृष्ण कुमार पासवान ने वृक्षारोपण के लिए महुए के पेड़ के चयन के पीछे की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मध्य भारत को गोंडवाना लैंड भी कहा जाता है जहां गोंड जनजाति की बहुलता है। इनकी लोक कथाओं में यह प्रचलित है कि जब पृथ्वी पर मनुष्य का अस्तित्व आया तो महुआ पहला फल था जिसे आदिम मनुष्य ने खाया था। गोंडी भाषा में महुआ को किया कहा जाता है इसलिए इनका आदि धर्म कोयापुनेम के नाम से जाना जाता है। साथ ही प्रकृति में लगभग सभी पेड़ एक फल देता है परंतु महुआ एक ऐसा पेड़ है जिसमें हर वर्ष दो फल लगते हैं। महुआ की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसके फल में सर्वाधिक कार्बोहाइड्रेट की मात्रा पाई जाती है। यही वजह है कि प्राचीन काल से ही इसका प्रयोग यहां के लोग अनेक तरह के खाद्य के रूप में प्रयोग करते आएं हैं। इस अवसर पर आज के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. विजय कुमार पासवान ने प्रकृति में वृक्ष की महत्ता को जीवन से जोड़ कर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। एनएसएस के इकाई 2 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामनंदन प्रसाद सिंह ने विद्यार्थियों को राष्ट्रहित में अपने जीवन के बहुमूल्य समय अर्पित करने को प्रेरित किया। एनसीसी के एन ओ डॉ. रविकांत आनंद ने एनएसएस और एनसीसी के लिए आवश्यक सामग्री जल्द ही महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराने के आश्वासन के साथ इस तरह के कार्यक्रम में जोश के साथ भाग लेने के लिए सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्राथमिक उपचार के बाद चार लोगों को किया गया हायर सेंटर रेफर

# चक्का निकलने से अनियंत्रित होकर पलटा सीएनजी टेंपो, नौ लोग घायल



- भगिनी की शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे चारों

निज संवाददाता

**मोहनिया (कैमूर)।** कैमूर के मोहनिया के पटना मोड़ के पास सीएनजी टेंपो का चक्का निकल जाने से अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे टेंपो में सवार 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मौजूद लोगों ने उनको अनुमंडल अस्पताल मोहनिया में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चार लोगों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। एक परिवार के चार लोग भगिनी की शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। घायलों में रोहतास के तिलौथू थाना क्षेत्र के लेवड़ा गांव निवासी गोपाल सिंह की पत्नी राम सिंगारू देवी, तथा उनके पुत्र धर्मेंद्र सिंह और उनकी पत्नी उर्मिला देवी की पुत्री अन्नी कुमारी शामिल हैं।

कुदरा थाना क्षेत्र के तुर्की फुली निवासी संतोष गुप्ता की पत्नी रूबी देवी, उनके बेटे ऋषभ कुमार, रोहतास के सिमरिया निवासी आजाद सिंह की पुत्री स्नेहलता सिंह तथा नटवार थाना क्षेत्र के खरेही निवासी अशोक सिंह का पुत्र विशाल सिंह, नोखा थाना क्षेत्र के शीतलपुर निवासी ललन प्रसाद की पत्नी सुमित्रा देवी हैं। घायलों ने बताया कि सूरत से मुगलसराय ट्रेन से आए थे, जहां से एक सीएनजी ऑटो रिजर्व किया। टेंपो में सवार होकर लौट रहे थे, तभी पटना मोड़ मोहनिया के पास हादसा हो गया। परिवार रोहतास के तिलौथू थाना क्षेत्र के लेवड़ा में भगिनी की शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था, जिसमें एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## दो पक्षों के बीच मारपीट के बाद फायरिंग, छह लोग घायल

निज संवाददाता

**दिनारा (रोहतास)।** प्रखंड के भानस ओपी क्षेत्र के भानस गांव में मंगलवार को देर शाम दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के दौरान लगभग आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। सभी जख्मियों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दिनारा में कराया गया। मारपीट के दौरान फायरिंग होने की बात बताई जा रही है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मारपीट स्थल से एक खोखा बरामद किया है। इस मामले को लेकर दोनों पक्षों की ओर लगभग दो दर्जन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## किशोर को बेरहमी से पीटकर किया जख्मी, प्राथमिकी दर्ज

**सूर्यपुरा (रोहतास) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के कुसुम्हरा गांव मे शादी की कार्ड बांटने गये किशोर को बेरहमी से पीट जख्मी कर दिया। मामले को लेकर दोनों पक्षो द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। अपर थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि नीलकंठपुर गांव निवासी 17 वर्षीय ओम गिरी, इंदल गिरी के साथ उसके शादी का कार्ड बांटने कुसुम्हरा गांव गया था।

# नारायण स्कूल ऑफ लॉ कॉलेज के छात्र संजीव एवं ऋचा की हुई प्लेसमेंट, संस्थान में हर्ष व्याप्त

- नारायण स्कूल आफ लॉ के सभी शिक्षकों ने संजीव कुमार सिंह को उनकी सफलता और चयन के लिए दी बधाई





निज संवाददाता

**जमुहार (रोहतास)।** गोपाल नारायण सिंह विश्व विद्यालय, जमुहार के अंतर्गत संचालित नारायण स्कूल ऑफ लॉ के बी.बी.ए.एलएल.बी., 2019-24 सत्र के छात्र संजीव कुमार सिंह एवं 2020-23 सत्र एल.एल.बी की छात्रा ऋचा सिंह का प्लेसमेंट मिलने से संस्थान में हर्ष व्याप्त है। संजीव को दिल्ली स्थित लॉ कंपनी जीएसबी एलपीओ सर्विसेज जो लीगल प्रोसेस आउटसोर्सिंग की सेवा प्रदान करने वाली देश की अग्रणी कंपनियों में से एक है, में प्लेसमेंट हुआ है। इस बात की जानकारी देते हुए नारायण स्कूल आफ लॉ के प्लेसमेंट सेल की संयोजिका असिस्टेंट प्रोफेसर शिल्पी साहू ने बताया कि यह कंपनी विधिक एवं पाराविधिक आउटसोर्सिंग की सेवाएं प्रदान करती है। प्रारंभ के दो महीने की अवधि उनकी परिवीक्षा की अवधि होगी। इसके बाद उनके कार्य प्रदर्शन के आधार पर उन्हें नियमित रूप से नियुक्त कर लिया जाएगा। नारायण स्कूल आफ लॉ का प्लेसमेंट सेल अपने छात्रों के कैम्पस प्लेसमेंट के लिए सतत रूप से प्रयत्नशील है। नारायण स्कूल ऑफ़ लॉ के डायरेक्टर, प्रोफेसर डॉ. राकेश वर्मा ने बताया कि संजीव कुमार सिंह का चयन महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल की उपलब्धि है। हम अपने छात्रों के प्लेसमेंट के लिए लगातार क्रियाशील हैं। संजीव कुमार सिंह महाविद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों में से एक रहे हैं और कुछ ही समय पूर्व दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं कंपीटीशन कमिशन आफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रथम मूट कोर्ट प्रतियोगिता में नारायण स्कूल आफ लॉ की जिस टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया था उसका हिस्सा रहे हैं और उसका नेतृत्व किया था। नारायण स्कूल आफ लॉ के सभी शिक्षकों ने संजीव कुमार सिंह को उनकी सफलता और चयन के लिए बधाई दी है। महाविद्यालय की एक और छात्रा रिचा सिंह जो एलएलबी 2020-23 सत्र की छात्रा रही हैं, का प्लेसमेंट हैदराबाद स्थित बी ई आई एन लीगल एलएलपी नाम की विधिक सेवा प्रदान करने वाली कंपनी में लीगल एसोसिएट के पद पर हुआ है।

भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद

# रोहतास पुलिस ने अंतरजिला लूटेरा गिरोह के पांच अपराधियों को किया गिरफ्तार

- सभी का खंगाला जा रहा है आपराधिक इतिहास



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास पुलिस ने अंतर जिला लूटेरा गिरोह के 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसपी विनीत कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि इन अपराधियों के पास से 5 देसी कट्टा, 1 पिस्टल, 1 सिक्सर, 36 जिंदा गोली, 2 खोखा, 2 लैपटॉप, 1 वॉकी टॉकी, 2 वॉकी टॉकी चार्जर, 4 मोबाईल, गैस कटर और सिलेंडर बरामद किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि बीते 24 मार्च को धैडाढ़ थाना क्षेत्र में बाइक सवार अपराधियों ने लूट के दौरान एक व्यवसायी को गोली मार दी थी। इसके बाद इलाज के क्रम में व्यवसायी की मौत हो गई थी। मामले की जांच के लिए एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। अनुसंधान के क्रम में पाया गया कि बकसर के डुमरांव निवासी बिट्टू पासवान उम्र 22 साल, रोहतास के धनकढ़ा गांव निवासी योगेश कुमार और मंदनीपुर निवासी मनोरंजन कुमार घटना में मुख्य आरोपी है।

इसके बाद गुप्ता सूचना पर बिट्टू पासवान, योगेश कुमार और हेमंत कुमार को सासाराम के मुहद्दीगंज मुहल्ले से गिरफ्तार किया गया। यह सभी एक किराए के मकान में रह रहे थे। इनकी निशानदेही पर मानोरंजन कुमार को भी मेदनीपुर गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। इसके साथ ही पटना के मनेर निवासी विष्णु कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। इन सभी ने उस कांड में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है। फिलहाल सभी का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। वैसे कुछ आरोपियों के खिलाफ कई थानों में लूट और अन्य गंभीर मामले दर्ज होने की बात सामने आई है।

## कुर्था के 37 विद्यालय में मतदाता जागरुकता समारोह का आयोजन

**कुर्था (अरवल) (नि.सं.)।** कुर्था प्रखंड के सभी 37 राजकृत मध्य विद्यालय व 11 +2 उच्च विद्यालयों में भव्य वार्षिकोत्सव, प्रगति - पत्रक वितरण सह मतदाता जागरूकता समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन। कार्यक्रम के दीक्षांत समारोह में सभी विद्यालयों के प्रांगण को भव्य तरीके से पंडाल लगाकर बच्चों को एवं अभिभावक को समान पूर्वक बिठाकर सभी क्लास के बच्चों के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए बच्चों को मेडल, ट्रॉफी एवं कॉपी कलम देखकर पुरस्कृत किया गया। वही कही स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम तो कही पर्यावरण को देखते हुए पर्यावरण को संतुलित करने के लिए विद्यालय में 10 पौधा रोपण कार्यक्रम किया गया। वही खेल - कूद में प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रतिभागियों छात्र - छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मौके पर + 2 उच्च विद्यालय कुर्था के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुभाष कुमार अरुण, +2 सहदेव प्रसाद उच्च विद्यालय तकेया के प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार, मध्य विद्यालय कुर्था के प्रधानाध्यापक रामजी ठाकुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गंगया के प्रधानाध्यापक विवेक कुमार के अलावे सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, अभिभावक व सैकड़ो के संख्या में बच्चें उपस्थित रहे।

बरामद कारतूस में एके-47 की गोली भी शामिल

# हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार, एक फरार

निज संवाददाता

**जहानाबाद।** नगर थाने की पुलिस ने दो शातिर हथियार तस्करों को हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। चुनावी मौसम में दो शातिर बदमाशों को हथियार, कारतूस व शराब के बोतलों के साथ धराने के बाद पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच में जुट गई है। दरअसल पुलिस ने नगर थाना क्षेत्र के निजामुदीपुर मोहल्ले दो हथियार तस्कर को देशी कट्टा, थ्री-फिफ्टीन बोर व एके-47 के 29 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने दो बाइक और एक बोलेरो गाड़ी को भी जब्त किया है। जब्त किए गए वाहनों की जांच में कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किए गए। ऐसे में पुलिस को शक है कि वाहन चोरी के हो सकते हैं। पकड़े गए बदमाशों में दोनो का आपराधिक इतिहास पुलिस रिकार्ड में पहले से दर्ज है। इस संबंध में एसडीपीओ राजीव कुमार सिंह ने टाउन थाने में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर मामले से जुड़ी पूरी जानकारी को मीडिया से साझा किया। उन्होने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि निजामुदीपुर इलाके में हथियार और कारतूस की होम डिलीवरी की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद एसपी अरविंद प्रताप सिंह की हिदायत पर तत्काल एक टीम का गठन कर छापेमारी शुरू कर दी गई। गिरफ्तार शैलेश कुख्यात गेहूमन यादव का पुत्र एसडीपीओ श्री सिंह ने बताया कि पकड़े गए दोनों युवक का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है फिलहाल फिलहाल इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। लेकिन निश्चित तौर पर पुलिस इस गिरफ्तारी को बड़ी सफलता मान रही है। पुलिस की गिरफ्त में आया शैलेश एक जमाने में जिले का आतंक माने जाने वाले दिवंगत गेहूमन यादव का पुत्र बताया जा रहा है। यह भी गौरतलब हो कि गेहूमन यादव की पिछले तीन दशकों तक जिले के खूंखार क्रिमिनल में गिनती होती थी। तीन साल पहले परसबीघा थाने के एक गांव में उसने अपने गुर्गों के साथ मिलकर तीन लोगों को पीटकर बेरहमी से हत्या करने का आरोप लगा था। उसके बाद एक गवाह को भी उस पर मौत के घाट उतारने का आरोप लगा था। हालांकि बाद में गेहूमन यादव की जेल में मौत हो गई थी।



## घर में लगी आग, 25 हजार का संपत्ति जलकर खाक

**जहानाबाद (नि.सं.)।** जहानाबाद के रतनी प्रखंड के घेजन गांव के अंबेडकर नगर में शॉर्ट-सर्किट के कारण विजय मांझी नामक व्यक्ति के मकान में आग लग गई। जिसमें कपड़ा, अनाज, बर्तन इत्यादि लगभग 25 हजार रुपए की संपत्ति जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि बगल में बिजली का ट्रांसफॉर्मर है। जिसमें शॉर्ट सर्किट हुआ। इसी कारण चिंगारी से मकान में आग लग गई। जब घर से अचानक आग की लपटें निकलने लगी तो आसपास के लोग दौड़ कर आए और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी पहुंच चुकी है। लेकिन गाड़ी के पहुंचते ही ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पा लिया गया है।

# अग्निकांड पीड़ित देव चौधरी ने सुनाई आपबीती, कहा-सब कुछ हो गया खत्म

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के कच्छवां थाना क्षेत्र में आगलगी में पूरा परिवार खत्म होने के बाद पीड़ित ने आपबीती सुनाई। देर रात सभी शव का पोस्टमॉर्टम कराने आए देव चौधरी ने बताया कि वह मजदूरी का काम करता है। मंगलवार को वह पास के गांव में मजदूरी करने गया था। जब तक वह आग लगने की खबर सुनकर आया तब तक सब कुछ खत्म हो गया था। पत्नी से लेकर बच्चे तक जलकर मर गए थे। इसके साथ ही एक गर्भवती बहन भी जल गई थी। उसने आगे बताया कि वह पहले गुजरात में साड़ी फैक्ट्री में काम करता था। एक साल पहले वहां से लौटा था। उसके बाद अपने ससुराल इब्राहिमपुर में गैर मजरूआ जमीन में कच्चा मकान बनाकर रह रहा था। उसी कच्चे मकान में आग लगने से उसका पूरा परिवार खत्म हो गया। 2015 में इब्राहिमपुर के करण चौधरी की बहन पुष्पा देवी से उसकी शादी हुई थी। उसकी तीन बेटियां और एक बेटा था। मालूम हो कि घर में आग लगने से कुल सात लोगों की मौत हो गई थी। इसमें देव चौधरी की पत्नी, तीन बेटियां, बेटा, एक गर्भवती बहन और दूसरी बहन की बेटी की मौत हो गई थी।

# आईआईएम वाला एजूकेशन फेयर का हुआ सफल आयोजन

निज संवाददाता



**पटना।** शिक्षा और ज्ञान की धरती माने जाने वाली बिहार की राजधानी पटना में आईआईएम वाला एजुकेशन फेयर का आयोजन किया गया। पटना के प्रतिष्ठित होटल मौर्य में देश के सभी विख्यात कॉलेज और यूनिवर्सिटी मौजूद थे। मैनेजमेंट कोर्स करने को इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए यह एजुकेशन फेयर काफी फायदेमंद रहा, छात्र-छात्राओं के बीच उत्साह देखने लायक थी। कैट, आईपीमैट, कलैट और अन्य प्रतियोगी परीक्षा के लिए अग्रणी कोचिंग आईआईएम वाला के द्वारा आयोजित एजुकेशन फेयर में पुणे स्थित लेक्सिकन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट, दिल्ली एनसीआर से जी एन आई ओ टी और जिम्स, देहरादून से एमआईटी दून और दून बिजनेस स्कूल, नवी मुंबई से आईटीएम, एमिटी यूनिवर्सिटी, एसआरएम यूनिवर्सिटी, मुंबई से यूनिवर्सल बिजनेस स्कूल, पुणे से पिंपरी चिंचवाड़ यूनिवर्सिटी, नासिक और मधुबनी स्थित संदीप यूनिवर्सिटी और पटना स्थित मां शारदा कॉलेज भी मौजूद थे। आईआईएम वाला एजुकेशन फेयर में बिहार के प्रसिद्ध और दिग्गज शिक्षाविदों को उनके शिक्षा में बेहतरीन योगदान के लिए बेस्ट एजुकेटर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वाले शिक्षाविदों में पटना यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चांसलर प्रो० डॉ० रासबिहारी सिंह, पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी के डीन ऑफ़ एजूकेशन प्रो० डॉ० कमल, चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी से प्रो० डॉ० अशोक कुमार शर्मा, पटना यूनिवर्सिटी से प्रो० डॉ० पंकज कुमार, पटना के संट जेवियर कॉलेज आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी से प्रो० मनीष कुमार, मगध महिला कॉलेज से डॉ० प्रो० पुष्पा और प्रो० पूजा, पटना विमेंस कॉलेज से प्रो० आलोक जॉन, माँ शारदा कॉलेज कॉलेज से प्रो० मोहम्मद शमसुद्दीन और परंपरा संगीत महाविद्यालय से अभिषेक मिश्रा शामिल थे। आईआईएम काशीपुर से प्रबंधन की पढ़ाई कर चुके प्रो० डॉ० सुनील कुमार सिंह के द्वारा आयोजित एजुकेशन फेयर को काफी सफल माना जा रहा है। आईआईएम वाला और जेनिथ कॉमर्स एकेडमी के निर्देशक और कॉमर्स और प्रबंधन विषयों के प्रसिद्ध शिक्षक डॉ० सुनील ने बताया इसी वर्ष दिसंबर के महीने में अगले एजुकेशन फेयर और बेस्ट एजुकेटर अवार्ड आयोजित की जाएगी जहां देश-विदेश के बड़े प्रबंधन कॉलेज और यूनिवर्सिटी को आमंत्रित किये जायेंग।

# अंचल अधिकारी ने किया राजस्व कर्मचारियों के साथ बैठक

निज संवाददाता

**अरवल।** अरवल सदर प्रखंड के अंचलाधिकारी कुमारी विज्या की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी राजस्व कर्मियों के साथ आवश्यक बैठक की गई। बैठक में सीओ के द्वारा कई जरूरी निर्देश भी राजस्व कर्मियों को दी गई। इस संबंध में सीओ ने बताया कि आए दोनों वंशावली बनाने को लेकर लोगों हो रही परेशानी को दूर करने को लेकर सप्ताह में मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को कैंप लगाकर बंसा वाली एवं बटवारा से संबंधित दस्तावेज को तैयार किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि दाखिल खारिज, परिमार्जन से संबंधित मामलों का निष्पादन त्वरित गति से किया जाएगा। इसके लिए संबंधित राजस्व कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि कार्य में किसी प्रकार की कोताही बरतने वाले कर्मियों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।



# दानापुर एवं दरभंगा से बीकानेर तथा हावड़ा से अजमेर के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा दानापुर एवं दरभंगा से बीकानेर तथा हावड़ा से अजमेर के लिए स्पेषल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. गाड़ी संख्या 02381/02382 दानापुर-बीकानेर-दानापुर स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज- टुंडला-आगरा फोर्ट के रास्ते): गाड़ी संख्या 02381 दानापुर-बीकानेर स्पेषल दिनांक 17.04.2024 एवं 24.04.2024 बुधवार को दानापुर से 21.45 बजे खुलकर गुरूवार को 16.50 बजे जयपुर रूकते हुए शुक्रवार को 02.00 बजे बीकानेर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 02382 बीकानेर-दानापुर स्पेषल दिनांक 20.04.2024 एवं 27.04.2024 शनिवार को बीकानेर से 15.15 बजे खुलकर 23.05 बजे जयपुर रूकते हुए रविवार को 21.15 बजे दानापुर पहुंचेगी। इस स्पेषल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02 शयनयान श्रेणी के 10 तथा साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे। 2. गाड़ी संख्या 04707/04708 बीकानेर-दरभंगा-बीकानेर स्पेषल (रक्सौल-गोरखपुर- दिल्ली के रास्ते) : गाड़ी सं. 04707 बीकानेर-दरभंगा स्पेषल दिनांक 14.04.2024 एवं 21.04.2024 रविवार को बीकानेर से 12.15 बजे खुलकर 19.30 बजे दिल्ली रूकते हुए सोमवार को 20.30 बजे दरभंगा पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 04708 दरभंगा-बीकानेर स्पेषल दिनांक 15.04.2024 एवं 22.04.2024 सोमवार को दरभंगा से 23.30 बजे खुलकर मंगलवार को 21.55 बजे दिल्ली रूकते हुए बुधवार को 08.40 बजे बीकानेर पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 12 तथा साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे। 3. गाड़ी संख्या 09609/09610 मदार जं.-हावड़ा-मदार जं.(अजमेर) स्पेशल (जयपुर-टुंडला- डीडीयू-गया-धनबाद के रास्ते) : गाड़ी सं. 09609 मदार जं.-हावड़ा स्पेशल दिनांक 14.04.2024 एवं 21.04.2024 रविवार को मदार जं. से 08.30 बजे खुलकर 10.45 बजे जयपुर रूकते हुए सोमवार को 05.00 बजे डीडीयू, 12.30 बजे धनबाद रूकते हुए 18.00 बजे हावड़ा पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 09610 हावड़ा-मदार जं. स्पेशल दिनांक 16.04.2024 एवं 23.04.2024 मंगलवार को हावड़ा से 15.00 बजे खुलकर बुधवार को 05.10 बजे डीडीयू रूकते हुए 21.55 बजे मदार जं.(अजमेर) पहुंचेगी। इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 12 तथा साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे।

## ऑटो से 558 पैकेट अवैध शराब बरामद, एक धंधेबाज गिरफ्तार

निज संवाददाता

**नोखा (रोहतास)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जखनी पुल के पास आरा-सासाराम मुख्य पथ पर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक ऑटो पर भारी मात्रा में लोड 558 पैकेट अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार एवं एसआई मनोज कुमार राम के नेतृत्व में आरा सासाराम मुख्य पथ पर जखनी पुल के पास विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच सासाराम की ओर से आ रही एक ऑटो को तलाशी के लिए रोका गया। इसके बाद ऑटो पर रखी बोरी की तलाशी ली गई, जिसमें से उत्तर प्रदेश निर्मित भारी मात्रा में शराब बरामद की गई। इसके साथ ही ऑटो को जब्त करते हुए गिरफ्तार कारोबारियों को थाने लाया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकर ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान टुनटुन चौधरी पिता राधे मलाह मोहनियां थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव निवासी के रूप में की गई है। ऑटो पर लदी पांच सौ 58 पीस 180 एमएल फ्रूटी अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। गिरफ्तार धंधेबाज के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

कार्यालय :-उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार
(सामान्य शाखा)

सूचना

लोक सभा चुनाव 2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने के निमित इस कार्यालय के आदेश ज्ञापांक–259/सा0, दिनांक–29.02.2024 के द्वारा लातेहार जिलान्तर्गत विभिन्न थाना/प्रखंड क्षेत्रों के लिये दण्डाधिकारी नियुक्त कर दिनांक–03.03.2024 से 15.03.2024 तक अपने थाना/ओ0पी0 क्षेत्र के सभी शस्त्र अनुज्ञप्ति धारियों का शस्त्र अनुज्ञप्ति एवं उस पर धारित शस्त्र का भौतिक सत्यापन करने एवं आदेश ज्ञापांक–333/सा0, दिनांक–20.03.2024 के द्वारा एक सप्ताह के अन्दर स्थानीय थाना/ओ0पी0 में जमा कराने का निदेश सभी संबंधित थाना प्रभारी, लातेहार जिला को दिया गया था। विभिन्न थानों से प्राप्त प्रतिवेदन के अवलोकन से स्पष्ट है कि अभी तक सभी शस्त्र अनुज्ञप्ति धारियों के द्वारा अपने शस्त्रों का भौतिक सत्यापन एवं स्थानीय थाना/ओ0पी0 में जमा नहीं किया गया है।

अतः एतद् द्वारा लातेहार जिलान्तर्गत सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक–17.04.2024 तक अपने शस्त्र अनुज्ञप्ति एवं उसपर धारित शस्त्र को निश्चित रूप से स्थानीय थाना/ओ0पी0 में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा शस्त्र जमा नहीं करने वाले शस्त्र अनुज्ञप्ति धारियों के विरूद्ध शस्त्र अधिनियम–1959 एवं नियमावली–1962 के सुसंगत धाराओं के तहत एक तरफा कार्रवाई करते हुए उनके शस्त्र अनुज्ञप्ति को निलंबित/रद्द करदी जायगी, जिसकी सारी जवाब देही उनकी स्वयं होगी।

इसे अत्यावश्यक समझा जाय।

उपायुक्त–सह–
जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।

PR.NO.323727 Latehar(24-25):D

## संक्षिप्त समाचार

### दो महीने के बाद शुरू हुआ देवघाट का वाटर एटीएम

**गया।** गया के देवघाट स्थित वाटर एटीएम 2 महीने बाद फिर से चालू हो गया है। दरअसल, जिस पाइप से इसमें पानी पहुंचती थी, उसी में एक छोटी सी लीकेज आ गई थी। इसके कारण पानी ठीक ढंग से वाटर एटीएम तक पहुंच नहीं पा रहा था। जब भी मोटर को शुरू किया जाता था, लीकेज के कारण पानी पूरे घाट पर फैल जाता था। ऐसे में घाट पर बैठे पिंडदानियों को काफी परेशानी हो जाती थी। इस कारण से मोटर चालू ही नहीं किया जाता था। इसी पाइप के माध्यम से पानी सूर्यकुंड में भी जाता था। लीकेज के कारण पानी वहां भी नहीं पहुंच पा रहा था। बीते शनिवार को जब नगर-आयुक्त विभिन्न घाटों का निरीक्षण कर रही थीं तो उन्होंने इस पाइप में लीकेज पाया। ऐसे में, उन्होंने कनीय अभियंता दिनकर प्रसाद को अविलंब पाइप की मरम्मति के निर्देश दिए।

### लोजपा रा. सुप्रीमो चिराग 12 को आएंगे फतेहपुर

**गया।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान 12 अप्रैल को फतेहपुर स्थित रामसहाय उच्च विद्यालय में आएंगे और जीतनराम मांझी की चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसकी जानकारी पार्टी के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस दिन पार्टी के तमाम प्रकोष्ठों के साथ-साथ एनडीए के नेता शामिल रहेंगे।

### लोकसभा चुनाव सहित ईद, चैती छठ, नवरात्र व रामनवमी को लेकर पुलिस अलर्ट

**गया।** गया आगामी लोकसभा चुनाव सहित ईद, चैती छठ, नवरात्र व रामनवमी को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलेभर में पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच पर्व-त्योहार को संपन्न कराने के लिए गया पुलिस की ओर से हर स्तर पर कार्रवाई शुरु कर दी गई है। लोकसभा चुनाव सहित पर्व-त्योहारों में शांति भंग करने वाले असामाजिक व शरारती तत्वों पर पुलिस कड़ी नजर रख रही है। वहीं गया पुलिस की ओर से सभी पर्व-त्योहार को आपसी प्रेम व सद्भाव से मनाने की अपील की गई है। अलग-अलग टीम रख रही पैनी नजर चुनाव व पर्व-त्योहार के दौरान शांति भंग करने वालों पर पुलिस की अलग-अलग टीम वैसे तत्वों पर कड़ी नजर रख रही है। पुलिस की मीडिया सेल की टीम सोशल मीडिया पर राउंड द क्लॉक नजर रख रही है। सोशल मीडिया पर चुनाव सहित किसी भी पर्व-त्योहार को आपत्तिजनक पोस्ट डालने, पोस्ट पर प्रतिक्रिया देने या उस पोस्ट को फॉरवर्ड करने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं शहरी इलाके में लगे सीसीटीवी के माध्यम से विधि व्यवस्था संधारण तथा अपराध नियंत्रण के लिए चौबीस घंटे निगरानी रखी जा रही है। साथ ही लोकसभा चुनाव व पर्व-त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गया पुलिस द्वारा लगातार सघन वाहन जांच, फ्लैग मार्च व एरिया डोमिनेशन किया जा रहा है।

### राजपूताना क्रिकेट क्लब ने नालंदा जूनियर क्रिकेट क्लब को हराया, 200 रन ही बना पाई नालंदा जूनियर क्लब



**नालंदा।** नालंदा के बिहार शरीफ स्थित बड़ी दरगाह के एनसीए खेल मैदान में मंगलवार को राजपूताना क्रिकेट क्लब और जूनियर नालंदा क्रिकेट क्लब के बीच सेमीफाइनल लीग मैच खेला गया। इसमें राजपूताना क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजपूताना क्रिकेट क्लब के खिलाड़ियों ने निर्धारित 50 ओवर में 236 रनों का स्कोर खड़ा किया। इसमें कुश कुमार ने नाबाद 118 रन और गौरव ने 64 रन का अपना निजी योगदान दिया। गेंदबाजों में आकाश ने 3, मोहित और अभिषेक ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। जवाबी बल्लेबाजी करते हुए नालंदा जूनियर क्लब के बल्लेबाज मात्र 200 रन ही बना पाई। इसमें अभिषेक 42 रन, जैकी 25 रन, प्रकाश 27 रन और अभिषेक ने 21 रन का स्कोर बनाया। गेंदबाजी करते हुए राजपूताना क्रिकेट क्लब के गेंदबाजों में हर्षित ने 3 विकेट नमन और अभिमन्यु ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। इस प्रकार राजपूताना क्रिकेट क्लब ने नालंदा जूनियर क्रिकेट क्लब को 36 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली है।

### राजगीर में आरडीएच स्कूल में दीक्षांत समारोह का आयोजन

**नालंदा।** नालंदा के राजगीर स्थित आरडीएच प्लस टू विद्यालय राजगीर के सभागार में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत इंटर परीक्षा में ज्यादा मार्क्स-461 प्राप्त करने वाली छात्रा खुशबू कमारी, मैट्रिक में ज्यादा मार्क्स-471 प्राप्त करने वाली छात्रा तनु कुमारी,क्लास 9 और 11 के छात्र-छात्राओं में वार्षिक उच्चांक प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। वरीए बीआरपी कुमार महेश प्रसाद सिंह गहलौत ने कहा कि इस विद्यालय के स्टूडेंट्स ने मैट्रिक और इंटर में बेहतर अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन करने के साथ ही साथ अपने माता-पिता नाम रौशन किया है। उन्होंने कहा कि बच्चे आने वाले समय का भविष्य हैं। आप लोग मेहनत से




कभी पीछे नहीं हटे। क्योंकि आपकी मेहनत ही आने वाले समय में काम करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार एवं विभाग के द्वारा बच्चों के बीच सर्वांगीण विकास हो इसके लिए हर तरह के संसाधन सरकार एवं विभाग मुहैया करा रही है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल चौधरी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चे अपने कर्तव्य को निष्ठा पूर्वक पूरा करें और आने वाले समय में एक अच्छा नागरिक समाज के बीच बने। इतना ही नहीं बड़े-बड़े पदों को सुशोभित करने में कामयाबी प्राप्त करें। इस मौके पर सिद्धेश्वर प्रसाद यादव, सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिका और छात्र-छात्राएं सहित अभिभावक भी मौजूद थे। जबकि मंच का संचालन संस्कृत के अध्यापक गिरजानंदन पाण्डेय ने किया।

### वोकेशनल और रेगुलर कोर्स का जारी हुआ एग्जामिनेशन शेड्यूल, नालंदा के डिग्री कॉलेज में 20 अप्रैल से होगी परीक्षा

**नालंदा।** पाटलिपुत्रा विश्वविद्यालय से संबंध प्राप्त नालंदा के डिग्री कॉलेज में अध्यनरत छात्र-छात्राओं का एग्जाम शेड्यूल जारी हो गया। वोकेशनल एवं रेगुलर पार्ट टू एवं पार्ट थ्री की परीक्षा 20 एवं 22 अप्रैल से शुरू होने जा रही है। वोकेशनल कोर्स डिग्री पार्ट 3 में अध्यनरत बीसीए,बीबीएम, बीबीए, एसपीएम,टीटीएम, बायोटेक्नोलॉजी,ईडब्ल्यूएम, इंडस्ट्रियल माइक्रोबायोलॉजी, बीएससी आईटी बीएससी (आईटी) बायोकेमेस्ट्र की परीक्षा एक सिटिंग में सुबह 10:00 बजे से 1:00 बजे तक 22 अप्रैल से 3 मई तक आयोजित की जाएगी। वहीं बीए,बीएससी एवं बीकॉम पार्ट 3 के ऑनर्स विषय की परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली सिटिंग सुबह 10:00 बजे से 1:00 बजे तक। जबकि दूसरी सिटिंग दोपहर के 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलेगी। यह परीक्षा 22 अप्रैल से 3 मई तक आयोजित की जाएगी। जबकि वोकेशनल पार्ट 2 की परीक्षा 20 अप्रैल से 9 मई के बीच दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह 10:00 से 1:00 बजे तक जबकि दूसरी पाली दोपहर के 2:00 से शाम 5:00 तक आयोजित की जाएगी।वहीं बीए,बीएससी एवं बीकॉम रेगुलर की परीक्षा 20 अप्रैल से शुरू होकर 9 मई तक आयोजित की जाएगी। ऑनर्स पेपर की परीक्षा 20 अप्रैल से 26 अप्रैल तक, जबकि सब्सिडियरी एवं कंपोजिशन की परीक्षा 29 अप्रैल से 9 मई के बीच आयोजित की जाएगी। पाटलिपुत्रा यूनिवर्सिटी के एग्जामिनेशन कंट्रोलर ने बताया की थ्योरी पेपर की परीक्षा यूनिवर्सिटी के द्वारा जारी किए गए केंद्र पर आयोजित होगी।

# खेत में किसान को घेरकर मारी 5 गोलियां, मौत

## नालंदा में 12 से ज्यादा बदमाशों ने की गोलीबारी

निज संवाददाता। नालंदा





नालंदा में गुरुवार रात एक किसान की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि 12 से अधिक अपराधियों ने किसान को घेरकर उस पर 5 राउंड फायरिंग की। गोली उसके पेट, हाथ, सिर, पीठ और आंख के पास लगी। वारदात के समय के मृतक के साथ दो किसान भी थे। सभी खेत में पटवन के लिए गए थे। लौटते समय अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया। हालांकि, अपराधियों ने मृतक के साथ आ रहे दोनों साथियों को कुछ नुकसान नहीं पहुंचाया। वहीं, घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी वहां से फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद ग्रामीण मौके पर जुटे और घटना की सूचना पुलिस को दी। मृतक की पहचान बलवापुर गांव निवासी संतोष यादव (35) के रूप में हुई है। हालांकि, संतोष की हत्या किस कारण से की गई, इसका पता अभी नहीं चल पाया है। घटना को लेकर मृतक के परिजन भी कुछ नहीं बता रहे हैं। इधर, पुलिस हत्या का कारण और अपराधियों की पहचान में जुटी है। घटना गोकुलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बलवापुर गांव की है।

**घटनास्थल पर ही तोड़ा दमः** वारदात के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में ग्रामीण रंजित कुमार ने बताया कि संतोष यादव गांव के दो लोगों के साथ फसल पटवन को लेकर बीती रात खलिहान गए थे। तभी बदमाश पहुंच गए। उनकी संख्या काफी ज्यादा थी। संतोष को गोलियों से छलनी कर दिया। जिसके कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। चर्चा है कि पुरानी रंजिश और पैसे के लेन-देन को लेकर हत्या की गई है। फिलहाल परिजन हत्या के कारणों के बारे में कुछ भी स्पष्ट रूप से बता नहीं रहे हैं। घटना गांव से 3 किलोमीटर दूर दक्षिण दिशा स्थित खलिहान में हुई है।

**दो बेटियां और एक बेटा हैः** मृतक खेतीबाड़ी के अलावा गांव के विकास कार्यों से जुड़े थे। उसकी दो बेटियां और एक बेटा है। पिता का कुछ दिनों पूर्व ही पैर टूट गया था। वह बिहार शरीफ में ही इलाजरत हैं। युवक दो भाइयों में बड़ा था।

**आपराधिक प्रवृत्ति का थाः** गोकुलपुर थाना अध्यक्ष शिवम कुमार सुमन ने बताया कि हत्या की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। दर्जन भर अज्ञात बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया है। शुरुआती जांच में पूर्व की रंजिश लग रही। मृतक भी आपराधिक प्रवृत्ति का था और कई मामलों में जेल जा चुका था। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। परिजनों का अभी तक आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

# मां दुखहरणी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



निज संवाददाता। गया

चैत नवरात्र के दूसरे दिन बुधवार की सुबह से ही श्रद्धालु काफी संख्या में मां दुखहरणी के द्वार पहुंच गए। मान्यता है कि लोगों के दुखों को हरने वाली मां दुखहरनी की पूजा करने और उनका आशीर्वाद लेने मात्र से ही जीवन के हर प्रकार के कष्ट और बाधाएं दूर हो जाती है। चैत नवरात्र को ऐसे तो सभी देवी मंदिरों में अपार भीड़ लगी रहती है। श्रद्धालु अपनी उपस्थिति मां के दरबार में लगातार लगा रहे हैं। शहर के टावर चौक से कुछ दूरी पर मां दुखहरनी मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। बुधवार की सुबह से ही श्रद्धालु काफी संख्या में मां दुख हरणी के द्वार पहुंच गए। मान्यता है कि मंदिर के गर्भगृह में मत्था टेकने और आशीर्वाद लेने से जीवन के हर प्रकार के कष्ट दूर हो जाते है। घर में सुख-समृद्धि, शांति और सभी तरह की मनोकामनाएं की पूर्ति होती है।

**पुलिस बल की तैनातीः** काफी संख्या में गया शहर और उसके आसपास के प्रखंडों से श्रद्धालु मां दुख हरनी का आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे। विशेषकर महिलाओं की लंबी कतार देखी गई। स्थानीय लोग ही श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध कर मंदिर में प्रवेश करा रहे थे। मंदिर शहर के प्रमुख मार्ग पर स्थित है। इसलिए जाम की भी समस्या रहती है। मंदिर के समीप कहीं कोई घटना ना घटे इसलिए इस कारण से पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

# नालंदा के दीपनगर स्कूल में दीक्षांत समारोह का आयोजन

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के बिहार शरीफ प्रखंड अंतर्गत दीपनगर स्थित मध्य विद्यालय दीप नगर में दीक्षांत समारोह सह शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के बीच प्रगति पत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर मध्य विद्यालय दीपनगर के प्राचार्य अशोक कुमार चौधरी ने परीक्षा में अव्वल रहे कक्षा 8 के बच्चों को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं प्रगति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मनोज कुमार समेत काफी संख्या में बच्चों के गार्जियन उपस्थित रहे। शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी सह दीक्षांत समारोह में गणमान्य लोगों ने कहा कि बच्चों के स्वर्णिम विकास में शिक्षकों और अभिभावकों को समन्वित प्रयास जरूरी है। बच्चों के बीच समय-समय पर अलग-अलग एक्टिविटी कराने से उनके शारीरिक विकास के साथ ही मानसिक विकास भी होता है। मौके पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी। बच्चों के मनमोहक कलाकारी देख अभिभावक और शिक्षक काफी प्रसन्न हुए।

# असामाजिक तत्वों ने 4 सौ पौधों को जलाया

**20 कट्ठा निजी जमीन पर मनरेगा के तहत लगाए गए थे पौधे, बदमाशों को चिह्नित कर रही पुलिस**

निज संवाददाता। गया



गया के परैया थाना क्षेत्र अंतर्गत मरहा गांव में असामाजिक तत्वों ने मरहा गांव में असामाजिक तत्व के लोगों ने उत्पात मचाया है। गांव के किसान की निजी जमीन में लगे 400 पौधों को जला दिया। हालांकि घटना की जानकारी पीड़ित किसान व्यास पासवान को आज लगी है। इसके बाद पीड़ित लिखित शिकायत लेकर परैया थाना के थानाध्यक्ष के पास गए। थानाध्यक्ष ने किसान की शिकायत मिलते ही छानबीन के लिए पुलिस पदाधिकारियों को भेजा है। मामला दर्ज करने की प्रक्रिया में जुट गई है।

**पीड़ित ने थाने में की शिकायतः** परैया थाना क्षेत्र अंतर्गत मरहा गांव के रहने वाले व्यास मनी पासवान ने कहा कि उनकी गांव के साइड में 20 कट्ठा जमीन है। उक्त जमीन में मनरेगा के तहत अलग-अलग 4 सौ पौधे लगाए थे। पौधे बड़े हो गए थे। पौधा रोपे जाने के बाद सुरक्षा की दृष्टिकोण से चारों ओर बांस और लोहे के तार से घेराबंदी कर दी गई थी। कल शाम तक सबकुछ ठीक था, आज गांव के लोगों से जानकारी मिली कि मेरे जमीन में लगे सभी पौधों को जला दिया गया है। असामाजिक तत्वों के खिलाफ परैया थाना में लिखित शिकायत की है। परैया थाना की पुलिस के अनुसार तिलोरी पोस्ट के मरहा गांव के रहने वाले व्यास मनी पासवान की निजी जमीन पर लगे 400 पौधों को असामाजिक तत्वों ने जलाकर राख कर दिया है। घटना को लेकर लिखित शिकायत मिली है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकाली गई कलश यात्रा

## नौ दिवसीय श्री सूर्य नारायण प्रतिष्ठा ज्ञान महायज्ञ का होगा आयोजन

निज संवाददाता। गया



**सदगुरु श्री त्र्यत्येश्वर जी महाराज करेंगे कथा वाचन**

गया जिले के मानपुर प्रखंड के गेरे स्थित 24 बिगहा पोखर में बने 85 फीट ऊंची सूर्यमंदिर और तेतरिया गांव के नवनिर्मित देवालय में प्रतिमाओं के प्राण प्रतिष्ठा के लिए आयोजित धार्मिक अनुष्ठान मंगलवार को प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र स्थित मोक्षदायनी फल्गु और पूर्वी क्षेत्र स्थित पैमार नदी से जलभरी के साथ शुरू हो गया। यज्ञ स्थल से बाजे गाजे, घोड़े,हाथी, ऊंट,राधा कृष्ण के झाकियों के बीच निकली कलश यात्रा फल्गु और पैमार नदी पहुंची।जहा वैदिक मंत्रोचार के बीच जलभरी का अनुष्ठान किया गया।इस दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए।तो वही भीषण गर्मी को देखते हुए कई स्थानों पर सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा शर्बत -पानी की व्यवस्था किया गया। गेरे पंचायत के मुखिया संटू सिंह ने बताया कि नौ दिवसीय श्री सूर्य नारायण प्रतिष्ठा ज्ञान महायज्ञ के निमित 750 कलश में वैदिक मंत्रोचार से जलभरी हुई।उन्होंने बताया कि 15अप्रैल को भगवान का प्राण प्रतिष्ठा निर्धारित है।बताया कि महायज्ञ में दस अप्रैल से 16 अप्रैल तक कथा वाचिक चित्रलेखा द्वारा श्रीमद भागवत का पाठ किया जाएगा। इसी बीच 15 - 16अप्रैल को वृंदावन स्थित श्री आनंदम धाम पीठ के परमपूज्य सदगुरु श्री त्र्यत्येश्वर जी महाराज द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। शोभायात्रा में बैंड बाजे के साथ साथ हाथियों, ऊंटों और घुड़सवारों का झुंड आकर्षण का केंद्र बना रहा। मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह,रमेश कुमार सिंह, धनंजय सिंह,अविनाश कुमार सिंह उर्फ गोलू,संजीत सिंह,कपिलदेव प्रसाद सिन्हा,विरेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

**पूजा समिति ने किया भव्य स्वागतः** 750 कलश में जल लेकर श्रद्धालु पहुंचे देवालययज्ञ स्थल नवनिर्मित देवालय के प्रांगण से बाजे गाजे के साथ निकली कलश सह जलभरी यात्रा में 750 कलाशधारियो के साथ हजारों श्रद्धालु शामिल थे। मंदिर परिसर से बुधगेरे, डीएवी के रास्ते पैमार नदी में वैदिक मंत्रोचार के बीच जलभरी का अनुष्ठान किया गया।मंदिर प्रांगण में पूजा समिति द्वारा कलश धारी श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया। यज्ञ मन में वैदिक मंत्रोचार के साथ श्रद्धालुओं का प्रवेश और कलश स्थापना किया गया।

# गया एयरपोर्ट पर शुरू हुई प्रीमियम कार-टैक्सी रेंटल सेवा

निज संवाददाता। गया



गया हवाई अड्डा पर यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली की कंपनी 'वाइज ट्रैवल इंडिया लिमिटेड (डब्ल्यूटीआई) ने प्रीमियम टैक्सी कार रेंटल सेवा शुरू की है। विमानपत्तन निदेशक बंगजीत साहा ने मंगलवार को इसका शुभारंभ किया। यह कंपनी वर्तमान में दिल्ली, बेंगलुरू, मदुरै, राजमुंदरी. विशाखापट्टनम, जयपुर, गुवाहाटी, रायपुर, अमृतसर, जबलपुर और वाराणसी में सेवाएं दे रही है। हवाई अड्डा प्रबंधन ने हवाई अड्डा पर यात्रियों को छोड़ने और पिक-अप की सुविधा के लिए कंपनी को 3 साल की अवधि के लिए लाइसेंस प्रदान किया है। विमानपत्तन निदेशक बंगजीत साहा ने बताया कि यात्री बिना किसी झिझक के हवाई अड्डा से कार बुक कर सकेंगे और यात्रियों को कम दरों में सुरक्षित सेवाएं मिलने लगेंगी। इस सुविधा के शुरू होने से यात्रियों से किराया भाड़ा को लेकर ठगी की आशंका कम जाएगी। साथ ही यात्री भी सुरक्षित होंगे। क्योंकि सारा रिकार्ड कम्पनी के बुक में फीड होगा। यात्री अब कस्टमर केयर नंबर 7290094135 पर हवाई अड्डा से शहर और शहर से हवाई अड्डा तक कैब बुक कर सकते हैं। खास बात यह भी यह सुविधा केवल एयरपोर्ट से ले जाने या फिर हवाई यात्री को उसके होटल या फिर उसके घर से एयरपोर्ट तक छोड़ने के लिए है। इसके लिए कोई निश्चित दूरी है। गौरतलब है कि इससे पूर्व प्राइवेट टैक्सी चलाने वाले या फिर टूर ट्रेवल्स एजेंसी वाले ही हवाई यात्रियों को टैक्सी और कार किराए पर दिया करते थे।

# नालंदा में ई-रिक्शा में स्कोर्पियो ने मारी टक्कर, 6 जख्मी

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में बिहटा-सरमेरा टू-लेन पर मंगलवार को रफ्तार का कहर देखने को मिला। जहां अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। इस घटना में ई रिक्शा करीब आधा दर्जन सवार जख्मी हो गए। मामला सरमेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बढ़िया मोड़ के पास की है। घटना के संबंध में जख्मी के परिजन ने बताया कि गंगा स्नान कर सभी लोग परनामा मोड़ के पास बस से उतरकर ई रिक्शा पर सवार हो अपने घर सरमेरा नगर पंचायत अंतर्गत बढ़िया और सरमेरा जा रहे थे। इसी बीच बढ़िया मोड़ के पास विपरीत दिशा में आकर स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। इससे ई-रिक्शा पर सवार सभी लोग जख्मी हो गए। घायलों में आशा देवी, सूरज कुमार चंद्रवंशी, मंती देवी, अर्जुन डोम, उषा देवी, कुमारी नीलू एवं त्रिवेदी जख्मी हो गए। उन्हें सरमेरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल बिहार शरीफ रेफर कर दिया गया है। सरमेरा थाना अध्यक्ष विकास कुमार यादव ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं, जख्मी स्कॉर्पियो चालक का भी इलाज अस्पताल में कराया जा रहा है।

# हथियार के साथ 4 अपराधी गिरफ्तार, दो अलग-अलग स्थानों पर की गई कार्रवाई

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा की एकंगरसराय और चेरो पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर हथियार-कारतूस के साथ चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के लिए सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध चेरो ओपी पुलिस ने गोसाई बीघा गांव और तीरा गांव में छापेमारी कर एक देसी राइफल, 2 कट्टा और 15 जिंदा कारतूस बरामद किया है। गोसाई बीघा गांव से कैलाश साव और विक्रम कुमार को जबकि तीरा गांव से रुदल यादव को गिरफ्तार किया गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है।

**विशुनपुर गांव में छापेमारीः** एकंगरसराय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर विशुनपुर गांव में छापेमारी कर कृष्णा प्रसाद के पुत्र अजीत कुमार को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। एकंगरसराय थानाध्यक्ष ने बताया कि वह किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए अपने घर में हथियार रखा हुआ था। अजीत कुमार उर्फ सरदार के घर से एक देसी कट्टा 19 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। छापेमारी टीम में एकंगरसराय इंस्पेक्टर श्रीकांत कुमार, एकंगरसराय थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार झा, चेरो ओपी प्रभारी मिथिलेश कुमार, दारोगा राजेंद्र उराव, ओम किशोर सिंह, प्रशिक्षु दारोगा कंचन कुमारी, चंदा कुमारी, रणधीर कुमार समेत दोनों थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

**बदमाशों के पास से 3 कट्टा और 34 कारतूस बरामद**

## संक्षिप्त समाचार

### वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव पर निकलेगी शोभा यात्रा

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव मनाने के लिए वीर बांकुड़ा बाबू कुंवर सिंह विजय उत्सव तैयारी समिति की बैठक होटल पार्वती चंद्र में हुई। अध्यक्षता राष्ट्रीय वीर बांकुरा कुंवर सिंह विजयोत्सव समारोह समिति के अध्यक्ष निर्मल सिंह शुक्रवार ने की। संचालन अधिवक्ता अरुणेश कुमार ने किया। निर्मल सिंह शुक्रवार ने कहा कि राष्ट्रीय वीर कुंवर सिंह की 167वीं विजय महोत्सव बड़े ही धूमधाम से आरा के कुंवर सिंह रमना मैदान झंडा मंच एवं वीर कुंवर सिंह पार्क स्थित वीर कुंवर सिंह की घोड़ा सवार आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण, सुबह में प्रभात फेरी व घोड़ा -हाथी बैंड बाजा के साथ नगर के मुख्य मार्ग से शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर में वीर कुंवर सिंह, रमना मैदान में मंच पर वीर कुंवर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं गोष्ठी होगा।

### वीकेएसयू में हुई परीक्षा समिति की बैठक

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में परीक्षा बोर्ड की बैठक हुई। बैठक में पीएचडी की प्रवेश परीक्षा, एमएड की प्रवेश परीक्षा, स्नातकोत्तर, एमसीए, एमबीए, स्नातक और बीएड की परीक्षाओं को संचालित करने पर मंथन हुआ। सोशल साइंस, मानविकी, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के डीएन और परीक्षा नियंत्रक की मौजूदगी में यह बैठक हुई। परीक्षा कैलेंडर के अनुसार निर्धारित परीक्षाओं का संचालन एवं रिजल्ट प्रकाशन पर निर्णय हुआ।

### पीरो में 6.3 एमटी गेहूं खरीदकर हुई शुरुआत

**आरा।** एफसीआई के कार्यकारी निदेशक डॉ अजीत कुमार सिन्हा के देखरेख में मंगलवार को गेहूं की खरीदगी की शुरुआत की गई। भोजपुर जिला में पीरो, बिहिया जगदीशपुर में गेहूं ख़रीद हुई। जिसके बाद किसान के खाते में दो घंटे के भीतर राशि का भुगतान किया गया। मंगलवार को जिले के विभिन्न केंद्रों पर 15.1 एमटी के करीब गेहूं की खरीदारी की गई। महाप्रबंधक बिहार अमित भूषण, उप महाप्रबंधक रवि कुमार सिन्हा, मंडल प्रबंधक कुमार अभिषेक, सहायक महाप्रबंधक (गुण नियंत्रण) पटना सुनील कुमार मौजूद थे। पीरो में 6.3 एमटी, बिहिया में 1.8एमटी , जगदीशपुर में 7.0एमटी इस तरह ज़िले में 15.1एमटी खरीदारी गेहूं की हुई।

### 10 अप्रैल से होगा तृतीय चरण के शस्त्रों का सत्यापन

**आरा।** लोकसभा चुनाव को लेकर शस्त्रों के भौतिक सत्यापन का कार्य तेज है। भोजपुर जिले में शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के लिए लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर शस्त्र का भौतिक सत्यापन सभी थाना में किया जा रहा है। प्रथम चरण का सत्यापन का 19 फरवरी से 23 फरवरी तक और द्वितीय चरण का सत्यापन 11 मार्च से 21 मार्च तक कराया गया है। प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि 10 अप्रैल 2024 से 20 अप्रैल 2024 तक तृतीय चरण का सत्यापन निर्धारित है। सभी अनुज्ञप्तिधारियों को सत्यापन निर्धारित तिथि को कराया जाना अनिवार्य है। संबंधित थाना में निर्धारित तिथि को सुबह 11 से होगा। शस्त्र का सत्यापन नहीं कराने वाले अनुज्ञप्तिधारियों का अनुज्ञप्ति निलंबित व रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

### छात्र हितों के लिए हमेशा तत्पर रहता एनएसयूआई

**बक्सर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के 54 वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को पीपी रोड स्थित जिला मुख्यालय पर ध्वजारोहण किया गया। एनएसयूआई के जिला महासचिव व कार्यालय प्रभारी विशाल खरवार ने झंडा फहराया। मौके पर संगठन के जिला महासचिव दीपक राय ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि एनएसयूआई छात्र हितों के लिए सदैव तत्पर रहने वाला संगठन है। उन्होंने संगठन के सभी अधिकारी व सदस्यों को हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामना दी। कहा कि हमें गर्व है कि मैं एनएसयूआई का कार्यकर्ता हूं। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रभात कुमार, रिंकू गिरी, विक्की आर्या, करन रजक, राजपूत, प्रिन्स कुमार, अमित कुमार, अर्जुन रजक, अखिलेश राय, निहाल मंसूरी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मंडी में फलों के आवक कम होने से बढ़ी कीमत

**बक्सर।** मंगलवार से चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो गया। आज से लगातार नौ दिनों तक माता रानी के नौ स्वरूपों की आराधना होगी। आज से लोग नौ दिनों तक उपवास रखते हैं और फलहार करते हैं। पहले दिन मंदिर से लेकर घरों में कलश स्थापना कर मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। शहर के बाजार में फलों की बिक्री बढ़ गई है। चैती नवरात्र व छठ पूजा को लेकर फलों का बाजार गुलजार दिखा। वहीं खपत अधिक होने व आवक कम होने के चलते फलों का भाव चढ़ा हुआ है। लगभग सभी फलों की कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत बढ़ोतरी दिखी। फल विक्रेता दीपक कुमार, अकबर आदि ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बनारस स्थित फल मंडी में ही भाव बढ़ा हुआ है। नवरात्र प्रारंभ होने के चलते फलों की खपत बढ़ गई है। डिमांड के अनुरूप आवक कम होने के चलते लगभग सभी किस्म के फलों का भाव तेज हो गई है।

### जिले में गेहूं की खरीद शुरू, 9 किसानों से 29.050 मिट्रिक टन की खरीदारी

**बक्सर।** जिले में गेहूं की खरीदारी शुरू हो गई है। बता दें कि इस वर्ष सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपए तय किया है। हालांकि जिले में अभी लगभग 70 फीसदी से अधिक फसल खेतों में ही है। क्योंकि गेहूं की बुवाई में कुछ देर हुई थी, जिसके कारण से गेहूं का फसल कटाई में देर हो सकती है। हालांकि जिले के इटाढ़ी प्रखंड, बक्सर सदर प्रखंड समेत अन्य प्रखंड में धीरे-धीरे गेहूं की फसल की कटाई में तेजी आ रही है। हालांकि जहां-जहां फसल की कटाई हो गई है, वहां किसान अपने गेहूं को बेचने की फिराक में लगे हुए हैं। ताकि उनके अनाज का लागत मूल्य मिल सके। ऐसे में जिले के सहकारिता विभाग के द्वारा भी गेहूं खरीद का पोर्टल शुरू कर दिया गया है। सहकारिता विभाग के द्वारा अपील की जा रही है कि किसान अपने गेहूं को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जिले के संबंधित पैक्स और व्यापार मंडलों को बेच सकते हैं। जिला सहकारिता कार्यालय के अनुसार जिले में 9 किसानों से 29.050 एमटी गेहूं की खरीद की गई है। किसान रजिस्ट्रेशन कराने में भी रुचि नहीं ले रहे हैं। जिले के सभी 11 प्रखंडों में कुल 12 किसानों ने गेहूं बेचने को लेकर रजिस्ट्रेशन कराया है। सवाल ? किसानों की बात करने वाली सरकार व उनके प्रतिनिधि इन पहलुओं पर फोकस क्यों नही करते कि उनकी मेहनत की कमाई को बेहतर सम्मान मिले यानी किसानों द्वारा उगाए गए फसलों को उचित रेट लगाए ताकि किसानों को उनका वाजिब हक मिल सके। 150 रुपए खर्च करें तो पहुंचेगा पैक्स गोदाम इटाढ़ी प्रखंड के किसान कमलेश सिंह बताते हैं कि न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपए तो कर दिए गए हैं। हालांकि किसानों को लगभग 150 रुपए अपना खर्च करना पड़ेगा, तब क्रय केन्द्रों तक गेहूं पहुंचेगा। क्योंकि उन्हें बोरा खरीदना होगा, किराया देना होगा, और मजदूरी पर खर्च करना पड़ेगा। कई प्रकार की कागजातों के चक्कर में किसान पड़ना नहीं चाहते हैं। जबकि बाजार में इससे अधिक की राशि प्रति क्विंटल मिल जा रही है। व्यवसायी खुद ही खलिहान तक पहुंच रहे हैं तो फिर किसान पैक्स और व्यापार मंडल तक क्यों गेहूं ले जाएं।

### वीर कुंवर सिंह मोहल्ले से गायब दोनों बच्चे राजकोट से बरामद

**बक्सर।** शहर के वीर कुंवर सिंह मोहल्ले से गायब दोनों बच्चों को पुलिस ने राजकोट से बरामद कर लिया। बरामद बच्चों को राजकोट से लाने के लिए परिजनों के साथ पुलिस टीम रवाना हो गई है। बच्चों के मिलने की सूचना के बाद परिजनों में खुशी देखी गई। बता दें कि शहर के वीर कुंवर सिंह कॉलोनी से सीआरपीएफ जवान संजय कुमार सिंह के पुत्र निलेश कुमार 13 वर्ष और करण कुमार 9 वर्ष अचानक घर से गायब हो गए थे। काफी खोजबीन के बाद बच्चे जब नहीं मिले तो इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दी गई थी। पुलिस मामले में एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई में जुट गई थी। पुलिस ने तत्काल घर से लेकर स्टेशन तक पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने स्टेशन पर लगे सीसीटीवी को खंगाला तो दोनों बच्चे गुजरात जानें वाली ट्रेन पर चढ़ते हुए दिखे। पुलिस ने तत्काल आरपीएफ और जीआरपी के मदद से बच्चों को ट्रेन में ट्रेस करना शुरू कर दिया। राजकोट पहुंचते-पहुंचते दोनों बच्चों को पुलिस ने ट्रेन में ट्रेस कर लिया।

# चौसा के किसानों की लड़ाई लड़ेंगे और जीतेंगे भी: राकेश टिकैत

## बक्सर सीमा पर पहुंच बोले-पूरे देश में यही हाल



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर सीमा में प्रवेश करते ही राकेश टिकैत ने कहा कि चौसा के किसान की लड़ाई लड़ी भी जाएगी और किसानों की जीत भी होगी। भास्कर से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि चौसा में पहुंच रहे हैं जहां किसानों के साथ मारपीट हुई थी। कहा कि पूरे देश में यही हाल है। उनके साथ सरकार ऐसा ही कर रही है। आगे टिकैत ने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत में भी दहशत फैलाई गई थी, लेकिन आजादी की लड़ाई लड़ी गई। उन्होंने कहा कि कर्मनाशा नदी पार करने के लिए बैन नहीं है। नदी को पार भी करेंगे और लड़ाई भी करेंगे। बता दें कि चौसा में बन रहे थर्मल पावर में किसानों को जमीन का उचित मुआवजा न मिलने से आंदोलन रत किसानों के घरों में घुस पुलिसिया तांडव को लेकर राकेश टिकैत पीड़ित किसान से मिलने आए हैं। वहीं, कैमूर के रास्ते बक्सर सीमा में प्रवेश करते ही राकेश टिकैत के साथ काफिले में शामिल प्रत्येक वाहनों की देवल पुल पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने बारीकी से जांच कर विडियो ग्राफी भी कराई। इसके बाद आगे बनारपुर गांव की तरफ काफिला को रवाना किया गया। बक्सर के चौसा में किसान नेता राकेश टिकैत के पहुंचने की सूचना पर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गई है। सुबह से ही कई थानों के साथ भारी संख्या में पुलिस चौसा के विभिन्न चौक चौराहों पहुंच क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। साथ ही मौजूद पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में हर छोटी बड़ी वाहनों को बारीकी



से जांच की जा रही है। साथ ही बक्सर मुख्यालय में एक किसान महापंचायत का भी आयोजन किया गया है जिसको संबोधित करेंगे। 20 मार्च को जिला प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता की धारा 144 और हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देकर थर्मल पावर का गेट जाम कर बैठे किसानों पर लाठीचार्ज कर वहां से खदेड़ दिया था। उसके बाद पुलिस ने कोचाढी, मोहना पुरवा और बनारपुर गांव में घुस किसानों के घर के सामान तोड़ने के साथ उनके परिवारों को बेरहमी से मारा पीटा भी था जिसका वीडियो भी सामने आया था। प्रशासन ने पुलिस पर जानलेवा हमले के अलावा विभिन्न धाराओं में 53 नेम्ड और 300 के आसपास अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। लगातार किसानों के घरों में छापेमारी, बक्सर एसडीओ, डीएसपीआई चौसा सीओ, बीडीओ के साथ मुफस्सिल थाना और भारी संख्या में पुलिस पहुंच रही है, जिससे गांव में दहशत का माहौल है। बता दें कि राकेश टिकैत भारतीय किसान यूनियन के नेता हैं, जो भारत सरकार को तीन कृषि कानून का विरोध में आंदोलन कर सरकार को बैकफुट पर लाया था। बनारपुर में किसानों के ऊपर जिला प्रशासन के तांडव को लेकर राकेश टिकैत बनारपुर गांव में पहुंच पीड़ित किसानों से मिलेंगे। उसके बाद बक्सर के होमगार्ड के ग्राउंड में किसान महापंचायत का आयोजन कर आगे की रणनीति तैयार करने की संभावना जताई जा रही है।

**लाठीचार्ज में पीड़ित किसानों से मिलेंगे**

# भाजपा नेता विशेश्वर ओझा हत्याकांड में 7 दोषी

निज संवाददाता। आरा

**अपराधियों ने गोलियों से किया था छलनी, 16 अप्रैल को आरा कोर्ट में होगी सजा पर सुनवाई**



भाजपा नेता विशेश्वर ओझा हत्याकांड में कोर्ट ने 8 साल बाद 7 आरोपियों को दोषी करार दिया है। आरा सिविल कोर्ट के एडीजे–8 नीरज किशोर ने मंगलवार को इस चर्चित हत्या मामले की सुनवाई की और सजा के मामले पर 16 अप्रैल को सुनवाई होगी। कोर्ट ने ब्रजेश मिश्रा, हरेश मिश्रा, उमाकांत मिश्रा, टुन्नी मिश्रा, बसंत मिश्रा, हरेंद्र सिंह और पप्पू सिंह को दोषी माना हैं। ब्रजेश मिश्रा और हरेश मिश्रा दोनों सगे भाई है, जो पहले से ही जेल में बंद हैं। वहीं, कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में 6 आरोपियों को बरी कर दिया है। 12 फरवरी 2016 की देर शाम भाजपा के तत्कालीन प्रदेश उपाध्यक्ष विशेश्वर ओझा एक शादी समारोह में सफारी गाड़ी से सोनवर्षा गांव गए थे। लौटने के दौरान आरोपियों ने साथियों के साथ ओझवलिया गांव निवासी विशेश्वर ओझा पर फायरिंग कर दी। उनकी गाड़ी को रुकवा कर गोलियों से छलनी कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया था। इस फायरिंग में विशेश्वर ओझा के समर्थक भी गोली लगने से घायल हो गए थे। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपित गंगा नदी पार कर भाग निकले थे। इस मामले में भाजपा नेता के भतीजा राजनाथ ओझा के बयान पर केस दर्ज किया गया था।

# टैक्टर के डाला से 303 लीटर शराब बरामद, चालक धराया, उत्तर प्रदेश से पटना ले जाई जा रही थी खेप

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस ने एक शराब की बड़ी खेप को बरामद की है। कोईलवर थाना क्षेत्र के मनभावन मोड़ के समीप ट्रैक्टर के डाला में तहखाना बनाकर उत्तर प्रदेश से पटना लाई जा रही शराब को उड़नदस्ता टीम ने पकड़ा। ट्रैक्टर के डाला में बीचों–बीच छिपाकर रखे 1684 पैकेट जब्त किया है। डाले के दो तहखाने से 8PM के 180 ML के 303.12 लीटर शराब बरामद हुई है। साथ ही एक ट्रैक्टर चालक को भी गिरफ्तार किया गया है।

**छपरा की ओर से आ रहा था ट्रैक्टर:** गिरफ्तार चालक पटना के दीघा थाना क्षेत्र के रामजीचक चानपुर गांव निवासी रविन्द्र राय का पुत्र राकेश कुमार है। पुलिस ने ट्रैक्टर भी जब्त किया है। SDPO सदर–2 रंजीत कुमार ने बताया कि कोईलवर थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि शराब की बड़ी खेप उत्तर प्रदेश से कोईलवर के रास्ते पटना जाने वाली है। सूचना मिलते ही कोईलवर थाना पुलिस औक उड़नदस्ता की टीम ने मनभावन होटल के समीप वाहनों की जांच शुरू की। जांच के क्रम में ट्रैक्टर डाला सहित छपरा की तरफ से आ रहा था। चालक ने पुलिस को चेकिंग करते देखा और ट्रैक्टर को छोड़कर भागने लगा। जिसे चेकिंग कर रहे पुलिसकर्मियों ने पकड़ लिया। जांच के क्रम में ही ट्रैक्टर डाला में दो तहखाने दिखे।



वाहन जांच के दौरान हुई कार्रवाई

**गैंग का पता लगाया जा रहा:** तहखाना में 8 पीएम ब्रांड की टेट्रा पैक शराब भरी हुई थी। इसके बाद पुलिस चालक समेत ट्रैक्टर को थाना ले आई। एसडीपीओ ने कहा कि शराब की तस्करी में जो भी गैंग इस धंधे में काम कर रही है उसका पता लगाया जा रहा है।

# सड़क हादसे में किशोर की मौत, बोलेरो ने रौंदा

निज संवाददाता। आरा

**सड़क पार करने के दौरान हुआ हादसा**



भोजपुर जिले के गजराजगंज थाना क्षेत्र के करीसाथ गांव में मंगलवार की दोपहर अनियंत्रित बोलेरो ने सड़क किनारे जा रहे हैं एक बालक को रौंद दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत बालक रोहतास जिला के दावथ थाना क्षेत्र के बभनी गांव निवासी विकास मुसहर का 8 वर्षीय पुत्र विवेक मुसहर है एवं वह चौथी कक्षा का छात्र था। इधर मृत बालक की नानी दशहरी देवी ने बताया कि वह एक सप्ताह पूर्व अपनी बेटी सरिता के ससुराल रोहतास के बभनी गांव गई थी। वहां से वह अपने नाती विवेक कुमार एवं नतनी बिंदा को अपने साथ अपने घर ले आई थी।मंगलवार की दोपहर वह अपने नाती विवेक कुमार एवं नतनी बिंदा के साथ कारीसाथ गांव अपने भतीजे उपेंद्र के घर न्योता देने जा रही थी। इस दौरान करीसाथ गांव स्थित दुर्गा मंदिर के समीप पीछे से आ रही अनियंत्रित बोलेरो ने उनके नाती विवेक कुमार को रौंद दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया जा रहा था। तभी उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बावजूद इसके परिजन उसे इलाज के आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन अपनी स्वेच्छा से शव का बिना पोस्टमार्टम कराए ही वापस गांव ले गए।

बताया जाता है कि मृत बालक अपने दो भाई व तीन बहन में बड़ा था। उसके परिवार में मां सरिता देवी, तीन बहन संजना,संजू बिंदा एवं एक भाई दीपक है। घटना के बाद मृत बालक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृत बालक की मां सरिता देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# टॉप टेन में शामिल अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस ने टॉप टेन की सूची में शामिल अपराधी को गजराजगंज ओपी क्षेत्र अंतर्गत बड़कागांव पुल के समीप से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया वांछित गजराजगंज ओपी के चौरासनी गांव निवासी रामाधार सिंह उर्फ पंकज प्रियदर्शी है। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि आपराधिक इतिहास रहा है। हत्या के प्रयास मामले में फरार था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वांछित बदमाश गजराजगंज ओपी क्षेत्र में छुपा हुआ है। प्रशिक्षित डीएसपी रश्मि कुमारी और ओपी प्रभारी हरी प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने गांव के चारों तरफ घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाश के विरुद्ध गजराजगंज, उदवंतनगर थाना में 2008 से लेकर 2023 के बीच पांच केस मिले हैं। हत्या, रंगदारी, हत्या का प्रयास और फायरिंग जैसे कई गंभीर केस हैं। 14 अक्टूबर 2023 को हत्या के प्रयास को लेकर केस हुआ था जिसमें फरार चल रहा था। एसपी नीरज कुमार सिंह के आदेश पर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए अभियान में 31 पकड़े गए।

# सड़क हादसे में जख्मी की हुई मौत, छह दिन पहले दाहसंस्कार में जा रहे थे बक्सर

**आरा।** सड़क हादसे में जख्मी एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। इलाज के दौरान पटना के निजी अस्पताल में मंगलवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक चरपोखरी थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव निवासी स्व. बृंदा सिंह के 57 वर्षीय पुत्र दयानंद सिंह हैं। वे पेशे से किसान थे। बता दें कि बीते गुरुवार की रात चरपोखरी थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव निवासी राम लाल सिंह की पत्नी गुंजा देवी की हृदय गति रुकने के कारण मौत हो गई थी।कुछ की मौके पर ही हुई थी मौतः सभी लोग सवारी गाड़ी रिजर्व कर उनके पार्थिव शरीर का दाह-संस्कार करने के लिए बक्सर जा रहे थे। जाने के क्रम में बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर धनगाई थाना क्षेत्र के औरैया टोला गांव के समीप उनकी सवारी गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। जिसमें चरपोखरी थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव निवासी स्व. मुसाफिर सिंह के 65 वर्षीय पुत्र और मृतका गुंजा देवी के पति राम लाल सिंह, बिंदेश्वरी सिंह के 40 वर्षीय पुत्र कमलेश सिंह, स्व. बबन सिंह के 40 वर्षीय पुत्र कृष्ण सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। जबकि दयानंद सिंह व पुत्र पवन कुमार समेत छह लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। जिसके बाद सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद दयानंद सिंह की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था।

### 10 किलो गांजा के साथ महिला तस्कर सहित दो गिरफ्तार

**बक्सर।** लोक सभा चुनाव को लेकर बक्सर में जहां चौक चौराहों पर जांच अभियान चलाया जा रहा है। वहीं रेलवे स्टेशनों पर भी आरपीएफ और जीआरपी द्वारा संयुक्त रूप से उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार ऑपरेशन नार्कोस के तहत जांच अभियान चलाया गया। संयुक्त रूप से चेकिंग के दौरान दस किलो गांजा के साथ असम की महिला समेत दो लोगों को रेल पुलिस ने पकड़ लिया। जिसकी बाजार मूल्य लगभग एक लाख रुपया बताया जा रहा है। बक्सर आरपीएफ पोस्ट प्रभारी दीपक कुमार द्वारा इसकी जानकारी देते हुए बताया गया की वरीय अधिकारियों से मिले आदेश के अनुसार ऑपरेशन नार्कोस के तहत आरपीएफ व जीआरपी बक्सर के द्वारा संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था।

**पूर्व मध्य रेल**

**शुद्धि-पत्र**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर 02 नग एवं भभुआ रोड स्टेशन पर 02 नग वाटर भेण्डिंग मशीन की स्थापना एवं संचालन हेतु ई. नीलामी कैटलॉग सं॰ CATG-DDU -32 के विरूद्ध ई. नीलामी जो 20.04.2024 को निर्धारित थी वह **अब 23.04.2024 को होगी** । अन्य नियम व शर्तें समान रहेगी ।

मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पू॰म॰रेल, पं॰ दीन दयाल उपाध्याय मंडल

पीआर/058/डीडीयू/वा./सी/24–25/20

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं.: एलआरसी-3_सीटी-सैंड-ब्लॉस्ट-पीटी-IV, दिनांक 09.04.2024;** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (एलएचबी), पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए वित्तीय एवं तकनीकी रूप से सक्षम निविदादाताओं से ई-निविदाएं (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** प्रत्येक पीओएच में उपकरणों के साथ आईसीएफ बोगियों की सैंड ब्लॉस्टिंग। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 5,12,47,983.60। **बयाना राशि:** रु. 4,06,200/-। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0.00; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 30.04.2024 को अपराह्न 2.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण जहां निविदा के परिपूर्ण विवरण के उपलब्ध है: www.ireps. gov.in**

(MISC-10/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंडो के संचालन हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न हैं: **(1) (AA/1) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी:** भभुआ रोड रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षो के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या:** Park-DDU-24-01 **ई–नीलामी लॉट संख्या:** Parking-DDU-BBU-FW-42-22-1 **ई–नीलामी की तिथि एवं समय:** ई–नीलामी दिनांक 24.04.2024 को 11:00 बजे शुरू होगी और 11:30 बजे बंद होगी। **(AB/1) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी:** हैदर नगर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित मिक्स (दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन) पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षो के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या:** Park-DDU-24-01 **ई–नीलामी लॉट संख्या:** Parking-DDU-HDN-MX-64-23-1 **ई–नीलामी की तिथि एवं समय:** ई–नीलामी दिनांक 24.04.2024 को 11:00 बजे शुरू होगी और 11:40 बजे बंद होगी। **(AB/2) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी:** सासाराम रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया (मोहम्मदीगंज साइड) में स्थित मिक्स (दो पहिया एवं चार पहिया वाहन) पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षो के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या:** Park-DDU-24-01 **ई–नीलामी लॉट संख्या:** Parking-DDU-SSM-MX-49-22-3 **ई–नीलामी की तिथि एवं समय:** ई–नीलामी दिनांक 24.04.2024 को 11:00 बजे शुरू होगी और 11:50 बजे बंद होगी। **(AC/1) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी:** अन्कोरहा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित तीन पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षो के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या:** Park-DDU-24-01 **ई–नीलामी लॉट संख्या:** Parking-DDU-ANH-RW-36-22-1 **ई–नीलामी की तिथि एवं समय:** ई–नीलामी दिनांक 24.04.2024 को 11:00 बजे शुरू होगी और 12:00 बजे बंद होगी। **(2) वेबसाइट का पता जहॉं ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है:** www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) पू०म०रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय।

पीआर/00050/डीडीयु/सीओएमएल/एन/24–25/52

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



## एक नजर

### हथियार के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार



**भागलपुर (नि.सं.)।** लोकसभा चुनाव को लेकर छापेमारी अभियान चल रहा। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक किसान को फसल लूटने की धमकी दे रहे हैं। सूचना सत्यापन करते हुए छापेमारी दल की टीम घटनास्थल पर पहुंची। जहां पर पुलिस को देख दोनों युवक भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया लेकिन दोनों नहीं पकड़ाए। पुलिस ने मौके से संजीत मंडल को पकड़ा और उसकी तलाशी ली तो देसी कट्टा-कारतूस बरामद हुआ। गोपालपुर थाना में बयान के आधार पर आर्म्स एक्ट के तहत कांड दर्ज कर एक अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान तीनटंगा दियारा के संजीत मंडल के रूप में की गई है। मामले को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। छापेमारी के दौरान गोपालपुर थाना अध्यक्ष के साथ एसटीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से रणवीर यादव उर्फ राणा यादव के घर में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान जैसे ही आरोपी के घर का दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया गया तो छत से कूद दो लड़के भागने लगे। जिसे सशस्त्र बल ने पकड़ लिया। दोनों युवक की तलाशी ली तो गोलू उर्फ शुभंकर कुमार के कमर से लोडेड देसी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस और दूसरे आरोपी शिवम कुमार के पॉकेट से दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इस संबंध में गोपालपुर थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### टॉप-10 की लिस्ट में शामिल अपराधी गिरफ्तार



**सुपौल (नि.सं.)।** सुपौल के पिपरा थाना की पुलिस ने 25 हजार के इनामी अपराधी को पकड़ा है। पुलिस ने जिले के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल मो.शब्बीर को गिरफ्तार किया है। इसकी गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर पिपरा थाना क्षेत्र के श्याम नगर चौक से की गई है। सब्बीर पर पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित किया था। गिरफ्तार शब्बीर मधेपुरा जिले के सिंहेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत लालपुर गांव का निवासी है। सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने इसकी पुष्टि की है। सुपौल सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने बताया कि सब्बीर पिपरा थाना कांड संख्या 86/23 में गिरफ्तार किया गया है। बीते वर्ष 16 मार्च को दर्ज इस प्राथमिकी में उस पर डकैती का आरोप है। सदर एसडीपीओ ने बताया कि इसके अलावा उसके विरुद्ध मधेपुरा जिले के सिंहेश्वर थाना में तीन और गम्हरिया थाने में एक केस दर्ज है। सब्बीर के विरुद्ध सिंहेश्वर थाना कांड संख्या 234/20, 247/20 और 264/20 तथा गम्हरिया थाना कांड संख्या 204/22 दर्ज है।

### दो घर से गहने, कपड़े, पैसे चुराकर ले भागे चोर



**लखीसराय (नि.सं.)।** लखीसराय के किऊल थाना से महज कुछ ही दूर स्थित वृदांवन गांव में चोरों ने दो घरों में चोरी की है। बदमाशों ने आभूषण, पैसे, कीमती कपड़े चुराए हैं। बताया जाता है कि मंगलवार की रात वृदांवन गांव निवासी उमा शंकर ठाकुर और छोटू यादव के घर चोरों ने उस चोरी की घटना का अंजाम दिया जब घर के लोग गहरी नींद में सोए हुए थे। गृहस्वामी का आरोप है कि घटना के बाद चोरी की सूचना किऊल थाना की पुलिस को दी गई।बावजूद पुलिस की तरफ से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उमाशंकर ठाकुर और छोटू यादव ने बताया कि जगने के बाद जब उन्होंने अपने कमरा का दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो उनके कमरा का दरवाजा बाहर से लगा पाया। काफी मशक्कत के बाद किसी तरह दरवाजा खोला तो देखा जिस रूम में अन्य सदस्य सोए थे सभी रूम का दरवाजा बाहर से लगा बंद था। इसमें सामान रखा था उसका दरवाजा खुला हुआ था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। अन्य सदस्य के कमरा का दरवाजा खोलकर सभी को एकत्रित कर बिखरे पड़े सामान को देखा उसके बाद 112 नंबर पर डायल कर मोबाइल पुलिस को घटनास्थल पर बुलाया। लगभग आधे घंटे बाद चार बजे पहुंची मोबाइल पुलिस ने उनके घर में चोरी का आकलन किया। पीड़ित ने किऊल थाना को आवेदन में अज्ञात चोर के द्वारा घटना को अंजाम देने की बात कही व अपने स्तर से जांच पड़ताल कर सकारात्मक कार्रवाई का मांग की। इधर, थानाध्यक्ष विजेंद्र प्रसाद सिंह ने की आवेदन के आधार पर कार्रवाई की बात कही।

### मां विषहरी प्राण प्रतिष्ठा- शतचंडी यज्ञ शुरू



**बेगूसराय।** तेघड़ा नगर परिषद क्षेत्र के बजलपुरा गांव में मां विषहरी मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा और शतचंडी महायज्ञ कलश शोभा यात्रा के साथ शुरू हो गया। कलश शोभा यात्रा बजलपुरा गंगा घाट से निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में कन्या, श्रद्धालु और स्थानीय लोग शामिल हुए। कलश शोभा यात्रा गंगा तट से चलकर विभिन्न मोहल्लों से होते हुए यज्ञ स्थल पर आकर सम्पन्न हुई। आयोजन समिति के संयोजक सत्येंद्र प्रसाद सुधांशु ने बताया कि पौराणिक मान्यता और व्यवस्थाओं को जीवंत बनाते हुए सौ वर्ष प्राचीन मंदिर जो काफी पुराना हो गया था। जिसे नया बनाया गया है। मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर यज्ञ का आयोजन किया गया है। यह पांच दिवसीय आयोजन आज से प्रारंभ हुआ। काशी के विद्वान पंडित यज्ञ संपन्न कराएंगे। संगीतमय सांस्कृतिक कार्यक्रम है, इसमें प्रसिद्ध गजल गायक धीरज कांत और उनके अन्य मंडली के कलाकार आ रहे हैं, सत्संग का भी आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि मां विषहरी का यह मंदिर आस्था का अद्भुत केंद्र है। मान्यता है कि इस क्षेत्र के जो लोग सर्प दंश या विषधर जीव दंश का शिकार हो जाते हैं या अन्य छोटे-मोटे जादू टोना का शिकार होते हैं तो वह यहां आते हैं। प्रसाद पाकर ठीक हो जाते हैं। अति प्राचीन मूर्ति पिंडी के रूप में स्थापित थी। 5 वर्षों से स्थानीय लोगों के सहयोग से भव्य मंदिर का निर्माण चल रहा था।

---

सुबह ताला टूटा मिला, बिखरे मिले थे सभी सामान

# जेई के घर से 10 लाख के जेवरातों की चोरी, पड़ोसी के घर सो रहे थे सभी लोग



- घर में पेस्ट कंट्रोल का काम चल रहा था
- चोरों ने अलमीरे के लॉक को तोड़कर दिया चोरी की वारदात को अंजाम

निज संवाददाता

पूर्णिया। पूर्णिया में बिजली विभाग के जेई के घर में चोरी हुई है। घर बंद था। ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे। घर में पेस्ट कंट्रोल का काम हो रहा था। जिसकी वजह से सपरिवार बीती रात पड़ोस के घर सोने गए थे। इसी का मौका उठाकर बेखौफ चोरों ने उनके घर को निशाना बनाया। चोर 10 लाख से अधिक के सोने-चांदी के जेवरात अपने साथ ले गए। वारदात को लेकर जेई ने के.हाट थाना में आवेदन दिया है। घटना के.हाट थाना क्षेत्र के फोर्ड कंपनी चौक की है। पीड़ित जेई बिजली विभाग के गुलाबबाग एरिया के जेई शारदा कुमारी है। जो गृहस्वामी पंकज चौधरी के घर में बतौर किराएदार रह रही हैं। पति गेल इंडिया बेगूसराय में इंजीनियर हैं। पीड़िता जेई शारदा कुमारी ने कहा कि घर में काफी कीट होने की वजह से उन्होंने कल घर में पेस्ट कंट्रोल का काम कराया था। जिस वजह से घर के मुख्य दरवाजे पर ताला लगाकर सपरिवार पड़ोस के घर में सोने गई थी। सुबह वापस घर आने पर दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर प्रवेश करते ही सारा सामान बिखड़ा पाया। कमरे में मौजूद अलमारी का लॉक टूटा था। लॉकर में रखा गया 10 लाख रुपए से अधिक के सोने-चांदी के जेवर गायब थे। जिसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस आसपास का सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पीड़िता और स्थानीय लोगों ने बताया कि ये कोई पहली घटना नहीं। इससे पहले भी चोरों ने घर और ऑफिस में घुसकर लैपटॉप और मोबाइल फोन की चोरी की है। के.हाट थानाध्यक्ष कौशल कुमार ने बताया कि बंद घर में हुई चोरी की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही चोर पकड़े जाएंगे।

### चोरों ने की सात लाख की संपत्ति चोरी

निज संवाददाता

**पूर्णिया।** पूर्णिया में शिक्षक के बंद कमरे का ताला तोड़ चोरों ने 7 लाख की संपत्ति की चोरी की है। शिक्षक अपनी पत्नी का इलाज कराने पटना गए हुए थे। तभी मौका पाकर बेखौफ चोरों ने उनके कमरे को निशाना बनाया। शातिर चोर 6 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात समेत करीब 1 लाख रुपए के कीमती सामान अपने साथ ले गए। चार की संख्या में आए चोरों ने मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। नकाबपोश चोरों की हर हरकत घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। चोरी की इस वारदात को लेकर शिक्षक ने स्थानीय थाना में आवेदन दिया है। मामला शहर के मधुबनी थाना क्षेत्र के न्यू राजेन्द्रनगर गुड्डू पोखर मोहल्ले की है। पीड़ित शिक्षक की पहचान पंकज कुमार के रूप में हुई है। जो पिछले 2 साल से शहर के मधुबनी थाना क्षेत्र के न्यू राजेन्द्रनगर गुड्डू पोखर मोहल्ले में स्थित विनोद कुमार गुप्ता के घर में बतौर किराएदार रह रहे हैं। पीड़ित शिक्षक पंकज कुमार ने बताया कि वे करीब एक सप्ताह पहले अपनी बीमार पत्नी सुप्रिया कुमारी के इलाज के लिए पटना गए हुए थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने बंद पड़े कमरे को निशाना बनाया। अगली सुबह मॉर्निंग वॉक पर जाने से पहले गृहस्वामी ने उनके कमरे का ताला टूटा हुआ पाया। जिसके बाद कॉल कर उन्हें कमरे में चोरी होने की शंका जताई। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर चार चोरों को घर में घूसते और फिर उनके कमरे से चोरी का सामान लेकर भागते देखा। इसकी जानकारी मिलते ही वे पत्नी को लेकर पटना से पूर्णिया के लिए रवाना हुए।

## हाइवा और बाइक की टक्कर से एक युवक की मौत, एक घायल



निज संवाददाता

**मधेपुरा।** मधेपुरा में मंगलवार की देर शाम एक तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार को रौंद दिया। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना सदर थाना क्षेत्र के पीएस कॉलेज के पास की है। मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के वार्ड-09 फरीदाबाद मोहल्ला निवासी मो एनुल का बेटा मो समीर के रूप में हुई है। वहीं, घायल युवक की पहचान मो जेनुल का बेटे मो गोलू के रूप में किया गया है। घटना को लेकर बताया गया कि मो समीर अपने दोस्त मो गोलू के साथ बाजार गया था। इस दौरान पीएस कॉलेज के पास वाहन ने बाइक को रौंद दिया। इस हादसे में बाइक चला रहे मो समीर वाहन की चपेट में आ गया जबकि पीछे बैठे मो गोलू बाइक से दूर फेंका गया। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां पर से मो समीर को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई।

घटना से आक्रोशित लोगों ने पुरानी बाजार में रोड जाम कर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। हालांकि जाम की सूचना पर पहुंची सदर थाने की पुलिस ने तुरंत लोगों को समझा कर जाम हटवाया। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। मृतक के पिता मो एनुल ठेला चला कर अपना जीवनयापन करते है। उन्होंने बताया कि समीर चार भाई में दूसरे नंबर पर था। वह मधेपुरा में ही एक गैरेज में बाइक मैकेनिक का काम करता था। वहीं सदर थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अगलगी में दो दुकान जलकर राख



निज संवाददाता

**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)।** बेतिया नगर के मीना बाजार स्थित जंगी मस्जिद के समीप मंगलवार रात 12 बजे अचानक आग लगने से दो दुकान जलकर राख हो गए। घटना का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि स्थानीय लोगों की सूचना पर तीन गाड़ियों के साथ पहुंची फायर ब्रिगेड के 15 कर्मियों ने एक घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बता दें कि मीना बाजार उत्तर बिहार का सबसे बड़ा मार्केट कहा जाता है। मंगलवार की रात करीब 9 बजे किताब दुकानदार अयाज खान और चप्पल दुकानदार जावेद अब्दुल्ला अपना दुकान बंद कर घर चले गये। देर रात करीब 12 बजे स्थानीय लोगों ने दुकान से धुआं और आग की लपट देख पुलिस के 112 की टीम को सूचना दी जिसके बाद 20 मिनट के अंदर जिला अग्निशमन पदाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर प्रभारी अग्नि सावन पदाधिकारी गणेश शंकर विद्यार्थी के नेतृत्व में 15 कर्मियों ने तीन गाड़ियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर एक घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग पहले अयाज खान की किताब दुकान में आग लगी। हालांकि समय पर अग्नि विभाग के कर्मी ने पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। घटना के वक्त पूरे मार्केट में अफरा-तफरी मच गई।

पकड़े गए सभी साइबर अपराधी जामताड़ा मॉड्यूल पर कर रहे थे काम

## साइबर ठगी करने वाले गिरोह के 11 सदस्य गिरफ्तार

- पहले चार शातिरों को पकड़ा गया
- सभी को प्रशिक्षण देने वाला भी गिरफ्तार



निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर पुलिस ने इंटरनेशनल साइबर फ्रॉड गिरोह का पर्दाफाश किया है। बिहार के कई जिले में रेड कर इस गिरोह के करीब एक दर्जन सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसका बड़ा अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की जानकारी पुलिस अनुसंधान में सामने आया है। पकड़े गए सभी साइबर अपराधी जामताड़ा मॉड्यूल पर काम कर रहे थे। मूज़फ्फरपुर पुलिस के हत्थे चढ़े इस गिरोह के 11 सदस्यों में इसका मास्टर माइंड मुरारी कुमार भी गिरफ्तार हुआ है। पुलिस की छापेमारी में इस गिरोह से एक लैपटॉप, एक टैब के साथ कई राज्य के 36 सिम कार्ड, 21 ATM कार्ड और ठगी किए गए लोगो के रिकॉर्ड सहित कई संदिग्ध सामग्री जब्त की गई है।

मुज़फ्फरपुर एसएसपी राकेश कुमार ने इसकी पुष्टि की है। जिले के सिवाई पट्टी थाना क्षेत्र में पहले इस गिरोह के चार शातिर बदमाशों को पकड़ा गया। जो लोगों से साइबर ठगी करने का काम कर रहे थे। जिसके बाद इनकी शिनाख्त पर टीम ने करवाई करते हुए पूर्वी चंपारण जिले के पिपरा कोठी, पकड़ी दयाल, राजेपुर और पश्चिम चंपारण के बेतिया में गिरोह के कई अन्य सदस्यों को गिरफ्तार किया था। जिसमें गिरोह के 11 सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़े। जिसके पास से कई राज्य के सिम कार्ड, 1 लैपटॉप, 01 टैब, 36 सिम कार्ड, 13 मोबाइल फोन, 21 एटीएम, 02 इंडिया पोस्ट बैंक के कार्ड, 04 विभिन्न बैंक के वेलकम कीट, चेक बुक, एटीएम, कैश डिपोजिट स्लिप, 05 पेन ड्राइव सहित कई अन्य सामग्री को जब्त किया गया है। SSP एसएसपी राकेश कुमार ने बताया कि लगातार साइबर फ्रॉड गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान मुजफ्फरपुर, पश्चिम चंपारण और पूर्वी चंपारण जिले में एक साथ रेड करके 11 शातिर बदमाशों को पकड़ा गया है। जिनके पास से भारी संख्या में एटीएम कार्ड और बैंक खाते से जुड़े हुए कई सामग्री जब्त हुए। इसके साथ ही अन्य राज्य के सिम कार्ड बरामद हुए। सिवाई पट्टी थाना क्षेत्र में रेड करने के बाद अन्य जिला में रेड करके सभी को पकड़ा गया है। जिसमें इस गिरोह का मास्टर माइंड मुरारी कुमार भी शामिल है। वही इस गिरोह में शामिल नवीन कुमार आईटी एक्सपर्ट है, और वही इस टीम को लीड कर रहा था और सभी को प्रशिक्षण देने का काम करता था।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिकारियों को कई जरूरी निर्देश

## डीएम ने हवाई अड्डा का किया निरीक्षण कई व्यवस्थाओं का लिया जायजा

- पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारी और अभियंता को हवाई अड्डा को चालू हालत में रखने का दिया गया निर्देश



निज संवाददाता

**किशनगंज।** किशनगंज के डीएम तुषार सिंगला द्वारा खगड़ा अंतर्गत स्थित हवाई अड्डा का औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिकारियों को कई जरूरी निर्देश दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर डीएम तुषार सिंगला ने सभी अधिकारियों के संग किशनगंज के हवाई अड्डा का निरीक्षण किया है। इस दौरान डीएम द्वारा हवाई अड्डा पर हेलीपैड, रनवे, सेफ हाउस और बाउंडरी वॉल की मरम्मती, हवाई पट्टी की मरम्मती आदि के व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है। बता दें कि हवाई अड्डा के सेफ हाउस आदि की मरम्मती भवन प्रमंडल के स्तर से किया जाता है।

निरीक्षण के क्रम में मुख्य रूप से डीएम ने रनवे की मरम्मती का जायजा लेते हुए हवाई अड्डा को चालू हालत में रखने का निर्देश पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारी और अभियंता को दिया है। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भी नेताओं के हेलिकॉप्टर का ठहराव हवाई अड्डा में होना है जिसके वजह से हवाई अड्डा के सभी प्रकार के व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया है। वही इस निरीक्षण के समय डीएम तुषार सिंगला के साथ संबंधित विभाग के कई अधिकारी सहित जिला प्रशासन के कई वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

### नदी में मिला युवती का शव गले पर दिखा निशान

**समस्तीपुर (नि.सं.)।** समस्तीपुर में बुधवार को नून नदी में वरूणा पुल के पास एक युवती का शव उपलाती अवस्था में मिला। युवती ने जींस व सलवार पहन रखा है। लेकिन अब तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। उसके गले पर हल्का काला निशान पाया गया है। इससे आंशका जाहिर की जा रही है कि गला दबाकर युवती की हत्या की गई है। इसके बाद शव को पुल से नीचे नदी में फेंक दिया गया। इधर, घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। मामला हलई थाना क्षेत्र का है। सूचना पर पहुंची हलई पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुल से गुजरने वाले लोगों ने नदी में उपलाता शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुल के पास नदी किनारे किसी युवक का चप्पल भी मिला है। उधर, आशंका यह भी व्यक्त की जा रही है कि युवती की हत्या के बाद शव को यहां नदी में लाकर फेंका गया है। ताकि मामला डूबने का लगे। युवती के पहनावे से लग रहा है कि वह संपन्न परिवार से जुड़ी है।

## 61 हेडमास्टर को शो-कॉज, वेतन पर लगी रोक, पूरे मंथ की कटेगी सैलरी

निज संवाददाता

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी में एक साथ 61 हेडमास्टरों को शो-कॉज किया गया है। नोटिस नहीं देने पर एक महीने के वेतन कटौती करने की चेतावनी भी दी गई है। जिले के सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए संचालित मध्याह्न भोजन योजना संचालन व्यवस्था की विभाग को समय पर जानकारी देने में लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस तरह की लापरवाही करने वाले 61 स्कूलों के हेडमास्टरों के वेतन भुगतान पर अगले आदेश तक रोक लगा दी गई है। साथ ही लापरवाही मामले में तीन दिनों के अंदर शो-कॉज का जवाब मांगा गया है। वहीं, जवाब नहीं मिलने पर संबंधित हेडमास्टरों का एक माह का वेतन कटौती कर कोषागार में कर दिया जाएगा। यह कार्रवाई डीईओ प्रमोद कुमार साहू ने की है। जिले में फिलहाल 2013 प्रारंभिक स्कूलों में बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन योजना संचालित बताया गया है। इस संबंध में डीईओ प्रमोद कुमार साहू ने कहा है कि स्कूलों में संचालित मध्याह्न भोजन योजना के दोपहर (आईभीआरएस) के तहत स्कूलों को विभाग द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देना रहता है, लेकिन जिले के 61 स्कूलों के हेडमास्टर ने पिछले तीन माह एक नवंबर 2023 से 31 जनवरी 2024 तक पूछे गए कॉल का न तो कनेक्ट किया और न ही कोई जवाब दिया।

विभाग ने संबंधित एचएम द्वारा गंभीरता से नहीं लेने को लगातार तीन माह से इसे अनदेखी करने का मामला बताया गया है। डीईओ ने कहा है कि संबंधित हेडमास्टरों का अगले आदेश तक वेतन भुगतान स्थगित रहेगा। साथ ही पूछे गये स्पष्टीकरण का जवाब नहीं देने पर एक माह का वेतन कटौती कर कोषागार में जमा कर दिया जाएगा। वहीं बताया गया की इस तरह के लापरवाही पर पिछले माह भी दो दर्जन से अधिक हेडमास्टरों से शो-कॉज कर कार्रवाई की गई थी।

## सड़क हादसा में बाइक सवार दो घायल

निज संवाददाता

**पटना।** पटना के फतुहा में बुधवार की दोपहर सड़क हादसा हो गया। जिसमें बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों शादी का कार्ड बांटने अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। दोनों जख्मी को तत्काल फतुहा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से घायलों को पटना रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है की खुसरूपुर थाना क्षेत्र के खिरोधरपुर निवासी योगी ठाकुर के बेटे श्याम ठाकुर(46) अपने पड़ोसी मोहन राय के बेटे छोटू कुमार(19) के साथ बाइक पर सवार होकर अपने किसी रिश्तेदार के यहां बेटी की शादी का कार्ड बांटने जा रहे थे। जैसे ही फतुहा के दरियापुर स्थित रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर मारते ही चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। बाइक सवार दोनों सड़क पर जा गिरे। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। आनन-फानन में ग्रामीणों द्वारा दोनों घायलों को फतुहा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा दोनों का प्राथमिक इलाज किया गया। दोनों घायलों की स्थिति नाजुक होने के कारण बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। ग्रामीणों की सूचना पर घायल के परिजन भी फतुहा अस्पताल पहुंच गए। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। परिजनों ने बताया कि हाल ही में इनकी बेटी की शादी होनी है। उसी को लेकर रिश्तेदारों के यहां शादी का कार्ड बांटने जा रहे थे। इस तरह का घटना हो गया।

2006 में फीफा वर्ल्ड कप में भी हुआ था सिलेक्ट

## बांका के बेटे ने औरंगाबाद नेशनल चैम्पियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

निज संवाददाता




**बांका।** बांका के शंभूगंज में बेटे ने औरंगाबाद नेशनल चैम्पियनशिप में शंभू नेशनल और कम बैक नेशनल चैम्पियनशिप ओडिशा पुरी में पार्टिसिपेट की थी। गोल्ड कुश्ती में मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। सिक्योरिटी गार्ड पिता ने अपनी मेहनत से बेटे अनंत कुमार को एक नेशनल खिलाड़ी बनाया है। इलेक्ट्रो स्टील की नौकरी छोड़कर कुश्ती खेलना शुरू किया। आज सैकड़ों मेडल जीतकर जिले में एक अलग पहचान बनाई है। 2006 में फीफा वर्ल्ड कप में भी सिलेक्शन हुआ था। मूल रूप से बांका के शंभूगंज प्रखंड के रहने वाले जोगिंदर प्रसाद सिंह के बेटे अनंत कुमार का कहना है कि मेरे पापा दिल्ली में रहते हैं। सिक्योरिटी गार्ड के सुपरवाइजर में काम करते थे। वहीं से मैंने कुश्ती स्टार्ट किया। मैंने कुश्ती गुरु हनुमान अखाड़ा से स्टार्ट किया था। मेरे गुरु जी गुरु द्रोणाचार्य आबादी है और मैं दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा जैसी जगह में दंगल लड़ना स्टार्ट किया। मैं दिल्ली स्टेट में भी सेकेंड आया था। साल 2006 में मेरा सिलेक्शन फीफा वर्ल्ड कप में हुआ था। लेकिन उसी समय पैसे मेरे पास नहीं थे। जिसकी वजह से मैं बाहर नहीं जा सका, फिर उसके बाद पापा गांव आ गए। साल 2007 में और मैं गांव में ही बगीचे में अखाड़ा बनकर प्रैक्टिस करता था। गांव के अगल-बगल दंगल का पता करता था। अकेला ही दंगल लड़ने जाता था। साल 2008 में मेरी मुलाकात संतोष सिंह कुर्मा हाई स्कूल में टीचर है, उनसे मुलाकात हुई। उन्होंने मुझे प्रखंड लेवल से बांका डिस्ट्रिक्ट लेवल खिलाया। जिला से मेरा सिलेक्शन बिहार राज्य स्तरीय कुश्ती में सिलेक्शन हुआ। मैं पटना बीएमपी में बिहार में गोल्ड मेडल जीता। वहां से नेशनल और मैं नेशनल के लिए जयपुर मानसिक स्टेडियम गया। मानसिंह स्टेडियम में मेरे साथ कुछ सिस्टम प्रॉब्लम की वजह से मैं वहां खेल नहीं पाया। फिर उसके बाद में खगड़िया, बेगूसराय और बांका में बहुत से ऐसे गांव में दंगल होता है, जहां मैं उन जंगलों में हिस्सा लिया। मैं मेडल और इनाम जीते, फिर उसके बाद में बोकारो काम करने के लिए आ गया। इलेक्ट्रो स्टील में नौकरी करने लगा।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### लोकतंत्र को अपना काम करने दिया जाए

भारत में चुनावी सरगर्मी के दौर में सत्ता में आने, सत्ता बचाने और सत्ता छीनने की तेज जद्दोजहद के बीच दिल्ली उच्च न्यायालय की यह टिप्पणी सुखद और स्वागतयोग्य है कि लोकतंत्र को अपना काम करने दिया जाए। दरअसल, दिल्ली उच्च न्यायालय ने भ्रष्टाचार के आरोप में पिछले महीने हुई गिरफ्तारी के बाद अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग वाली तीसरी याचिका को खारिज कर दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अगुवाई वाली पीठ ने दिल्ली के उप-राज्यपाल को किसी तरह की सलाह देने से भी मना कर दिया है। केजरीवाल के खिलाफ दायर की गई इन याचिकाओं की दलील है कि अदालत दिल्ली के उप-राज्यपाल को निर्देशित करे और मुख्यमंत्री का इस्तीफा लिया जाए। वास्तव में, पद न छोड़ने या पद से हटाने की राजनीति कतई अदालती विषय नहीं है। किसी भी नेता को किसी पद से हटाने की अपनी स्थापित परंपराएं हैं, उन परंपराओं में अदालती हस्तक्षेप से न्यायपालिका और विधायिका के बीच विवाद की स्थिति बन सकती है। अत- अदालत के रुख की प्रशंसा होनी चाहिए और जो लोग केजरीवाल को हटाने के पक्ष में हैं, उन्हें जिम्मेदार राजनीतिक आकाओं पर दबाव बनाना चाहिए। नैतिकता का सवाल अलग-अलग ढंग से किसी नेता को परेशान करता है और नेता अलग-अलग ढंग से इस सवाल का जवाब देते हैं। नैतिकता का प्रश्न केवल नेताओं को ही नहीं, बल्कि राजनीतिक पार्टियों को भी परेशान करता है। अब के दौर में जो चलन है, उसके अनुसार, राजनीतिक पार्टियां अपने मतदाताओं के मानस को समझकर ही फैसला लेती हैं। आम आदमी पार्टी में भी चुने हुए सभी विधायक यदि अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाए रखने के पक्ष में हैं, तो उन्हें ऐसा करने का हक है। उन्होंने निश्चित ही इस बड़े फैसले के लाभ-हानि पर विचार किया होगा। ऐसे में, उच्च न्यायालय ने उचित ही इशारा किया है कि 'उप-राज्यपाल को हमारे मार्गदर्शन की जरूरत नहीं है। हम उन्हें सलाह देने वाले कोई नहीं हैं। उन्हें कानून के अनुसार, जो भी करना होगा, वह करेंगे।' कहना न होगा, जिस देश में चार करोड़ से ज्यादा मामले अदालत में लंबित हों, वहां राजनीति को अपने हर झगड़े के निपटारे के लिए कोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटाना चाहिए।

### कुप्रथा के खिलाफ पेश की जागरूकता की मिसाल

नोएडा में स्कूली बच्चियों ने अपनी एक सहपाठी के लिए जो किया, उससे उम्मीद बंधती है कि लोग अपने आसपास अनुचित और गलत रिवाजों के विरोध को लेकर मुखर होंगे और इस तरह बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को जड़ से खत्म करने में मदद मिलेगी आमतौर पर किसी सामाजिक कुरीति का विरोध, उसे खत्म करने के लिए पहल की उम्मीद उम्र और समझ के स्तर पर परिपक्व माने जाने वाले लोगों से की जाती है। मगर नोएडा में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली कुछ बच्चियों ने बाल विवाह जैसी कुप्रथा की शिकार हो रही एक बच्ची को बचाने के लिए जैसी हिम्मत दिखाई, वह उनकी जागरूकता का एक बेहतरीन उदाहरण है। हाल ही में नोएडा के एक सरकारी स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा जब उदास दिखी, तो उसकी कुछ सहपाठियों ने इसका कारण पूछा। पता चला कि उसकी शादी जबरन कराई जा रही है, जबकि वह अभी पढ़ना चाहती है। सहपाठियों ने स्कूल के शिक्षकों को दी जानकारी,इसके बाद उसकी सहपाठियों ने स्कूल के शिक्षकों और प्रबंधन को इस बारे में जानकारी दी। फिर स्कूल प्रबंधन ने इस बात की सूचना बच्चों के लिए जारी हेल्पलाइन और पुलिस को दी। पता चलते ही पुलिस ने ऐन मौके पर पहुंच कर शादी रुकवाई और आरोपियों को पकड़ा। अब वह छात्रा फिर पहले की तरह अपनी पढ़ाई कर रही है। इस घटना की अहमियत इस रूप में है कि जिन कुरीतियों को खत्म करने की जिम्मेदारी समाज और परिवार के वयस्कों और बुजुर्गों की होनी चाहिए, उसे रोकने के लिए बच्चों ने पहल की। यह छिपा नहीं है कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा की वजह से कितनी बच्चियों का जीवन एक तरह से बर्बाद हो जाता है। उनकी पढ़ाई-लिखाई छूट जाती है, उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित होता है। इसका असर समूचे समाज के ढांचे पर पड़ता है, जिसमें स्त्री-पुरुष के बीच कई स्तर पर खाई पैदा होती है। कानूनी रूप से प्रतिबंधित होने के बावजूद अक्सर बाल विवाह के मामले सामने आते रहते हैं। दरअसल, ज्यादातर कुप्रथाएं इसीलिए चलन में रहती हैं कि समाज और परिवार के जिम्मेदार लोग ही उसे संरक्षण देते या उसकी अनदेखी करते हैं।

## सियासत की त्रासद शोकांतिका

*भला रोजाना की जिंदगी की जद्दोजहद में फंसा आम मतदाता कैसे इन जटिल मुद्दों पर किसी निर्णय तक पहुंच सकता है? अपनी समझ में सही या अपेक्षाकृत कम गलत का चुनाव उसकी अनिवार्य बाध्यता है।हमारा लोकतंत्र कब तक इन विकलांग विवशताओं के सहारे चलता रहेगा। भारतीय राजनीतिक फलक पर ऐसी घटनाएं पहले भी घट चुकी हैं। बोफोर्स का मामला याद कीजिए, जिसके कारण राजीव गांधी को अपनी सत्ता गंवानी पड़ी थी। इसके बाद चार प्रधानमंत्री ऐसे हुए, जो उनके विरोधी थे।*

(शशि शेखर)

चीन के महान युद्ध कला विशारद सुन जू ने ईसा के जन्म से करीब साढ़े पांच सौ साल पहले कहा था- 'राजनीति में दिखावा ही सब कुछ है और वंचनाएं उसी पर खड़ी होती हैं।' श्रीमान जू को क्या मालूम था कि लगभग ढाई हजार साल बाद संसार के प्राचीनतम लोकतंत्रों में एक भारत में यह खेल अपने चरम पर होगा। भरोसा न हो, तो नई दिल्ली की अदालतों और सियासी सर्कस में जारी दांव-पेच देख लीजिए। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी अदालत में तथाकथित शराब घोटाले को सही साबित करने के प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के अलावा कई और लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें से संजय सिंह को मिली जमानत नई राजनीतिक तरंगें पैदा कर गई है। संजय सिंह तपे हुए राजनीतिज्ञ हैं और समाजवादी संस्कारों की वजह से विपक्षियों पर जोरदार हमले की तरकीबों में सिद्धहस्त हैं। आला अदालत में उनके विद्वान वकील की दलील थी कि मेरे मुवक्किल को बेवजह बंद किया गया है, क्योंकि जांच एजेंसी दो साल से इस मामले में जांच कर रही है और वह अभी तक कोई 'मनी-ट्रेल' नहीं ढूंढ़ पाई है। यही नहीं, जिस गवाह दिनेश अरोड़ा के बयान पर वह गिरफ्तार किए गए थे, उसने अपने शुरुआती नौ बयानों में संजय सिंह का नाम भी नहीं लिया था। सांसद के वकील ने सवाल उठाया कि वे कौन सी वजहें थीं कि उसने अपनी दसवीं गवाही में सांसद का नाम लिया? इस दलील का संज्ञान लेते हुए अदालत ने ईडी के अधिवक्ता से इसका जवाब मांगा। उत्तर देने के बजाय ईडी ने इस बार जमानत याचिका का विरोध न करने का फैसला किया। संजय सिंह अब सीखचों के बाहर हैं और आरोप लगा रहे हैं- 'केजरीवाल के खिलाफ झूठा बयान देने के लिए वाईएसआर कांग्रेस के सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी पर लगातार दबाव बनाया गया और जब उन्होंने इनकार कर दिया, तो उनके बेटे राघव रेड्डी को गिरफ्तार कर लिया गया। कई चरणों की पूछताछ के बाद उसने केजरीवाल के बारे में अपना बयान बदला और इस बड़े षड्यंत्र का हिस्सा बन गया। एक बड़ी साजिश के तहत दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है।' संजय सिंह अदालती आदेश की बाध्यता के चलते अपने मामले में बोलने से बचते रहे। उन्हें जतन से हासिल हुई जमानत की शर्तों में साफ तौर पर दर्ज है कि वह अपने मुकदमे पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। यकीनन, इसीलिए उन्होंने अपने मुख्यमंत्री के बहाने अपनी बात कही है। इससे यह भी तय होता है कि आम आदमी पार्टी केजरीवाल की गिरफ्तारी का चुनावी लाभ उठाना चाहती है। इसी रणनीति के तहत नए पोस्टर जारी किए गए हैं, जिनमें अरविंद को सीखचों के पीछे दर्शाया गया है। भारतीय राजनीति में यह कोई नया प्रयोग नहीं है। बड़ौदा डायनामाइट मामले में कैद जॉर्ज फर्नांडिस ने भी ऐसे ही चुनाव लड़ा था। भारतीय जनता पार्टी भी चुप नहीं बैठी हुई है। उसकी ओर से कहा जा रहा है कि जमानत को लेकर इतना जश्न मनाना गलत है, क्योंकि जांच जारी है और पूरा मुकदमा अभी बाकी है।

स्पष्ट है, इन बहस-मुबाहिसों के जरिये हमारे राजनेता जनता की अदालत से मनचाहा परिणाम हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। भला रोजाना की जिंदगी की जद्दोजहद में फंसा आम मतदाता कैसे इन जटिल मुद्दों पर किसी निर्णय तक पहुंच सकता है? अपनी समझ में सही या अपेक्षाकृत कम गलत का चुनाव उसकी अनिवार्य बाध्यता है।हमारा लोकतंत्र कब तक इन विकलांग विवशताओं के सहारे चलता रहेगा। भारतीय राजनीतिक फलक पर ऐसी घटनाएं पहले भी घट चुकी हैं। बोफोर्स का मामला याद कीजिए, जिसके कारण राजीव गांधी को अपनी सत्ता गंवानी पड़ी थी। इसके बाद चार प्रधानमंत्री ऐसे हुए, जो उनके विरोधी थे। इनमें पहले तो विश्वनाथ प्रताप सिंह थे, जिन्होंने पटना की जनसभा में दावा किया था कि बोफोर्स के दलालों के नाम मेरी शेरवानी की बायीं जेब में हैं। वह इसी मुद्दे पर सत्ता में आए, मगर कुछ नहीं कर सके। सवाल उठना स्वाभाविक है कि विपक्ष के जो लोग आज घेरे में हैं, क्या उन पर आरोप प्रमाणित हो सकेंगे? भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी त्रासदी यही है कि यहां सच और झूठ, लोकतंत्र के तराजू में अर्द्धसत्य की भांति दोनों पलड़ों के बीच फंसा फड़फड़ाता रहता है। सियासी सिद्धांतों और वायदों की नीयत पर भी इसी मुकाम पर प्रश्नचिह्न चस्पां हो जाते हैं। अरविंद केजरीवाल किसी जमाने में स्थापित नेताओं, राजनीतिक दलों, उद्योगपतियों, पत्रकारों और विचारकों को कड़े शब्दों में खारिज करते हुए अवतरित हुए थे। वह वैकल्पिक राजनीति की बात करते थे, लेकिन जब पहली बार बहुमत से सरकार बनाने में सक्षम न साबित हुए, तो उन्होंने कांग्रेस का सहारा ले लिया। यह आम चुनाव वह उसी कांग्रेस के साथ लड़ रहे हैं, जिसके शीर्ष पर आज भी नेहरू-गांधी परिवार है। कभी वह उन्हें सीखचों के पीछे डालने की वकालत करते थे। इसी तरह, वह और उनके साथी लगभग सभी स्थापित नेताओं पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए इस्तीफे की मांग करते थे। आज वह खुद भ्रष्टाचार के आरोप में तिहाड़ की जेल संख्या दो में कैद हैं, पर इस्तीफा नहीं देना चाहते। इस हफ्ते की शुरुआत में पार्टी के 62 में से 56 विधायक उनके आधिकारिक आवास पर इकट्ठा हुए और अरविंद की पत्नी सुनीता केजरीवाल से कहा, आप मुख्यमंत्री तक हमारी यह भावना पहुंचा दें कि वह त्यागपत्र न दें, हम सभी उनके साथ हैं। इसके बाद से सवाल उठने लगे हैं कि अगर अरविंद केजरीवाल लंबे वक्त तक जेल में बंद रहते हैं और उन्हें त्यागपत्र देने पर मजबूर होना पड़ता है, तो क्या उनकी जगह कमान सुनीता केजरीवाल के हाथ में होगी? इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि ईडी के लेंस पर पार्टी के तमाम फायर ब्रांड नेता मौजूद हैं। दस से अधिक मंत्रालयों पर काबिज आतिशी ने तो प्रेस कांफ्रेन्स में दावा किया है कि अगला नंबर उनका है। वह राघव चड्ढा और सौरभ भारद्वाज को भी जेल यात्रियों की संभावित सूची में रखती हैं। अगर उनकी आशंका सच निकलती है, तो सुनीता केजरीवाल दिल्ली की अगली मुख्यमंत्री बन सकती हैं। राबड़ी देवी की तरह उन्हें पार्टी और सरकार संचालित करने का कोई अनुभव नहीं है। यहां सवाल उठना लाजिमी है कि अगर ऐसा होता है।

## पंडित रविशंकर ने सितार वादन को दुनिया में दिलाई अलग पहचान

(अनन्या मिश्रा)

पंडित रविशंकर ने भारतीय शास्त्रीय संगीत को पूरी दुनिया में लोकप्रियता के नए आयाम दिए थे। आज ही के दिन यानी की 07 अप्रैल को रविशंकर का जन्म हुआ था। इन्हें बचपन से ही संगीत में रुचि थी। पंडित रविशंकर ने भारतीय शास्त्रीय संगीत को पूरी दुनिया में लोकप्रियता के नए आयाम दिए थे। आज ही के दिन यानी की 07 अप्रैल को रविशंकर का जन्म हुआ था। इन्हें बचपन से ही संगीत में रुचि थी। बचपन में वह अपने भाई के डांस ग्रुप का हिस्सा थे। लेकिन 18 साल की उम्र से पंडित रविशंकर ने सितार सीखना शुरूकर दिया था। उनका अपने सितार से इतना गहरा लगाव था कि वह जहां भी शो करने जाते थे, तो प्लेन में उनके लिए दो सीटें बुक की जाती थीं। एक सीट पं. रविशंकर और दूसरी उनके सितार सुरशंकर के लिए। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर पंडित रविशंकर के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में। रविशंकर का जन्म 07 अप्रैल 1920 में एक बंगाली परिवार में हुआ था। इनके पिता श्याम शंकर चौधरी अंग्रेजों के अधीन एक स्थानीय बैरिस्टर के रूप में सेवा देते थे। फिर बाद में वह एक वकील के तौर पर काम करने के लिए लंदन चले गए थे। ऐसे में पंडित रविशंकर की परवरिश उनकी मां ने की थी। वह 8 साल की उम्र तक अपने पिता से नहीं मिले थे। साल 1930 में वह संगीत मंडली का हिस्सा बनने के लिए पेरिस चले गए। पंडित रविशंकर जब 18 साल के थे, तो उन्होंने कोलकाता में एक संगीत कार्यक्रम में अमिया कांति भट्टाचार्य को शास्त्रीय वाद्य यंत्र बजाते सुना। अमिया कांति भट्टाचार्य के प्रदर्शन से प्रेरित होकर उन्होंने भट्टाचार्य के गुरु उस्ताद इनायत खान से सितार सीखने का फैसला किया। इस तरह से पंडित रविशंकर के जीवन में सितार आया, जो अंतिम सांस तक उनके साथ रहा। बता दें कि साल 1986 से लेकर 1992 तक वह राज्यसभा के भी सदस्य रहे। इसके अलावा उनको तीन बार ग्रैमी अवॉर्ड से नवाजा जा चुका है। गुरु उस्ताद इनायत खाने से सितार बजाना सीखने के बाद रविशंकर मुंबई चले गए और यहां पर उन्होंने इंडियन पीपुल्स थिएटर एसोसिएशन के लिए काम करना शुरूकर दिया। फिर साल 1946 तक वह बैले के लिए संगीत तैयार करने लगए। इसके बाद वह एआईआर के निदेशक बने और साल 1956 तक इस पद पर रहे। आकाशवाणी में काम करने के दौरान उन्होंने ऑर्केस्ट्रा की रचना की। पंडित रविशंकर के कई गाने काफी ज्यादा फेमस हुए। जिनमें 'डोली चढ़ के दुल्हन ससुराल चली', 'आज मेरे यार की शादी है', 'मेरा यार बना दुल्हा' और 'बाबुल की दुआएं लेती जा' आदि गानें काफी फेमस हुए। इसके बाद उन्हें फिल्म 'वचन' में संगीत दिया। इस फिल्म में उन्होंने आशा भोंसले के साथ 'चंदा मामा दूर के पुआ पकाए पूर के' गाना गाया। जोकि जबरदस्त हिट रहा। पहली फिल्म में रविशंकर के काम और आवाज को हर किसी ने पसंद किया। लेकिन इसके बाद भी उनको बॉलीवुड में अपनी जगह बनाने में 5 साल का समय लग गया। बता दें कि साल 1960 में गुरुदत्त की क्लासिक फिल्म 'चौदहवीं का चांद' आई। इस फिल्म के बाद रविशंकर ने बतौर संगीतकार इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई। उन्हें शानदार करियर और काम के लिए दो बार फिल्म फेयर अवॉर्ड से नवाजा गया। साल 1961 में पहली बार फिल्म 'घराना' के सुपरहिट म्यूजिक के लिए उन्हें फिल्म फेयर मिला, तो वहीं साल 1965 में दूसरी बार फिल्म 'खानदान' के लिए फिल्म फेयर से सम्मानित किया गया। करीब चार दशक लंबे कॅरियर में पंडित रविशंकर ने 200 फिल्म और गैर फिल्मी गानों में संगीत देने का काम किया। स्वास्थ्य खराब होने के बाद भी 4 नवंबर 2012 को पंडित रविशंकर ने कैलिफोर्निया में अपनी बेटी अनुष्का के साथ आखिरी बार परफॉर्म किया। शो की प्रस्तुति से पहले पंडित रवि की तबियत इतनी खराब थी वहीं 12 दिसंबर 2012 को अमेरिका के सैन डिएगो में पंडित रविशंकर ने हमेशा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5336

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | 4 | | 6 | | |
| 9 | | | | | | | | 3 |
| 1 | | | | | 3 | | 4 | 5 |
| 5 | 6 | | | 7 | | 1 | | |
| | | 4 | 8 | | 5 | 9 | | |
| | | 1 | | 6 | | | 5 | 2 |
| 6 | 9 | | 5 | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | | 9 |
| | | 8 | | 9 | 6 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5335

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 5 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 6 | 5 |
| 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 2 | 9 |

## वर्ग पहेली 5336

[illegible]

### वर्ग पहेली 5335 का हल

[illegible]

## आज का राशिफल

### मेष
आज व्यापारी समूह को फायदा हो सकता है लेकिन इसके लिए आपको बहुत परिश्रम करना पड़ेगा। आप अगर मेहनत से नहीं घबराएंगे, तो ऊंचा मुकाम हासिल कर पाएंगे। वहीं, सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों की अपने वरिष्ठ अधिकारी से अनबन हो सकती है। शाम के समय अपने सामाजिक सम्बधों का फायदा मिलेगा। नई योजना की तरफ ध्यान दें।

### वृष
आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में किसी बड़े अधिकारी से अनबन होने से आपके लिए परेशानी बढ़ सकती है। आज क्रोध पर नियंत्रण रखें, वरना आपको घाटा हो सकता है। आज किसी बड़े काम को लेकर आपका भाग्य चमक सकता है। सामाजिक मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी। मित्रों के साथ लम्बी यात्रा पर जाना हो सकता है।

### मिथुन
आज रूका धन आश्चर्यजनक रूप से प्राप्त हो जाएगा। इससे आज आपका विश्वास धर्म एवं आध्यात्म में बढ़ेगा। धन लाभ होने से मन प्रसन्न रहेगा। रोजमर्रा के कामों में लापरवाही न बरतें। सामाजिक मेल-जोल बढ़ाने से आपको फायदा मिलेगा। इससे भविष्य में आपको धन लाभ भी हो सकता है।

### तुला
आज कड़ी मेहनत से सफलता हासिल होगी। स्वजनों से सुख, पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें। घर से जुड़ीं जो परेशानियां चलती आ रही थीं, उनसे आपको निजात मिलेगी। राजकीय मदद से आपके बिगड़े काम बनते जाएंगे।

### वृश्चिक
आज उत्तरार्ध में छोटे-मोटे लाभ की संभावना बनती दिख रही है। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे जो काफी दिनों से फंसे हुए थे, वो आज हल हो सकते हैं। आप किसी भी व्यवसाय को छोटा न समझें। आपने अगर एक बार सही शुरुआत कर ली, तो आपको फायदा मिलता जाएगा। रात्रि का समय मित्रों और परिजनों के साथ हंसी-मजाक में बीतेगा।

### धनु
आज अपने आप में ही मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना पर ध्यान न दें, बल्कि अपना काम करते रहें। आगे चलकर सफलता आपके कदम चूमेगी। आप अपने सामाजिक क्षेत्र में मेल-जोल बढ़ाने में कामयाब होंगे। इस कारण से लोगों के साथ तालमेल बनाकर रखें। सूर्यास्त के समय अचानक लाभ होने के योग हैं। इसके बाद मन प्रसन्न रहेगा।

### कर्क
आज शुभ प्रभाव से सफलता मिलेगी। उत्तरार्ध की वृद्धि अस्थिरता को जन्म देगी। वाहन, भूमि खरीदने, स्थान परिवर्तन का सुखद संयोग भी बन सकता है। सांसारिक सुख भोग व घर गृहस्थी के उपयोग की प्रिय वस्तु खरीदी जा सकती है। इससे आने वाले समय में आपकी सुख-सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। अचानक लाभ हो सकता है।

### सिंह
आज का दिन संतान से जुड़ी समस्याओं को हल करने में व्यतीत होगा। किसी प्रतियोगिता में आपकी जीत हो सकती है। किसी खास उपलब्धि से भी आपका मन प्रसन्न रहेगा, किन्तु मौसम परिवर्तन का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए आज के दिन सत्कर्म जरूर करें। दाम्पत्य में सरसता बनी रहेगी। इससे काम में मन बहुत प्रसन्न रहेगा।

### कन्या
आज वरिष्ठ अधिकारियों से प्रतिकूलता हो सकती है। दाम्पत्य जीवन में अनबन बनी रहेगी। पराक्रम वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल टूटेगा। दिन के उत्तरार्ध में अचानक अतिथियों के आगमन से व्यय भार बढ़ेगा। अच्छे कामों से आपका भाग्य उदय होगा। खासकर आपको धन लाभ होगा।

### मकर
आज आपके मन में कई तरह के विचार आ सकते हैं। इन समस्याओं के समायोचित समाधान न मिलने से मानसिक अशान्ति रहेगी। कहीं बाहर घूमने की प्लानिंग बना रहे हैं, तो उसमें रुकावट आ सकती है। बिजनेस और घर-परिवार से जुड़े मामलों में परेशानी हो सकती है। शाम के समय संतान पक्ष से अचानक शुभ समाचार मिल सकता है।

### कुंभ
आज कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़-बुन में व्यतीत होगा। आज वृश्चिक राशि वालों की अधिकारी वर्ग से अच्छी साठ-गांठ बनेगी, जिससे आपको भविष्य में जरूर फायदा होगा। किसी सरकारी संस्था से दूरगामी लाभ की पृष्ठभूमि भी आज ही बनेगी। निराशाजनक विचारों से बचें, जिससे कि आप अपनी रचनात्मकता का प्रयोग सही चीजों में कर सकें।

### मीन
आज सावधानी रखने की कोशिश करें। बेकार की परेशानियों से मन परेशान रह सकता है। मन छोटा न करें। आपको नई उपलब्धियां कड़ी मेहनत से जरूर मिलेंगी। इसके साथ ही आपका सामाजिक उत्तरदायित्व भी बढ़ेगा। किसी अनजान व्यक्ति से आज लेनदेन न करें, इससे आपको धन सम्बधित नुकसान हो सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### परसूडीह में नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**जमशेदपुर, एजेंसी।** परसूडीह में नाबालिग के अपहरण के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया गया। आरोपी नितिश कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और छपरा ले जा रही नाबालिग को भी बरामद कर लिया। मंगलवार को सदर अस्पताल में मेडिकल जांच कराने के बाद पुलिस नाबालिग का अदालत में बयान दर्ज कराएगी।

बताया जा रहा है कि नितिश कुमार नाबालिग से प्रेम करता था। उसने दोस्तों की मदद से नाबालिग का अपहरण करा लिया और खुद क्षेत्र में घूम रहा, ताकि किसी को उस पर संदेह नहीं हो। नाबालिग की मां ने 5 अप्रैल को थाने में नाबालिग के अपहरण और नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। पुलिस में दर्ज मामले में नितिश कुमार, बीरेंद्र, गोविंद और गोपाल समेत अन्य पर अपहरण का संदेह जताया था। पुलिस ने नितिश से पूछताछ की तो अपहरण का खुलासा हुआ। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

### स्टेशन पर ओवर चार्जिंग रोकने को हेल्पलाइन नंबर जारी

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटानगर स्टेशन पर अब किसी यात्री से खाद्य सामग्री का ओवर चार्ज लेने वाले स्टॉल या रेस्टोरेंट संचालक पर सख्त कार्रवाई होगी। यात्रियों की बढ़ती शिकायत पर रेलवे वाणिज्य और खानपान विभाग सतर्क हो गया। इससे सोमवार को स्टेशन के सभी स्टॉल व रेस्टोरेंट में खानपान निरीक्षक राकेश कुमार ने पोस्टर चिपकाया है, जिसमें यात्रियों से आह्वान किया कि खाद्य सामग्री पैकेट में अंकित प्रिंट मूल्य का भुगतान करें। स्टॉल और रेस्टोरेंट में निर्धारित मूल्य से ज्यादा रकम लेने पर तत्काल शिकायत करें, ताकि ओवरचार्ज लेने वालों पर कार्रवाई कर सके। इससे पोस्टर पर स्टेशन के वाणिज्य उपाधीक्षक व खानपान निरीक्षक का मोबाइल नंबर भी पोस्टर के माध्यम से जारी हुआ है। स्टेशन पर बोतलबंद पानी के साथ अन्य पैकेट फूड पर ओवरचार्जिंग की शिकायत चक्रधरपुर मंडल व दक्षिण पूर्व जोन तक पहुंच रही है, जिसे कम करने की योजना से यात्रियों की तत्काल करने का आदेश हुआ है। इससे रेलवे वाणिज्य व खानपान विभाग की सक्रियता बढ़ गई। शुक्रवार को टाटानगर के एआरएम अभिषेक सिंघल ने स्टेशन पर सभी विभागों के सुपरवाइजर से बैठक कर यात्रियों की समस्या का समाधान नौ मिनट में करने पर जोर दिया था।

### मलेरिया से बचाव को लेकर जांच में तेजी लाएं : सिविल सर्जन

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जिले में मलेरिया पर अंकुश लगाने के लिए सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी ने जांच बढ़ाने का निर्देश दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया के मरीज मिल रहे हैं। इसको लेकर पूरे जिले में जांच अभियान शुरू किया जाएगा। सिविल सर्जन ने बताया कि जांच के साथ-साथ लोगों को मलेरिया से बचाव के लिए जागरूक भी किया जाएगा। एक प्रखंड को चार भाग में बांट कर एक्शन प्लान बनाने और अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। जिस प्रखंड में मरीजों की संख्या ज्यादा है, वहां विशेष ध्यान देने को कहा गया है। जांच के दौरान संदिग्ध मरीजों को नजदीकी सीएचसी भेजने को कहा गया है।

### स्टेशन के थ्रू लेन से पार्किंग शुल्क नहीं वसूल पाएगा ठेकेदार

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद स्टेशन के पार्किंग संचालक के खिलाफ रेलवे ने निगरानी बढ़ा दी है। अब पार्किंग ठेकेदार के कर्मी थ्रू लेन से जबरन वसूली नहीं कर पाएंगे। ऐसा करने पर एजेंसी की छुट्टी करने की तैयारी चल रही है। अवैध वसूली रोकने के लिए रेलवे के आदेश पर पार्किंग स्थल पर सीसीटीवी कैमरों का जाल बिछाया गया है। पांच अप्रैल को पार्किंग ठेकेदार नया बाजार निवासी जफरुल्लाह को पत्र जारी कर 48 घंटे के अंदर पार्किंग संचालन से जुड़ी शर्त और मानक को पूरा करने का आदेश दिया गया था। पार्किंग के कर्मचारियों की मनमानी की शिकायत पर सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार ने मामले को गंभीरता से लिया था। आपके अपने लोकप्रिय अखबार हिन्दुस्तान में प्रमुखता से यह खबर छपी थी। हिन्दुस्तान में खबर छपने के बाद ठेकेदार ने कैमरे व अन्य जरूरी शर्त को पूरा करने के दिशा में तेजी दिखाई। सीनियर डीसीएम ने दो कॉमर्शियल इंस्पेक्टर को पार्किंग की निगरानी के लिए प्रतिनियुक्त किया है। उनसे नियमित रूप से फीडबैक भी लिया जा रहा है।

**पांच हजार करोड़ का घोटाला**

# जीएसटी ने दो सगे भाइयों को पकड़ा जो चीन भागने का बना रहे थे प्लान



**जमशेदपुर, एजेंसी।** पांच हजार करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाले के दो आरोपियों अमित गुप्ता और सुमित गुप्ता को जमशेदपुर जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने कोलकाता से गिरफ्तार किया है। उन्हें लेकर टीम मंगलवार को जमशेदपुर पहुंची। उन्हें एमजीएम अस्पताल में जांच के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। दोनों सगे भाई हैं। इससे पहले भी पुलिस ने जीएसटी घोटाले में दो और लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसी कड़ी में दोनों की गिरफ्तारी की गई है।

**पांच हजार करोड़ का घोटाला:** इन दोनों भाइयों की गिरफ्तारी कोलकाता के साल्ट लेक से की गई, जहां दोनों रहते हैं। सीबीडीटी के अधीन काम करने वाली जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने उनको आवास से पकड़ा। बताया जाता है कि कुल घोटाला पांच हजार करोड़ का है, जिसमें से तीन हजार का घोटाला इनलोगों ने किया है और करीब 522 करोड़ के घोटाले की बात इन लोगों ने स्वीकार की है।

**चीन भागने की थी तैयारी:** जीएसटी इंटेलिजेंस विभाग के अधिकारी ने बताया कि दोनों जुड़वां भाई चीन भागने की तैयारी में थे। इसकी सूचना मिलने के बाद जमशेदपुर से एक टीम कोलकाता पहुंची और स्थानीय पुलिस के साथ दोनों को पकड़ लिया। इससे पहले इसी तरह के घोटाले में शिव कुमार देवड़ा और विक्की भालोटिया को गिरफ्तार किया गया था। उनसे पूछताछ के दौरान इन दोनों जुड़वां भाइयों का नाम सामने आया। ये दोनों भाई एक ही फ्लैट में रहते थे और अलग-अलग फ्लोर पर रहकर अपना सिंडिकेट चलाते थे।

**शहर में100 से ज्यादा फर्जी कंपनी बनाई:** जमशेदपुर जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने जब विभिन्न कंपनियों के जीएसटी की जांच की तो पाया कि कुछ स्रोतों से एक ही कंपनी से माल का लगातार आदान-प्रदान किया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो उसके बाद जांच की गई तो पता चला कि वह सभी फर्जी कंपनियां हैं, जिन्हें जीएसटी घोटाला के लिए ही सृजित किया गया। जांच में पाया कि जमशेदपुर में कई ऐसी कंपनियां हैं, जिनमें फर्जी तरीके से लेन-देन किया जा रहा है। जांच में पाया गया कि 100 से ज्यादा कंपनियां ऐसी हैं, जिसमें फर्जी तरीके से लेनदेन हो रहा है। अबतक तीन हजार करोड़ से ज्यादा के लेन-देन सामने आए हैं।

**150 करोड़ का घोटाला बढ़ता गया:** जांच टीम के अनुसार, पहले 150 करोड़ रुपये से ज्यादा का जीएसटी घोटाला सामने आया। इसके बाद एक टीम का गठन किया गया, जिसमें सीनियर इंटेलिजेंस ऑफिसर रोशन कुमार मिश्रा, इंटेलिजेंस ऑफिसर दिनेश कुमार, राजीव रंजन और राजेश कुमार शामिल थे। इसी टीम ने अमित गुप्ता और सुमित गुप्ता को कोलकाता से गिरफ्तार किया और दावा किया कि जीएसटी घोटाले का यह आंकड़ा 5000 करोड़ तक जा सकता है।

**शिव कुमार देवड़ा से 26 फरवरी को मिला था सुराग:** जीएसटी घोटाले में इंटेलिजेंस ऑफिसर दिनेश कुमार ने मंगलवार को जमशेदपुर के फाइनेंशियल अदालत में एक नया केस दर्ज किया है। कोलकाता से गिरफ्तार अमित और सुमित के खिलाफ सूचना 26 फरवरी 2024 को गिरफ्तार किए गए शिव कुमार देवड़ा से मिली थी। फर्जी कंपनियों के विरुद्ध चल रही जांच के तहत जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) जमशेदपुर ने पूरे भारत में सक्रिय सिंडिकेट को उजागर किया। इससे सरकार को बड़े पैमाने पर राजस्व क नुकसान हो रहा था।

**वास्तविक आपूर्ति के बिना बनाते थे नकली चालान:** नई एफआईआर के बारे में विभागीय अधिवक्ता संजय रंजन बरियार ने बताया कि कुछ महीने पहले डीजीजीआई ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था, जो फर्जी फर्म व कंपनियां स्थापित करने, विभिन्न विनिर्माण कंपनियों और व्यापारियों को कमीशन के आधार पर किसी भी सामान या सेवाओं की वास्तविक आपूर्ति के बिना नकली चालान बनाने व जारी करने और प्रसारित करने में शामिल थे। परिणामस्वरूप 200 करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी हुई। फर्जी कंपनियों की श्रृंखला के सत्यापन, निगरानी, प्रमुख व्यक्तियों पर नज़र रखने और खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के लिए डेटा विश्लेषण से इस फर्जीवाड़े के पीछे के मास्टरमाइंड की पहचान और धरपकड़ हुई और यह सामने आया कि ऐसा सिंडिकेट कोलकाता से संचालित हो रहा है।

**15 हजार में फंसाते थे लोगों को :** गिरफ्तार दोनों आरोपी गरीब पृष्ठभूमि के लोगों को महज दस से पंद्रह हजार रुपये वेतन वाली नौकरी की पेशकश कर फंसाते थे और फर्जी जीएसटीआईएन के बिना उनकी जानकारी के उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि का दुरुपयोग कर करते थे। जीएसटी के फर्जी चालान के माध्यम से फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त करते थे। इससे पहले जब शिव कुमार देवड़ा को गिरफ्तार किया तो उस समय अमित गुप्ता ने से बचने के लिए बैंकॉक (थाईलैंड) भाग गया था। अब तक की जांच से यह सामने आया है कि इनके द्वारा 90 से अधिक फर्जी कंपनियां स्थापित की गई, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में करीब 3000 करोड़ रुपये से अधिक का फर्जी लेनदेन हुआ। इसमें लगभग 522.91 करोड़ रुपये की कर चोरी पकड़ी गई है।

**चार मास्टरमाइंड भेजे गए जेल :** अबतक जीएसटीआईएन की श्रृंखला में चार मास्टरमाइंड व प्रमुख व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। करीब 5000 करोड़ रुपये से अधिक के फर्जी लेनदेन पाया गया है। इन फर्जी कंपनियों के माध्यम से करीब 725 करोड़ रुपये की कर चोरी का पर्दाफाश हुआ है। यह अबतक का देश का सबसे बड़ा सिंडिकेट है।

# रांची में एक बजे से मेन रोड में गाड़ियों की नो एंट्री, इन मार्गों पर वाहनों का प्रवेश रहेगा वर्जित



**रांची, एजेंसी।** रांची में सरहुल की शोभायात्रा 11 अप्रैल को निकाली जाएगी। इसको लेकर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। गुरुवार को दिन के एक बजे से शोभा यात्रा की समाप्ति तक मेन रोड में सामान्य वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।

ट्रैफिक एसपी ने रूट चार्ट जारी किया है। जारी आदेश के तहत शहर में गुरुवार सुबह छह से रात साढ़े बारह बजे तक भारी और मालवाहक वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है। सभी प्रकार के भारी वाहन रिंग रोड होते हुए अपने गंतव्य तक जाएंगे। जमशेदपुर से नामकुम से चुटिया की ओर आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। कांटाटोली से बहुबाजार आने वाले वाहनों का परिचालन बहुबाजार तक होगा, वहां से चुटिया मार्ग में परिचालन होगा।

### इन मार्गों पर वाहनों का प्रवेश रहेगा वर्जित

एसएसपी आवास चौक, कचहरी चौक, शहीद चौक जाने वाले मार्ग में परिचालन बंद रहेगा।
सरकुलर रोड से आने वाले वाहन जेल चौक तक की पहुंचेंगे।
अपर बाजार व अन्य इलाकों से से शहीद चौक आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा
थड़पखना वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा
पुरुलिया रोड से सर्जना चौक की ओर आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा
कर्बला चौक से रतन पीपी की ओर आने वाले वाहनों का परिचालन बंद रहेगा
पीपी कंपाउंड से सुजाता की ओर सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
राजेंद्र चौक से सुजाता की ओर आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
पटेल चौक से मुंडा चौक की ओर आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा
बहुबाजार से पटेल चौक, सुजाता चौक की ओर आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

# झारखंड में निकाय चुनाव आदेश पर रोक से कोर्ट का इनकार, दो हफ्ते बाद होगी अपील याचिका पर सुनवाई

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में नगर निकाय चुनाव कराने के आदेश पर रोक लगाने से हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया है। मामले की सुनवाई करते हुए एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार खंडपीठ ने सोमवार को यह आदेश दिया। साथ ही मामले की जल्द सुनवाई करने के लिए सरकार का आग्रह स्वीकार करते हुए दो सप्ताह बाद सुनवाई निर्धारित की। मालूम हो कि एकलपीठ ने जनवरी-2024 को तीन सप्ताह में नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने का आदेश सरकार को दिया था।



इधर, अपील याचिका में राज्य सरकार की ओर से कहा गया है कि पिछड़ा आयोग को ही डेडिकेटेड कमीशन के रूप में नियुक्त कर दिया गया है। यह राज्य के जिलों में ओबीसी की आबादी का आकलन करेगा और राज्य सरकार को डाटा उपलब्ध करायेगा। फिर उसी आधार पर निकाय चुनाव में वार्डों में ओबीसी आरक्षण दिया जायेगा। इसलिए निकाय चुनाव पूरा कराने के लिए समय दिया जाये। सरकार ने म्यूनिसिपल एक्ट के प्रावधानों का हवाला देते हुए नगर निगम में प्रशासक की नियुक्ति वैध बताई है। उल्लेखनीय है कि राज्य में कुल 48 नगर निकाय हैं। इनमें 9 नगर निगम, 19 नगर परिषद और 20 नगर पंचायत शामिल हैं। 14 नगर निकायों में मई 2020 से ही चुनाव लंबित है। शेष 34 नगर निकायों का कार्यकाल अप्रैल 2023 को पूरा हो चुका है।

**ट्रिपल टेस्ट कराने के खिलाफ पार्षदों ने दी है अर्जी:** सरकार ने 16 नवंबर 2022 से चुनाव प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की थी, फिर ट्रिपल टेस्ट कराने के बाद चुनाव की बात कही। इस आदेश के खिलाफ रांची नगर निगम के कुछ निवर्तमान पार्षदों ने हाईकोर्ट में अर्जी दी और कहा कि सरकार ट्रिपल टेस्ट के नाम पर चुनाव लटका रही है।

**प्रार्थी ने दावे में पटना हाईकोर्ट के आदेशों का दिया हवाला:** याचिका में अपने दावे के समर्थन में प्रार्थी ने कई पुस्तकों और पटना हाईकोर्ट के आदेशों का भी हवाला दिया है। प्रार्थी के अनुसार बीएचयू के शोध में भी इस बात का पता चला है कि कुर्मी भी इस देश के सबसे पुराने आदिवासी हैं और छोटानापुर के पठार पर 65 हजार साल से रह रहे हैं। प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि 1950 की अधिसूचना में भूल हुई है और इसमें सुधार कर कुर्मियों को फिर एसटी सूची में शामिल करने का निर्देश दिया जाए।

**पीठ बोली थी, समय पर चुनाव न होना अनुचित:** जनवरी में एकलपीठ ने तीन सप्ताह में सरकार को चुनाव की अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने अपने आदेश में टिप्पणी करते हुए कहा कि समय पर चुनाव नहीं कराना और चुनाव रोकना लोकतांत्रिक व्यवस्था खत्म करने जैसा है। यह संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत भी है। ट्रिपल टेस्ट की आड़ में समय पर नगर निकाय चुनाव नहीं कराना अनुचित है। संविधान का अनुच्छेद-243 स्पष्ट करता है कि चुनाव समय पर कराना अनिवार्य है। इसके साथ ही अदालत ने पूर्व पार्षद रोशनी खलखो समेत अन्य की याचिका निष्पादित कर दी थी।

# भाई और मां से मारपीट करने पर अफजल को हसन ने मारी थी गोली

**जमशेदपुर, एजेंसी।** मां और भाई से मारपीट करने के कारण मो. हसन ने अफजल को गोली मारी थी। गिरफ्तार मो. हसन और सरफराज से पूछताछ में यह सामने आया है। एसएसपी किशोर कौशल ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर फायरिंग मामले का खुलासा किया। पहले ब्राउन शुगर बेचने का विरोध करने पर गोली मारने का आरोप लगाया गया था। एसएसपी ने बताया जुगसलाई गरीब नवाज कॉलोनी में अफजल को गोली मारकर जख्मी करने के आरोप में पुलिस ने दो भाइयों मो. हसन और मो. सरफराज को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर फायरिंग में प्रयुक्त पिस्टल और एक खोखा भी बरामद हो गया। दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। गरीब नवाज कॉलोनी में 6 अप्रैल की रात को अफजल को गोली मारने के बाद से दोनों भाई फरार थे। पुलिस ने गुप्त सूचना पर दोनों को गिरफ्तार किया है, जबकि जख्मी अफजल का अभी टीएमएच में इलाज चल रहा है।

**घर में आरपीएफ की छापेमारी से नाराज था अफजल:** आरोपियों ने पुलिस को बताया कि अफजल ट्रेन से आने वाले एफसीआई के अनाज व अन्य सामान की चोरी करता था। इससे आरपीएफ ने कुछ दिन पहले अफजल के यहां छापेमारी की थी। अफजल को सरफराज पर मुखबिरी करने का संदेह हुआ। वह सरफराज को अपने घर बंधक बनाकर मारपीट करने लगा। सरफराज की मां उसे छुड़ाने गई तो अफजल धक्का-मुक्की करने लगा। मो. हसन को यह सूचना मिली तो वह अफजल के घर जाकर उसे गोली मार दी व सरफराज को निकाल लाया।

# भाजपा ने सोरेन सरकार पर लगाया अदालत को गुमराह करने का आरोप

**रांची, एजेंसी।** भाजपा ने झारखंड की चंपई सोरेन सरकार पर अदालत को गुमराह करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने ये आरोप मंगलवार को स्थानीय निकाय चुनावों में हो रही देरी को लेकर लगाया। इस मामले को लेकर राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने रांची में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित की, जिसमें उन्होंने चुनाव न कराने को लेकर सरकार की नीयत पर सवाल उठाए।



**बाउरी बोले- सरकार ने कुछ नहीं किया:** प्रेस कॉन्फ्रेंस में बाउरी ने आरोप लगाते हुए कहा, सरकार झूठा हलफनामा देकर कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश कर रही है, ताकि चुनावों में और देरी हो सके। बाउरी ने कहा झारखंड में 48 शहरी स्थानीय निकाय के चुनाव पिछले साल अप्रैल से लंबित हैं। राज्य सरकार को पता था कि ट्रिपल टेस्ट कराने के बाद ही वह चुनाव करा सकती है लेकिन, उसने ट्रिपल टेस्ट आयोजित करने के लिए कोई पहल नहीं की।

**बाउरी बोले- सरकार की मंशा नहीं:** नेता प्रतिपक्ष ने कहा, सरकार नगरीय निकाय चुनाव कराने में अनिच्छुक है ताकि वह शहरी क्षेत्रों को नियंत्रित कर सके और भ्रष्टाचार में लिप्त हो सके। बता दें कि राज्य में पिछले निकाय चुनाव अप्रैल 2018 में हुए थे और पार्षदों का कार्यकाल 2023 में समाप्त हो गया था।

**हाईकोर्ट ने नहीं सुनी सरकार की याचिका:** इससे पहले सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की उस याचिका को सुनने से इनकार कर दिया था, जिसमें उसने हाईकोर्ट के 4 जनवरी के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें कोर्ट ने सरकार को चुनाव कराने और 3 हफ्ते के भीतर चुनाव की तारीखों की घोषणा करने का निर्देश दिया था। भाजपा ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान भी स्थानीय निकाय चुनावों का मुद्दा उठाया था और सरकार ने तब जवाब दिया था कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद निकाय चुनाव करवाए जाएंगे। बाउरी ने कहा कि चंपई सोरेन सरकार को शहरी स्थानीय निकाय चुनाव कराने में हो रही देरी पर स्पष्टीकरण देना चाहिए।

# एसएनएमएमसीएच की सेंट्रल इमरजेंसी को छोटा करने की तैयारी

**धनबाद, एजेंसी।** 16 अक्तूबर 2023 को एसएनएमएसमीएच की सेंट्रल इमरजेंसी पुराने और छोटे भवन से कैथलैब में शिफ्ट की गई थी। इसके बाद यहां कभी बेड की किल्लत नहीं हुई। मरीजों को असुविधा भी नहीं हो रही है। एक जगह ज्यादा मरीज रह रहे हैं और डॉक्टर उनके सामने होते हैं। इसलिए इलाज भी बेहतर हो रहा है। मरीजों की यह सुविधा इस अस्पताल के अधिकारियों और डॉक्टरों को रास नहीं आ रही। वे फिर से सेंट्रल इमरजेंसी को छोटा करने की तैयार में हैं। इसकी औपचारिकता लगभग पूरी हो चुकी है।

बता दें कि सेंट्रल इमरजेंसी पहले 40 बेड की थी। यहां हमेशा बेड की किल्लत बनी रहती थी। मरीज फर्श पर लेट कर इलाज कराने का मजबूर थे। अव्यवस्था का आलम यह था कि आए दिन इमरजेंसी में हंगामा होता था। मारपीट और तोड़फोड़ की घटनाएं आम थीं। इन समस्याओं से निजात और मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा देने के लिए जिला प्रशासन की पहल पर सेंट्रल इमरजेंसी को खाली पड़े कैथलैब भवन में शिफ्ट किया गया था। इस शिफ्टिंग के साथ इस अस्पताल की 40 बेड की इमरजेंसी लगभग 100 बेड की हो गई, जिसे जरूरत



के अनुसार 200 बेड तब बढ़ाया जा सकता है। यहां मरीज आराम से रहते हैं और इलाज करवाते हैं। चिकित्सीय व्यवस्था में भी पहले की अपेक्षा बेहतर हुई है। इस नई व्यवस्था के बाद 800 बेड के इस अस्पताल में एक दिन भी बेड की किल्लत नहीं हुई है। इन सात महीनों में इमरजेंसी में न कभी अव्यवस्था का मामला सामने आया, न कोई बड़ा हंगामा हुआ। यहां तक की डायलिसिसिस यूनिट में आग लगने के बाद लगभग 200 मरीजों को एक घंटे के अंदर सेंट्रल इमरजेंसी में शिफ्ट कर दिया गया था। इस बनी बनाई सुदृढ़ व्यवस्था को एकबार फिर बदलने की कोशिश लगभग अंतिम चरण में है। दोबारा सेंट्रल इमरजेंसी पुराने भवन में शिफ्ट होगी, जहां बेड की किल्लत से लेकर मरीजों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

**बिजली के कमजोर तार और एक रास्ते का दे रहे हवाला:** इस बदलाव के पीछे तर्क दिया जा रहा है कि कैथलैब में गर्मी में मरीजों को परेशानी होगी। वहां पंखा चलाना मुश्किल होगा। एसी चलाने के लिए तार मजबूत नहीं हैं। दूसरा कारण एक दरवाजे को बाताया जा रहा है। इमरेंजसी की स्थिति में मरीजों का निकला मुश्किल हो जाएगा। साथ ही पहुंच पथ की दिक्कत एक अन्य कारण है। मजेदार बात यह है कि अस्पताल प्रबंधन तार को दुरुस्त कराने की बजाय बनी बनाई व्यवस्था की बदलकर उसे अव्यवस्था की ओर ढकेल रहा है। कोविड के समय जिन तारों पर एक साथ कई कई एसी, वेंटिलेटर समेत अन्य चिकित्सीय उपकरण सफलतापूर्वक चले, उसे कमजोर बताया जा रहा है। वह भी किसी विशेषज्ञ से जांच कराए बिना। इमजेंसी के पुराने भवन में भी आने जाने का एक ही रास्ता है। उल्टे कैथलैब में दो रास्ते हैं।

कुछ अधिकारी इस बदलाव को गलत बताकर जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। इनका कहना है कि कैथलैब से इमरजेंसी को सिर्फ कमजोर बिजली के तार के कारण पुराने भवन में शिफ्ट किया जाना समझ से परे है। इस हिसाब से तो पूरे अस्पताल को दूसरे अस्पताल भवन में शिफ्ट किया जाना चाहिए। यहां की वायरिंग 30 साल से अधिक पुरानी है। डायलिसिस यूनिट जैसी बड़ी आग की घटना हो चुकी है। यहां छोटी-छोटी घटनाएं अक्सर होती रहती है। उसे तो नहीं शिफ्ट किया जा रहा है। फिर इमरजेंसी को क्यों।



# चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर वीआईपी कॉलोनी में हवन

**धनबाद, एजेंसी।** वीआईपी कॉलनी स्थित आयुष एंड स्किल डेवलपमेंट रिसर्च इंस्टीट्यूट की ओर से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत नववर्ष 2081 पर वैदिक हवन किया गया। वैदिक हवन योगाचार्य लक्ष्मीकांत पंडित ने कराया। इस अवसर पर योग एवं आयुर्वेद से होनेवाले लाभ पर सेमिनार भी किया गया। वक्ताओं में नयन कुमार कमल, डॉ अर्जुन पांडेय, डॉ टीके साहा, डॉ आरएस तिवारी, अमृता साहा, किशोर कुमार, सूरज कुमार, किशोर कुणाल, रेखा देवी, अजीत प्रजापति, शंकर प्रजापति, तिलक जेडीया, शिवम सिंह, हीरालाल शर्मा, प्रियंका कुमारी आदि थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बलिया से भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में होंगे नीरज शेखर, दो बार इस सीट पर रह चुके हैं काबिज



**बलिया , एजेंसी।** वर्तमान में राज्यसभा सांसद और दो बार लोकसभा में बलिया संसदीय सीट का प्रतिनिधत्व कर चुके सांसद नीरज शेखर इस बार बलिया लोकसभा सीट पर कमल खिलाने के लिए मैदान में उतरेंगे। भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को जारी सूची में उन्हें बलिया लोकसभा सीट से पार्टी का उम्मीदवार नामित किया है। नीरज शेखर को प्रत्याशी बनाने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चंद्रशेखर और दूजा देवी के द्वितीय पुत्र नीरज शेखर का जन्म 10 नवंबर 1968 जिले के इब्राहिमपट्टी गांव में हुआ था। वो एक राजपूत परिवार से ताल्लुक रखते हैं। 29 दिसंबर 2007 को उन्होंने अपने पिता व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चंद्रशेखर की मृत्यु के कारण हुए उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार के रूप में बलिया निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा उपचुनाव में भाग लिया और 295000 से अधिक मत प्राप्त करके जीते। इसके दो वर्ष बाद वर्ष 2009 में 15वीं लोकसभा के लिए वो पुनः इसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए। हालांकि वर्ष 2014 के आम चुनाव में वो भाजपा के भरत सिंह से चुनाव हार गए थे। वर्ष 2014 में ही वे समाजवादी पार्टी के टिकट पर राज्यसभा सांसद चुने गए। वर्ष 2019 में वे समाजवादी पार्टी की सदस्यता छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। उसी दिन वे भाजपा से राज्यसभा के लिए चुने गए और वर्तमान में राज्यसभा सांसद हैं।

### हार्ट अटैक से दरोगा की मौत, सुबह थाना परिसर में टहलते समय हुई घटना

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के एटा में बुधवार सुबह टहलते समय हार्ट अटैक आने से दरोगा की मौत की हो गई। खबर मिली तो घरवाले मौके पर पहुंचे। मौत से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। सहकर्मी और अधिकारी पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते रहे। कोतवाली प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि 55 वर्षीय एसआई सुरेंद्र शर्मा जिले के सकीट कोतवाली में तैनात थे। वह मूल रूप से बुलंदशहर जिले के अनूपशहर थाना क्षेत्र के रुपवास गांव के रहने वाले थे। सुबह वह थाना परिसर में टहल रहे थे। अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। वह टहलते-टहलते गिर गए। आसपास मौजूद लोगों ने देखा तो भागकर पहुंचे। साथियों ने उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। यहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने हृदयगति रुकने से मौत होने की संभावना जताई है।

### गर्मी की विशेष ट्रेनों की समयसारिणी जारी, सप्ताह में चार दिन चलेगी उधना-छपरा एक्सप्रेस

**प्रयागराज , एजेंसी।** गर्मी में छपरा और हावड़ा रूट पर जाने वाले यात्रियों को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने कई ट्रेनों की समयसारिणी जारी की है। इसमें उधनाङ्कछपरा एक्सप्रेस (09041/09042) उधना से बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार और सोमवार को चलेगी। जबकि छपरा से बृहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार और मंगलवार को इसका संचालन होगा। यह ट्रेन 10 से 19 अप्रैल तक चलाई जाएगी। इसमें कुल 22 कोच होंगे। ट्रेन प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर सुबह 7:35 पर आएगी और सुबह 10:25 बजे छपरा पहुंचाएगी। इसी तरह उधना-भागलपुर-नंदुरबार अनारक्षित विशेष ट्रेन (09037/09038) उधना से 13 व 16 अप्रैल को एवं भागलपुर से 14 व 17 अप्रैल को चलाई जाएगी। यह ट्रेन छिवकी सुबह 7.35 बजे व वापसी में दोपहर के 12 बजे पहुंचेगी। जयनगर-उधना विशेष ट्रेन (09036) जयनगर से 11 अप्रैल को चलाई जाएगी, जो रात 12:05 पर छिवकी जंक्शन पहुंचेगी। हावड़ाङ्कहिसार विशेष ट्रेन (03007/03008) हिसार से 15 अप्रैल को चलकर शाम 5.30 बजे छिवकी पहुंचेगी और वापसी में यह 19 को रात 8.40 बजे आएगी।

# सपा का घोषणा पत्र: मनरेगा मजदूरी बढ़ाकर 450 करेंगे, लड़कियों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा



**लखनऊ , एजेंसी।** समाजवादी पार्टी ने घोषणा पत्र जारी कर दिया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के सोशल मीडिया पेज से सुझाव मांगे थे। इन्हीं सुझाव के आधार पर विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया गया।

लोगों के सुझाव के आधार पर विजन डॉक्यूमेंट बनाया है। जनता के मांगपत्र के रूप में सोशल मीडिया पर जानकारी हासिल की। सभी ने समय-समय पर हमें अपने सुझाव दिए। सभी का संकलन है। उन्होंने कहा कि जनता का मांगपत्र हमारा अधिकार है।

मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि %हमने अपने विजन डॉक्यूमेंट को जनता का मांग पत्र - हमारा अधिकार नाम दिया है। इस विजन डॉक्यूमेंट में मुख्य मांगें हैं- संविधान की रक्षा का अधिकार, रक्षा का अधिकार लोकतंत्र, मीडिया की स्वतंत्रता का अधिकार, और सामाजिक न्याय का अधिकार, देश के विकास के लिए सामाजिक न्याय का अधिकार आवश्यक है। जाति जनगणना के बिना समावेशी विकास संभव नहीं है देश की...

अखिलेश यादव ने कहा कि युवा बेरोजगार हैं। बेरोजगारी 80 फीसदी तक पहुंच गई है। गांव में 90 फीसदी तक बेरोजगारी है। उत्तर प्रदेश का हाल और खराब है। सरकार आरक्षण नहीं देना चाहती, इसीलिए नौकरी नहीं देना चाहती। भाजपा ने प्रदेश में जान बूझकर कर पेपर लीक कराए हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि गरीबों तक आने वाला राशन घटिया है। पौष्टिक भोजन नहीं मिल रहा। अखिलेश ने कहा कि निशुल्क शिक्षा का अधिकार है। जीडीपी तीन फीसदी से बढ़ाकर छह फीसदी करेंगे। पुरानी पेंशन स्कीम भी सभी विभागों में बहाल की जाएगी। सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि सीमाएं असुरक्षित होती जा रही हैं। भरता के कुछ हिस्से में सीमा सिकुड़ रही है। अग्निवीर सोची समझी रणनीति है। अग्निवीर नीति को समाप्त किया जाएगा। उन्होंने तकहा कि अगर भाजपा दोबारा आई तो कहीं, पुलिस पीएसी में भी तीन साल की नौकरी न कर दे।

अखिलेश ने कहा कि जनता का साथ होगा तो सबसे ज्यादा सीट पाएंगे। भाजपा के वादे झूठे वादे रहेंगे। सपा अधिकारों की बात करती है। जयंत चौधरी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जहां हम जाएंगे, वहां कोई नहीं आ पाएगा। हाल में एक्सप्रेस-वे पर लड़ाकू विमान उतरने पर कहा कि यही हमारी क्वालिटी है।

## गाजीपुर, मैनपुरी समेत सात सीटों पर भाजपा प्रत्याशी घोषित, कैसरगंज सीट पर बृजभूषण के टिकट पर सस्पेंस बरकरार

**लखनऊ , एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी ने यूपी की बची हुई 12 लोकसभा सीटों में से सात पर अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। पिछले चुनाव में मनोज सिन्हा की हार के बाद इस बार गाजीपुर सीट पर पारस नाथ राय को टिकट दिया गया है। इसी तरह मैनपुरी में प्रदेश सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ठाकुर को टिकट देकर भाजपा इस बार जीतने का प्रयास करेगी। बता दें कि मैनपुरी सीट पर बदायूं की सांसद संघमित्रा मौर्या को टिकट देने की अटकलें लगाई जा रही थी। पिछली बार मैनपुरी से भाजपा के प्रेम सिंह शाक्य चुनाव लड़े थे, जिन्हें सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने हराया था। भाजपा मुख्यालय द्वारा जारी सूची के मुताबिक बलिया में वीरेंद्र सिंह मस्त का टिकट काटकर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को प्रत्याशी घोषित किया गया है। वह वर्तमान में राज्यसभा सांसद भी हैं। इसी तरह इलाहाबाद से रीता बहुगुणा जोशी का टिकट काटकर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष केसरी नाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी को टिकट दिया गया है। फूलपुर में वर्तमान सांसद केशरी देवी पटेल का टिकट काटकर विधायक प्रवीण पटेल को प्रत्याशी बनाया गया है। कौशांबी (सुरक्षित) सीट पर वर्तमान सांसद विनोद सोनकर और मछलीशहर के वर्तमान सांसद बीपी सरोज को दोबारा चुनाव मैदान में उतारने का फैसला लिया गया है। बता दें कि पार्टी ने अभी पांच सीटों पर प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। कैसरगंज सीट पर बृजभूषण शरण सिंह को टिकट मिलने को लेकर सस्पेंस बरकरार है। इसके अलावा देवरिया, फिरोजाबाद, रायबरेली और भदोही में टिकट की घोषणा होनी बाकी है।



## मछलीशहर से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे बीपी सरोज, 2019 में जीत चुके हैं चुनाव

**जौनपुर , एजेंसी।** मछलीशहर लोकसभा सीट पर प्रत्याशी को लेकर लगाए जा रहे कयासों पर बुधवार को विराम लग गया। भाजपा ने अपने सिटिंग सांसद बीपी सरोज पर एक बार फिर से भरोसा जताते हुए उन्हें चुनाव मैदान में उतारा है।



मछलीशहर तहसील के मादरडीह गांव निवासी बीपी सरोज की गिनती महाराष्ट्र के उद्योगपतियों में होती है। 2019 में बसपा प्रत्याशी टी राम को हराकर जीत हासिल करने वाले बीपी सरोज ने अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत साल 2009 में महाराष्ट्र में बसपा के प्रदेश सचिव रूप में की। तीन साल बाद यानी साल 2012 में वे उत्तर प्रदेश की राजनीति में दाखिल हो गए। यहां उन्होंने बसपा की सदस्यता ग्रहण की और 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा। 2014 की मोदी लहर में भाजपा प्रत्याशी रामचरित्र निषाद के सामने लोकसभा के चुनाव मैदान में इन्हें सफलता नहीं मिली। इसके बाद 2019 का लोकसभा चुनाव आते ही पार्टी बदलकर भाजपा में शामिल हुए और इन्हें भाजपा ने टिकट देकर लोकसभा प्रत्याशी घोषित किया। इनका मुकाबला बसपा के प्रत्याशी टी राम से हुआ। टी राम को 181 मतों से परास्त कर चुनाव में जीत हासिल की। सांसद बनने के बाद लगातार क्षेत्र की जनता के बीच में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए मछलीशहर लोकसभा क्षेत्र की सियासी पिच को मजबूत करने में जुटे रहे। इनकी जनता के बीच लोक प्रियता को देखते हुए पार्टी ने एक बार फिर से भरोसा जताते हुए टिकट दिया है।

## किसने लगाई खनन निदेशालय में आग, एसटीएफ करेगी जांच, राख हो गई महत्वपूर्ण फाइलें

**लखनऊ , एजेंसी।** खनन निदेशालय में मंगलवार को आग लगने की वजह का अब एसटीएफ पता लगाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एसटीएफ को इस प्रकरण की जांच सौंपी गयी है। एसटीएफ के एडिशनल एसपी दिनेश कुमार सिंह मामले की जांच करेंगे।



मंगलवार देर रात एसटीएफ के अधिकारियों ने खनन निदेशालय जाकर मौका-मुआयना भी किया। दरअसल, आशंका जताई जा रही है कि सुनियोजित साजिश के तहत आग लगाई गयी, जिसकी वजह से कई महत्वपूर्ण फाइलें नष्ट हो गयीं। वहीं, दूसरी ओर खनन निदेशक माला श्रीवास्तव ने इस मामले की जांच के लिए आंतरिक समिति का गठन भी किया है। उन्होंने संयुक्त निदेशक नवीन दास के नेतृत्व में जांच समिति गठित की है।

बता दें कि गोखले मार्ग स्थित कृषि भवन के सामने खनन निदेशालय में मंगलवार को आग लगने से इमारत का काफी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। हालांकि दमकल की चार गाड़ियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। दमकल विभाग के कर्मियों को मौके पर बिजली के केबिल जले मिले थे। वहीं, एक एयरकंडीशनर भी क्षतिग्रस्त पाया गया था।

आग से भूतल का एक कमरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसमें रखी फाइलें भी नष्ट हो गयी थीं। हालांकि खनन निदेशक के मुताबिक अलमारियों में रखी फाइलों को नुकसान नहीं पहुंचा है। वहीं, राहत एवं बचाव कार्यों की वजह से आग की जद में आए कमरों में पानी और धुआं भरने की वजह से आग लगने की सही वजह का पता नहीं लगाया जा सका।

पुलिस और फायर विभाग भी करेंगे जांच

बता दें कि इस प्रकरण में मंगलवार देर रात हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज कराया गया, जिसकी जांच स्थानीय पुलिस द्वारा की जाएगी। वहीं, अग्निशमन विभाग भी आग लगने की वजह का पता लगा रहा है। पहले कूड़े की वजह से आग लगने की आशंका जताई जा रही थी जिसकी प्रारंभिक जांच में पुष्टि नहीं हुई। बुधवार को एसटीएफ और स्थानीय पुलिस घटनास्थल से सुबूत एकत्र करेगी जिन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा।

**पहले भी कई अग्निकांड की जांच कर चुकी एसटीएफः** बता दें कि एसटीएफ इससे पहले वर्ष 2015 में स्वास्थ्य भवन और वर्ष 2019 में शक्ति भवन में लगी आग के मामले की जांच भी कर चुकी है। दोनों प्रकरणों में सुनियोजित साजिश के तहत आग लगाने की आशंका के बाद एसटीएफ को जांच सौंपी गयी थी। स्वास्थ्य भवन में लगी आग के मामले की जांच में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संलिप्तता मिली थी।

## दहेज की बलि चढ़ी विवाहिता, घरवाले चीखे- तेजाब पिलाकर मार डाला; बिन मां की हो गई डेढ़ वर्ष की मासूम

**फिरोजाबाद , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में बुधवार को नव विवाहिता की मौत हो गई। घटना से मायकोवालों में चीख पुकार मच गई। वह चीखककर कहते रहे कि दहेज के लिए ससुरालवालों ने डेढ़ वर्ष की बच्ची तनिष्का को बिन मां का कर दिया। उन्होंने तेजाब पिलाकर बेटी की हत्या कर दी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। विवाहिता मूल रूप से मक्खनपुर थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर गेलरई की रहने वाली थी। उसकी शादी नगला खंगर थाना क्षेत्र के धोनयी गांव में हुई थी। पिता ने बीती 06 जुलाई 2023 के नगला खंगर थाने में तहरीर दी। बताया कि 29 जून 2020 को उसने बेटी रश्मि की शादी धोनयी गांव निवासी राहुल के साथ की थी।

**कुछ दिन बाद करने लगे प्रताड़ित:** बताया कि शादी के कुछ दिन बाद ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित करने लगे। 20 जून 2023 को उन्होंने बेटी को जबरन टॉयलेट क्लीनर पिला दिया। इसमें उसका पति राहुल, सास श्रीदेवी, देवर राघवेंद्र, अंजलि पत्नी राघवेंद्र, देवर शिवांश शामिल थे। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिए आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

**पति और सास के खिलाफ चार्जशीट फाइलः** तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच के बाद अक्टूबर 2023 में पुलिस ने पति और सास के खिलाफ चार्जशीट फाइल की। उधर कुछ सुधार होने के बाद बेटी को डॉक्टरों ने अस्पताल से छुट्टी दे दी। इस पर मायकेवाले बेटी को लेकर अपने घर चले गए। तब से वही लोग उसका इलाज करा रहे थे। बुधवार की सुबह रश्मि ने दम तोड़ दिया। इसके बाद घर में चीख पुकार मच गई। मायकोवालों की सूचना पर मखक्कनपुर थाना पुलिस गांव पहुंची। पुलिस ने साक्ष्य जुटाए।

## अशरफ के रिश्तेदार के कब्जे में मिलीं 30 बेनामी संपत्तियों की रजिस्ट्री, राजस्व की टीम करेगी जांच

**प्रयागराज , एजेंसी।** माफिया अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ की बेनामी संपत्तियों को लेकर एक और बड़ा खुलासा हुआ है। अशरफ के एक रिश्तेदार के कब्जे से 30 बेनामी संपत्तियों की रजिस्ट्री मिली है। वह जिस इंटर कॉलेज में तैनात है, वहीं पर रखी एक आलमारी में रजिस्ट्री संबंधी कागजात छिपाकर रखे गए थे। मामला सामने आने के बाद पुलिस की ओर से इन संपत्तियों की जांच के लिए डीएम को रिपोर्ट भेज दी गई है।



मो. तारिक पुत्र मुस्सन हटवा का रहने वाला है और माफिया खालिद अजीम उर्फ अशरफ का रिश्तेदार है। वह अशरफ के साले जैद का बेहद करीबी रिश्तेदार है। इसके साथ ही 50 करोड़ की वक्फ संपत्ति फर्जीवाड़ा कर बेचने के मामले में पूरामुफ्ती थाने में पिछले साल दर्ज मुकदमे का नामजद अभियुक्त भी है। वह एमआर शेरवानी इंटर कॉलेज सल्लाहपुर में बतौर दफ्तरी तैनात है। मुकदमा दर्ज होने के बाद वह फरार हो गया था।

सूत्रों के मुताबिक, विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि वह कॉलेज परिसर में बने स्ट्रांग रूम में कुछ सामान छोड़ गया है। पुलिस ने वहां पहुंचकर कॉलेज प्रशासन की मौजूदगी में उसकी आलमारी खोली तो उसमें 30 बेनामी संपत्तियों की रजिस्ट्री के कागजात मिले। यह देखकर पुलिसकर्मी हैरान रह गए।

**अशरफ के सगे साले के नाम की भी रजिस्ट्री:** पुलिस को तारिक की आलमारी से जो रजिस्ट्री के कागजात मिले, उनमें से कुछ में तो जमीनें उसके ही नाम लिखवाई गईं। हालांकि कई अन्य जमीनें ऐसी हैं, जिनका बैनामा गुमनाम लोगों के नाम पर कराया गया। इसके अलावा एक जमीन का बैनामा अशरफ के सगे साले अब्दुल रहीम कैफी के नाम भी कराया गया। एक खास बात यह है कि पूरामुफ्ती में जिस 50 करोड़ मूल्य की वक्फ संपत्ति को बेचने के आरोप में अशरफ की पत्नी जैनब, साले जैद व सद्दाम, रिश्तेदार तारिक समेत अन्य पर मुकदमा दर्ज हुआ, बरामद रजिस्ट्री के पेपर में से कुछ उक्त संपत्ति के गाटा संख्या की जमीनों से भी संबंधित हैं।

**टीम गठित कर कराई जाए जांच:** सूत्रों का कहना है कि इस मामले में डीसीपी नगर की ओर जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेज दी गई है। इसमें अनुरोध किया गया है कि प्रकरण में राजस्व टीम का गठन कर जमीनों के दस्तावेजों समेत अन्य बिंदुओं संबंधी विस्तृत जांच/सत्यापन कराया जाए। साथ ही इसकी रिपोर्ट पुलिस को उपलब्ध कराई जाए ताकि मामले में उचित कार्रवाई की जा सके।

**12.42 करोड़ की बेनामी संपत्ति पर हो चुकी है कार्रवाई:** यह बात पहले भी सामने आ चुकी है कि अतीक और उसका भाई अशरफ पुलिस-प्रशासन से बचने के लिए बेनामी संपत्तियां बनाते थे। इसमें वह संबंधित संपत्ति का बैनामा अपने नाम न कराकर गुमनाम लोगों के नाम कराते थे। साथ ही उन्हें यह भी कहते थे कि वह जब चाहेंगे, उसे वह संपत्ति उनके नाम लिखनी होगी। पूरामुफ्ती के गौसपुर कटहुला में पिछले साल 12.42 करोड़ की एक ऐसी ही संपत्ति कमिश्नरेट पुलिस ने कुर्क की थी।

# त्योहारों में जनता के आशीर्वाद से भाग्य संवारने की जुगत में दल

### सपा-कांग्रेस व भाजपा ने की है तैयार

**बलरामपुर , एजेंसी।** सियासी समर में आम जन के मन में उतरने के लिए यह महीना खास है। भाजपा नवरात्र व रामनवमी पर गांव- गांव पहुंच अनुसांगिक संगठनों के माध्यम से संदेश देने में जुटी है। सपा व बसपा भी ऐसे अवसर के साथ ही ईद व बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर माहौल बनाने की तैयारी में हैं। कांग्रेस मैदान में तो नहीं है, लेकिन वह भी ऐसे अवसरों को हाथ से नहीं जाने देगी। श्रावस्ती व बहराइच संसदीय क्षेत्रों में जैन धर्म के अनुयायी भी हैं तो महावीर जयंती भी इसी माह है। अप्रैल के ये अवसर राजनीतिक रूप से बेहद अहम हैं।

देवीपाटन मंडल तुलसीपुर के मां पाटेश्वरी धाम व बुद्ध स्थली श्रावस्ती बड़ा धार्मिक केंद्र है। मंडल की चार संसदीय सीटों पर पिछड़े और अनुसूचित वर्ग की बहुलता भी है। ऐसे में अप्रैल में 11 से लेकर 21 तक कई पर्व व त्योहार पड़ रहे हैं, जिससे पार्टियों की बल्ले- बल्ले है। भले ही चारों सीटों पर प्रत्याशी तय नहीं हुए हैं, लेकिन पार्टियां कमर कसे हुए हैं।

मंडल की गोंडा व कैसरगंज संसदीय सीट के लिए 26 तो बहराइच व श्रावस्ती के लिए 29 अप्रैल से नामांकन शुरू होगा। इसके बाद चुनावी प्रचार का दौर चलेगा। निर्वाचन आयोग की निगरानी भी सख्त हो जाएगी। ऐसे में नामांकन से पहले वोटों को जोड़ने के साथ ही परंपरागत मातों को साधने का बड़ा अवसर है।

**सभी दलों की तैयारी:** भाजपा ने नवरात्रि में लोगों से जुड़ने की कई रणनीति तैयार की है। बूथ अध्यक्ष तक आम लोगों से संवाद करेंगे। वहीं राम नवमी के दिन आईटी सेल के साइबर योद्धा भी माहौल बनाएंगे। भाजपा आंबेडकर जयंती व महावीर जयंती के साथ ही ईद पर भी बधाई देगी। क्षेत्रीय सह संयोजक विनय मिश्र कहते हैं भाजपा सबका साथ, सबका विकास व विश्वास थीम पर लगातार काम कर रही है। सभी के साथ है और लगातार आयोजन भी कर रही है। वहीं सपा के राकेश यादव कहते हैं कि पार्टी आम लोगों के साथ है, हर त्योहार का अपना महत्व है। वहीं बसपा भी गांवों में कैडर के बीच आयोजन करने का खाका खींच रखी है।




**दावेदार टिकट के इंतजार में बना रहे पैठ :** भले ही टिकट अभी नहीं मिला है। लेकिन विभिन्न दलों के दावेदार पार्टी की चुप्पी के बाद क्षेत्र में जुटे हैं। कैसरगंज में निवर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह क्षेत्र भ्रमण कर रहे हैं। ईद पर करनैलगंज में रोज इफ्तार पार्टी में शामिल हुए। वहीं यहां पर विनोद कुमार शुक्ल, बैजनाथ दूबे आदि सक्रिय है। बहराइच व गोंडा में बसपा के पदाधिकारियों की सक्रियता है, अभी खुलकर कोई नाम नहीं सामने आ रहा है। श्रावस्ती संसदीय सीट से मसूद आलम खां, माधुरी वर्मा, अरमान वर्मा, निर्वतमान सांसद राम शिरोमणि वर्मा भी लगातार क्षेत्र में संपर्क बनाए हैं।

## पेपर लीक में हॉस्पिटल का नाम आने पर हटाया गया बोर्ड, यहां पेपर रटाने का हुआ था खुलासा

**प्रयागराज , एजेंसी।** पेपर लीक मामले में मिर्जापुर मार्ग स्थित सरस्वती हाईटेक सिटी के सामने स्थित आरोग्यम हॉस्पिटल का नाम आने के बाद उस बिल्डिंग से बोर्ड हटा दिया गया है। हॉस्पिटल का बोर्ड हटाने के साथ ही चिकित्सकों की सूची भी हटा दी गई है। पूरे अस्पताल में कोई भी मरीज भर्ती नहीं है। आसपास के लोगों ने बताया कि कुछ दिनों से यहां पर ओपीडी भी नहीं चल रही है। वहां तैनात कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है। आरओ व एआरओ भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में मेजा निवासी राजीव नयन मिश्रा को एसटीएफ ने पकड़ा है। उसके साथी गोंडा निवासी अमित सिंह की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में उसने बताया था कि नैनी स्थित आरोग्यम अस्पताल में अभ्यार्थियों को प्रश्नों के उत्तर रटाए गए थे। इसके बाद सोमवार को एसटीएफ हास्पिटल पहुंची थी। टीम मौजूद कर्मचारियों से पूछताछ कर लौट गई। एसटीएफ ने कर्मचारियों का नाम पता व मोबाइल नंबर डायरी में दर्ज किया। राजीव नयन को पहचानने के सवाल पर कर्मचारियों ने बताया कि दो माह पहले ही यहां नौकरी करनी शुरू की है। वह किसी राजीव नयन को नहीं जानते हैं। बताया कि चार माह से यहां कोई मरीज भर्ती नहीं किया गया है। एसटीएफ ने हास्पिटल के बरामदे में खड़े होकर पूछताछ की और टीम चली गई।

हॉस्पिटल में एक छोटा सा मेडिकल स्टोर है। एक टेक्निशियन, एक सफाईकर्मी समेत तीन स्टॉफ अस्पताल में मौजूद थे। भवन मालिक प्रभाकर सिंह ने बताया कि वह अपने निजी कार्य से सोमवार को कहीं गए थे। देर रात लौटने पर अस्पताल के कर्मचारी ने बताया कि कुछ लोग आए थे और राजीव नयन के बारे में पूछताछ कर रहे थे। टीम 15 मिनट तक अस्पताल में पूछताछ की।

## संक्षिप्त समाचार

### शाहरुख ने कहा था कि दिलजीत दोसांझ देश में सबसे बढ़िया अभिनेता हैं: इम्तियाज अली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्वैग का राजा दिलजीत दोसांझ, सैस की रानी परिणिति चोपड़ा और खुद उस्ताद इम्तियाज अली,ये सब मिलकर एक मनोरंजन के धमाके की तैयारी में हैं! नेटफ्लिक्स पर द ग्रेट इंडियन कपिल शो का अगला एपिसोड फ़िल्म चमकीला के कलाकारों के साथ मनोरंजन का एक ज़बरदस्त धमाका करने वाला है! मज़ेदार किस्सों से लेकर पर्दे के पीछे की कहानियों तक, न जाने इसमें कितने सरप्राइज़ छिपे हैं। क्या आप जानते हैं कि दिलजीत दोसांझ को चमकीला का रोल कैसे मिला अपने फ़ेवरेट एक्टर के बारे में ऐसी बहुत सी दिलचस्प बातें जानने के लिये तैयार हो जाईये! चमकीला के किरदार के लिये दिलजीत को कास्ट करने के विचार के बारे में बात करते हुए इम्तियाज अली कहते हैं, शाहरुख ख़ान ने एक बार मुझसे कहा था कि दिलजीत दोसांझ देश के सर्वश्रेष्ठ अभिनेता हैं। मुझे ऐसा लगता है कि अगर दिलजीत पाजी ने इस फ़िल्म को करने से मना कर दिया होता तो शायद हम इसे कभी नहीं बना पाते। हम बहुत खुशकिस्मत थे कि उन्होंने हाँ कर दी। इससे बेहतर कोई कास्ट हो ही नहीं सकती थी। दोनों ही बेहतरीन कलाकार हैं। परिणीति एक शानदार अभिनेत्री और गायिका हैं, जो अपने रोल के लिए तुरंत 15 किलोग्राम वजन बढ़ाने के लिए भी तैयार हो गईं। यह बात बहुत दिलचस्प थी।

### मैंने ही सबसे पहले था कि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनना चाहिए- राज ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की राजनीति में बीते कई हफ्तों से राज ठाकरे और भाजपा की दोस्ती को लेकर अटकलों का बाजार गर्म था। गृह मंत्री अमित शाह के साथ कई राउंड की बैठकों के बाद महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने आखिरकार मंगलवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र में भाजपा, शिवसेना और राकांपा के गठबंधन को बिना शर्त समर्थन देगी। साथ ही एक रैली को संबोधित करते हुए राज ठाकरे ने यह भी दावा किया कि वह यह कहने वाले पहले व्यक्ति थे कि नरेंद्र मोदी को भारत का प्रधानमंत्री बनना चाहिए। राज ठाकरे ने कहा, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) बिना शर्त बीजेपी-शिवसेना-एनसीपी के महागठबंधन का समर्थन करती है। यह समर्थन केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए गठबंधन के लिए है। अब सभी को चुनाव की तैयारी करनी चाहिए। मनसे की यहां आयोजित 'गुड़ी पड़वा' रैली को संबोधित करते हुए ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्थन करने की घोषणा की और कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव देश का भविष्य तय करेगा। ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से राज्य विधानसभा चुनाव की तैयारी करने को भी कहा जो इस साल के अंत में होने हैं।

### नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही हिमाचल के मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**शिमला , एजेंसी।** नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव के पहले दिन मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। बता दें कि ज्यादातर तीर्थयात्री पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली से मंदिर का दर्शन करने पहुंचे थे। बिलासपुर में नैना देवी के लोकप्रिय मंदिर; ऊना में चिंतपूर्णी; हमीरपुर में बाबा बालक नाथ; कांगड़ा में ब्रजेश्वरी देवी, ज्वालाजी और चामुंडा देवी; और शिमला जिले के भीमाकाली और हटेश्वरी में सुबह से ही भारी भीड़ देखी गई। हमने मंदिर में प्रतिदिन 20 हजार श्रद्धालुओं के दर्शन का प्रबंध किया हुआ है। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने आईएएनएस को बताया, श्रद्धालुओं की आमद को ध्यान में रखते हुए हमने सुरक्षा-व्यवस्था बढ़ा दी है। इसके अलावा सभी प्रमुख तीर्थ स्थलों पर श्रद्धालुओं की गतिविधियों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

# दिल्ली के मुखर्जी नगर में कोचिंग सेंटरों पर बड़े ऐक्शन की तैयारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुखर्जी नगर में विभिन्न कोचिंग सेंटरों पर आने वाले दिनों में कार्रवाई होगी। इसके लिए नगर निगम ने कई सेंटरों को नोटिस भेजा था। अब निगम के कर्मचारी सेंटरों पर जाकर जांच करेंगे। निगम के अधिकारी ने बताया कि कोचिंग सेंटरों को भवन निर्माण के नियमों का अनुपालन करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। सेंटरों को दिल्ली अग्निशमन विभाग से फायर एनओसी प्राप्त करने के लिए नोटिस भी भेजे हैं। जिन सेंटरों ने अब तक नोटिस प्राप्त नहीं किए हैं। उन पर कार्रवाई करके सील करेंगे। सेंटरों के साथ पीजी व पुस्तकालयों को भी चेक कर रहे हैं।

इस मामले में छात्रों के कहा है कि कई संकरी जगहों पर पीजी, कोचिंग सेंटर चल रहे हैं। वहां पर नियमित तौर पर नियमों का उल्लंघन करने वाले सेंटरों पर कार्रवाई नहीं की जाती है। कोई भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए इन जगहों पर उचित व्यवस्था होनी चाहिए। लेकिन इस पर सेंटर का संचालन करने वाले बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते हैं। ऐसे लोगों पर सख्त कदम उठाने चाहिए। दिल्ली के मुखर्जी नगर समेत अन्य जगहों पर कोचिंग सेंटरों, पीजी और पुस्तकालयों का ऑडिट होगा। इसके लिए नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों की टीमें दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के साथ मिलकर कार्य करेगा। इसमें इन सभी केंद्रों, पीजी में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यह भवन निर्माण नियमों के तहत संचालित हो रहे हैं या नहीं।

डीएफएस से अब तक कितने केंद्रों, पीजी ने फायर एनओसी प्राप्त की है। इसकी भी जांच होगी। नगर निगम ने एक माह के दौरान 50 से अधिक केंद्रों व अन्य को फायर एनओसी प्राप्त करने के लिए नोटिस भेजा है। यदि इन केंद्रों ने फायर एनओसी प्राप्त नहीं की होगी। तब इन सभी केंद्रों को निगम की तरफ से सील करने की भी कार्रवाई होगी। अधिकारियों ने बताया है कि कोचिंग सेंटरों, पीजी व पुस्तकालय में लगातार हर सप्ताह में निगम की टीमें जांच करने के लिए जा रही हैं। कई जगहों पर संकरी गलियों में इनका संचालन हो रहा है। ऐसे केंद्रों को खुले इलाके में शिफ्ट होने के लिए भी कहा गया है। साथ ही आग लगने की घटनाओं की रोकथाम को लेकर उपकरण लगाने के लिए भी केंद्रों को निर्देशित किया है। डीएफएस के साथ मिलकर भी कोचिंग सेंटरों, पीजी को ऑडिट करने की तैयारी कर रहे हैं। इसके अलावा फायर एनओसी प्राप्त न करने वालों को सील करेंगे।

## मुथुवल्लूर गांव में 400 साल पुराने दुर्गा मंदिर की मरम्मत करवा रहे मुसलमान, दिल खोलकर कर रहे दान



**मलप्पुरम , एजेंसी।** केरल के मुस्लिम बहुल इलाके से सांप्रदायिक सद्भाव की खबर सामने आई है। यहां मलप्पुरम के छोटे से गांव मुथुवल्लूर में 400 साल पुराना दुर्गा मंदिर है। जिसके जीर्णोद्धार के लिए मुसलमान दिल खोलकर दान कर रहे हैं। मंदिर समिति के अधिकारियों का कहना है कि मई में माता की नई मूर्ति स्थापित की जाएगी। मंदिर के रिनोवेशन कार्य में हिन्दुओं के साथ मुस्लिम समुदाय के लोग भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। मंदिर के प्रति मुसलमानों की आस्था इस बात का प्रतीक है कि उन्होंने मंदिर के गुंबद में तांबे की परत चढ़ाने के अलावा अभी तक 38 लाख रुपए का दान किया है।

रमजान के समय केरल के मुसलमान यहां छोटे से गांव में हिन्दुओं के साथ यहां 400 साल पुराने दुर्गा मंदिर के नवीनीकरण कार्य में पूरे उत्साह के हिस्सा ले रहे हैं। मंदिर के नवीनीकरण कार्य का पहला चरण पूरा हो चुका है। 7 या 9 मई को मंदिर में मूर्ति की फिर से स्थापना की जाएगी। मंदिर के अधिकारियों ने दशकों पुरानी मूर्ति के खंडित हो जाने के बाद नई मूर्ति की स्थापना के लिए धार्मिक समूहों के लोगों से मदद मांगी है।

मंदिर को राज्य सरकार द्वारा संचालित मालाबार देवास्वोम बोर्ड चलाता है। मंदिर को लेकर हिन्दुओं और मुसलमानों की एकता ऐसे भी पता चलती है क्योंकि मंदिर में मूर्ति स्थापना के लिए बोर्ड द्वारा बनाए गए निमंत्रण पत्र में मंदिर से जुड़े पुजारियों के साथ इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के राज्य प्रमुख के अलावा आस-पास के इलाकों में स्थित मस्जिदों के काजी की भी तस्वीरें हैं। मंदिर से जुड़े अधिकारियों ने टीओआई को बताया कि इलाके में विभिन्न समुदाय में लोग पूरी तरह से सद्भावना है। यहां आस्था और पूजा स्थलों को लेकर हम एक-दूसरे की मदद भी करते रहते हैं। मंदिर के नवीनीकरण के लिए धन जुटाने का कार्य 2023 में एक कार्यक्रम के जरिए शुरू किया गया था, जिसमें राज्य हज कमेटी के सदस्य केपी सुलेमान हाजी ने 1 लाख रुपये का दान दिया।

## तमिलनाडु में चुनाव की भविष्यवाणी कर रहा था तोता, ज्योतिषी को किया गिरफ्तार



**चेन्नई, एजेंसी।**
चुनाव के नतीजों की भविष्यवाणी कर रहे एक तोते के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना तमिलनाडु की है, जहां वन अधिकारियों ने तोते के मालिक पर जुर्माना लगाने की तैयारी भी कर ली है। खबर है कि तोते ने विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए के खिलाफ खड़े पीएमके उम्मीदवार के जीतने की बात कही थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तोते ने भविष्यवाणी की थी कि तमिलनाडु की कुड्डलोर लोकसभा सीट से पीएमके के उम्मीदवार थंकर बचन चुनाव जीतेंगे। खास बात है कि पीएमके राज्य में भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। अब इस भविष्यवाणी के बाद ज्योतिषी को पक्षी को कैद कर रखने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है।

एक न्यूज एजेंसी के अनुसार, फॉरेस्ट रेंजर जे रमेश दावा कर रहे हैं कि तोते की वाइल्डलाइफ (प्रोटेक्शन) एक्ट के तहत शेडयूल 2 स्पेसिस में रखा गया है। ऐसे में उन्हें कैद कर रखना अपराध है। अधिकारियों का कहना है कि उसे चेतावनी और जुर्माने के बाद छोड़ा जा सकता है, जो बढ़कर 10 हजार रुपये तक जा सकती है। पीएमके चीफ अंबुमणि रामदास ने इसे डीएमके का हार का डर करार दिया है।

भाजपा को दक्षिण में मिल सकती है बढ़त

राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दावों को मान्य करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी दक्षिण और पूर्वी भारत में अपनी सीट एवं मत प्रतिशत में भारी वृद्धि करेगी। पीटीआई भाषा से बातचीत में किशोर ने कहा, वह (भाजपा) तेलंगाना में पहली या दूसरी पार्टी होगी जो एक बड़ी बात है। वह निश्चित रूप से ओडिशा में नंबर एक होगी।

उन्होंने कहा, आपको आश्चर्य होगा क्योंकि मेरी राय में पूरी संभावना है कि भाजपा पश्चिम बंगाल में नंबर एक पार्टी बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में भाजपा का मत प्रतिशत दोहरे अंक में पहुंच सकता है।

तेलंगाना, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, बिहार और केरल में लोकसभा की कुल 204 सीट हैं, लेकिन भाजपा 2014 या 2019 में इन सभी राज्यों में 50 सीट भी नहीं जीत सकी थी। उसने इन राज्यों में 2014 में 29 और 2019 में 47 सीट हासिल की थीं।

## दिल्ली के सरकारी स्कूलों में प्राइमरी क्लास के दाखिलों के लिए सर्कुलर जारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के सर्वोदय विद्यालयों की प्री-प्राइमरी और प्राइमरी क्लास में दाखिले की दौड़ शुरू होने जा रही है। इन स्कूलों में प्री-प्राइमरी और प्राइमरी क्लास की खाली सीटों पर दाखिला 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर मिलेगा। प्रवेश प्रक्रिया 15 अप्रैल से शुरू होगी। इस संबंध में मंगलवार को शिक्षा निदेशालय की स्कूल शाखा ने सर्कुलर जारी कर सीट भरने को लेकर दिशा-निर्देश दिए हैं।

स्कूलों को खाली सीटों का ब्यौरा मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर नोटिस बोर्ड पर देना होगा। स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य और स्कूल मित्रों के बीच भी खाली सीटों की सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। सर्वोदय विद्यालयों में ट्रांसफर के आधार पर दाखिले के लिए आवेदन करने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। अधिकतम 40 छात्रों को दाखिला दिया जा सकता है।

वर्तमान सत्र में लंबे समय से अनुपस्थित बच्चे की सीट पर उसके दूसरे स्कूल में दाखिला न होने तक सीट को खाली नहीं माना जाएगा। अगर पिछले वर्ष से बच्चा अनुपस्थिति है और उस तक पहुंच नहीं बन पा रही है तो सीट खाली मानी जाएगी। इसके अलावा अगर किसी के घर के तीन किलोमीटर के दायरे में कोई सर्वोदय विद्यालय नहीं है तो वह दाखिला के योग्य होंगे। साथ ही एक किलोमीटर के क्षेत्र में रहने वाले भी दाखिला के लिए आवेदन कर सकेंगे। क्लास 6 से 9 तक के दाखिले भी शुरू बता दें कि,



दिल्ली में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए सरकारी स्कूलों में क्लास 6 से 9 तक के गैर योजनाबद्ध दाखिले के लिए पहले चरण के तहत रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया भी सोमवार 8 अप्रैल से शुरू हो गई है। दाखिले के लिए केवल दिल्ली में रहने वाले बच्चे आवेदन के पात्र होंगे। यह प्रक्रिया 3 चरणों में पूरी होगी। अभिभावकों को शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। इच्छुक छात्र 17 अप्रैल तक दाखिले के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। चयनित आवेदकों की लिस्ट 29 अप्रैल को प्रदर्शित होगी। 30 अप्रैल से लेकर 10 मई तक दस्तावेज का वेरिफिकेशन होगा।

### हेल्पलाइन नंबर जारी किए

आवेदकों को कोई मुश्किल न हो, इसके लिए स्कूलों में हेल्प डेस्क की सुविधा मिलेगी। अभिभावक आवेदन फॉर्म भरने के लिए स्कूल में भी संपर्क कर सकेंगे। दाखिले को लेकर 1800116888 और 10580 नंबर पर सुबह साढ़े सात बजे से लेकर शाम साढ़े छह बजे तक सभी कार्य दिवसों में कॉल करके जानकारी ली जा सकती है।

## सुक्खू सरकार पर निजी फर्म को अग्रिम भुगतान के आरोप, सीबीआई और ईडी से जांच कराए जाने की मांग

**शिमला, एजेंसी।** कांग्रेस के दो बागी जो अब भाजपा में हैं, उन्होंने मंगलवार को सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार पर अनियमितता के आरोप लगाए हैं। बागियों ने दावा किया कि राज्य सरकार ने चुनाव आचार संहिता लागू होने से ठीक एक दिन पहले एक निजी कंपनी को 100 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान किया। बागियों ने इसकी जांच की मांग की। साथ ही हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से स्पष्टीकरण की भी मांग की। भाजपा नेता राजिंदर राणा और सुधीर शर्मा ने आरोप लगाया कि एक मंत्री और शिमला नगर निगम के मेयर को जल योजना परियोजना के आवंटन पर आपत्ति थी। भाजपा नेता राजिंदर राणा ने आरोप लगाया, एक मंत्री की टिप्पणी को इस मामले में पूरी तरह नजरअंदाज करते हुए कैबिनेट में प्रस्ताव लाया गया और पारित कर दिया गया।



दोनों नेताओं ने निवदा प्रक्रिया पर भी सवाल उठाया। उन्होंने दावा किया कि जल योजना के लिए तीन बार निविदाएं आमंत्रित की गईं लेकिन हर बार केवल एक ही फर्म ने निविदा भरी। उन्होंने कहा कि विभाग के मंत्री ने फाइल पर साफ शब्दों में लिख दिया था कि काम एक ही फर्म को नहीं दिया जा सकता है। फिर भी फर्म को ठेका दे दिया गया।

सुधीर शर्मा ने सवाल किया कि जब एक मंत्री और शिमला नगर निगम के मेयर को परियोजना के आवंटन पर आपत्तियां थीं। फिर भी आदर्श आचार संहिता लागू होने से ठीक दो दिन पहले जल्दबाजी में कैबिनेट में प्रस्ताव लाया गया। राणा ने कहा इस मामले की सीबीआई और ईडी से जांच कराई जानी चाहिए। बता दें कि राजिंदर राणा और सुधीर शर्मा उन छह विद्रोही विधायकों में शामिल थे जिन्होंने राज्यसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया था। पार्टी व्हिप की अवहेलना करने के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। बाद में, कांग्रेस के ये बागी नेता भाजपा में शामिल हो गए। इन नेताओं को भाजपा की ओर से विधानसभा उपचुनाव लड़ने के लिए टिकट दिए गए हैं।

## एनसीआर में बनेगा पहला फूड जोन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लजीज खाने के शौकीनों के लिए गुड न्यूज है। नोएडा सेक्टर-98 में शहर का पहला फूड जोन विकसित होगा। इसके लिए क्योस्क बनाए जाएंगे। यहां 300 मीटर क्षेत्र में पार्किंग जोन भी विकसित होगा। इसको लेकर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने मंगलवार को निर्देश जारी किए।

सीईओ ने शहर में चल रहे मरम्मत के काम और सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। सीईओ को निरीक्षण के दौरान सेक्टर-98 का नाला क्षतिग्रस्त मिला। इस पर उन्होंने पुनर्निर्माण करने के निर्देश दिए। सेक्टर-98 से 96 तक सेक्टर-100 के सामने कूड़ा पड़ा था। इस पर सफाई कराने के निर्देश दिए। सीईओ सेक्टर-29 ब्रह्मपुत्र बाजार पहुंचे। उन्होंने पाया कि बाजार एसोसिएशन को लाल रंग के साइनेज लगाने के निर्देश दिए थे, जबकि एसोसिएशन ने साइनेज भूरे रंग के लगवा दिए। सीईओ ने इसको बदलने के निर्देश दिए। सीईओ को सेक्टर-37 स्थित गोदावरी और सेक्टर-110 स्थित वीडीएस बाजार में गंदगी मिली, जिसको दो दिन में साफ करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में सेक्टर-110 के पास नाले में गंदा पानी जमा मिला। इस नाले को साफ करने के निर्देश दिए गए। सीईओ को सेक्टर-104 में सरकारी जमीन पर इमारत का निर्माण होता मिला। उन्होंने इस काम को रुकवाकर ध्वस्त करने के निर्देश दिए।

फूड जोन शहर में पहली बार तैयार किया जाएगा। अब तक वेंडिंग जोन में ही इस तरह की व्यवस्था है। वेंडिंग जोन में खाने-पीने की दुकानों के अलावा उनके बराबर में अन्य तरह की दुकान लगती हैं।

## डबल मर्डर में जेएमएम के पूर्व विधायक पौलुस सुरीन को आजीवन कारावास

**रांची , एजेंसी।** झारखंड के खूंटी जिले के कर्रा में दो लोगों की हत्या की मामले में अपर न्यायायुक्त की कोर्ट ने जेएमएम के पूर्व विधायक पौलुस सुरीन और नक्सली जेठा कच्छप को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उन्हें बीते 6 अप्रैल को दोषी करार दिया था। इस मामले में ट्रायल फेस कर रहे चार अन्य लोगों को साक्ष्य के अभाव में पहले ही बरी कर दिया गया था। वारदात वर्ष 2013 की है। भूषण सिंह और रामगोविंद की हत्या नक्सली संगठन के लोगों ने पुलिस की मुखबिरी करने के आरोप में कर दी थी। इन दोनों को उनके घर के पास चबूतरे पर खड़ा कर गोली मारी गई थी। इस केस में पौलुस सुरीन, नक्सली जेठा कच्छप, कृष्णा महतो सहित छह लोगों के खिलाफ कर्रा थाना क्षेत्र में एफआईआर दर्ज की गई थी।

कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 12 गवाह पेश किए गए। अदालत ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद शनिवार को इस मामले में फैसला सुनाया। मामले के अभियुक्त पूर्व झामुमो विधायक पौलुस सुरीन अदालत में सशरीर उपस्थित रहे, जबकि गोड्डा जेल में बंद नक्सली जेठा कच्छप वीडियो कांफेंसिंग के जरिए उपस्थित था।

## बिहार में जाति हावी, राजस्थान में कांग्रेस दे रही टक्कर; भाजपा के लिए चुनौती भरे हैं 4 राज्य

**जयपुर, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव में भाजपा की रणनीति के लिए चार राज्यों कर्नाटक, राजस्थान, हरियाणा और बिहार के राजनीतिक व सामाजिक समीकरण काफी महत्वपूर्ण हैं। इन राज्यों में भाजपा को न केवल अपने अंदरूनी मामलों से निपटना पड़ रहा है, बल्कि विपक्ष की तरफ से भी कई सीटों पर चुनौती मिलने की संभावना है। इन राज्यों में बीते चुनाव में भाजपा और एनडीए को भारी सफलता मिली थी।

बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जब तीन सौ का आंकड़ा पार किया था तो पार्टी व उसके गठबंधन ने इन चारों राज्यों की 103 सीटों में से 99 सीटों पर जीत मिली थी और महज चार सीटें विपक्ष के हिस्से में गई थी। इस चुनाव में भी भाजपा इस आंकड़े को दोहराना चाहती है, लेकिन टिकट वितरण, बाहर से आए नेताओं को टिकट देना, नए सहयोगी और विपक्ष की रणनीति के मुद्दों से निपटना पड़ रहा है।

**कर्नाटक में सबसे ज्यादा मुश्किलें:** भाजपा के लिए सबसे ज्यादा दिक्कत कर्नाटक बना हुआ है। पिछले आम चुनाव में यहां 28 सीटों में भाजपा ने 25 सीटों पर जीत हासिल की। हालांकि विधानसभा चुनाव में उसे कांग्रेस से करारी हार का सामना करना पड़ा। इस आम चुनाव में भाजपा ने जद (एस) के साथ गठबंधन किया है, ताकि सामाजिक समीकरण साधे जा सके। जद (एस) के नेता पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा वोक्कालिगा समुदाय से आते है और इस समुदाय पर उनका खासा प्रभाव है, दूसरी तरफ बीएस येदियुरप्पा के चलते राज्य के प्रभावी लिंगायत समुदाय को भाजपा का समर्थक माना जाता है।

हालांकि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनने से स्थितियां बदली हैं। उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार वोक्कालिगा समुदाय के प्रभावी नेता बनकर उभरे हैं। ऐसे में भाजपा को जद (एस) के साथ जाने से कितना लाभ मिलता है, इसे लेकर संशय है। साथ ही भाजपा में अपने मौजूदा सांसदों सदानंद गौड़ा, अनंत हेगड़े और नलिन कटील जैसे नेताओं के टिकट काटने से भी असंतोष है।



**हरियाणा में कड़ा मुकाबला:** हरियाणा में भाजपा ने पिछली बार सभी 10 सीटें जीती थी। पार्टी ने हाल में मुख्यमंत्री बदलकर अपनी रणनीति भी बदली है, हालांकि यहां पर मुकाबला कड़ा हो सकता है। पार्टी ने कुरुक्षेत्र में कांग्रेस से आए नवीन जिंदल और सिरसा में अशोक तंवर को और हिसार में हाल में पार्टी में शामिल हुए रंजीत चौटाला को टिकट दिया है। इससे पार्टी में नाराजगी है।

**राजस्थान में कांग्रेस दे रही टक्कर:** राजस्थान में भाजपा ने बीते चुनाव में गठबंधन में सभी 25 सीटें जीती थी। इसमें 24 उसने खुद और एक पर तब की सहयोगी आरएलपी जीती थी। इस बार राज्य में भाजपा की सरकार है, लेकिन बांसबाड़ा, कोटा, बाड़मेर, चुरू व अलवर की सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार कड़ी चुनौती दे रहे हैं।

**बिहार में जातिगत समीकरण अहम:** बिहार में बीते चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने 40 में से 39 सीटें जीती थीं। इस बार फिर से भाजपा का उसी तरह का गठबंधन है। इसमें दो और दल भी जुड़े हैं। हालांकि राजद भी इस बीच काफी मजबूत हुआ है। यहां पर सामाजिक जातिगत समीकरण काफी अहम है। कुछ सीटों पर राजद व उसके सहयोगी कड़ी चुनौती दे सकते हैं।

# अर्शदीप सिंह ने टी20 क्रिकेट में पूरे किए 150 विकेट

## आशीष नेहरा के साथ स्पेशल क्लब का बने हिस्सा



**मोहाली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के 23वें मुकाबले में पंजाब किंग्स टीम का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से हुआ। इस मैच को सनराइजर्स हैदराबाद ने काफी रोमांचक तरीके से 2 रनों से अपने नाम करने के साथ इस सीजन की तीसरी जीत दर्ज की। वहीं इस मैच में पंजाब किंग्स के कुछ खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से जरूर सभी को प्रभावित किया जिसमें एक नाम बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का है, जिन्होंने मैच में अपने 4 ओवरों की गेंदबाजी में 29 रन देने के साथ 4 विकेट हासिल किए। अर्शदीप सिंह ने इसी के साथ टी20 क्रिकेट में अपने 150 विकेट भी पूरे कर लिए।

### 150 विकेट लेने वाले अर्शदीप सिंह बने भारत के चौथे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज

अर्शदीप सिंह के लिए सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच से अब तक ये सीजन कुछ खास अच्छा नहीं रहा था, ऐसे में उनपर बेहतर प्रदर्शन करने का भी दबाव था। इस मुकाबले में अर्शदीप सिंह ने नई गेंद से कमाल दिखाते हुए सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को 2 बड़े झटके दिए जिसमें उन्होंने ट्रेविस हेड और एडम मारक्रम को को अपना शिकार बनाया। इसके बाद उन्होंने अब्दुल समद और नितीश रेड्डी को भी अपना शिकार बनाया।

अर्शदीप ने इसी के साथ टी20 क्रिकेट में अपने 150 विकेट का आंकड़ा भी पार कर लिया। अब वह भारत की तरफ से इस फॉर्मेट में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के रूप में ये कारनामा करने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। टी20 क्रिकेट में भारत की तरफ से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के तौर पर सबसे ज्यादा विकेट हासिल करने के मामले में जयदेव उनादकट पहले स्थान पर हैं, जिन्होंने अब तक 221 विकेट हासिल किए हैं, वहीं इसके बाद इरफान पठान 173 तो वहीं तीसरे स्थान पर 162 विकेट के साथ आशीष नेहरा हैं।

### पैट कमिंस के रिकॉर्ड को तोड़ा

अर्शदीप सिंह ने साल 2019 में अपने टी20 करियर का आगाज किया था, जिसके बाद से अब तक वह इस फॉर्मेट में 24 की औसत के साथ 153 विकेट हासिल कर चुके हैं। उनका टी20 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 32 रन देकर 5 विकेट है। अर्शदीप ने इस आंकड़े को पार करने के साथ पैट कमिंस के रिकॉर्ड को भी तोड़ने का काम किया, जिन्होंने टी20 क्रिकेट में अपने 150 विकेट 134 मैच में पूरे किए थे। वहीं अर्शदीप सिंह के नाम पर आईपीएल में जहां 65 विकेट दर्ज हैं तो उन्होंने टी20 इंटरनेशनल में 44 मैचों में खेलते हुए 20.87 के औसत से 62 विकेट हासिल किए हैं।

# नितीश रेड्डी ने आईपीएल में किया बड़ा कारनामा

## अब तक कोई भी खिलाड़ी 20 साल की उम्र में नहीं कर सका ऐसा



**मोहाली, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने 9 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले को 2 रनों से अपने नाम किया। इस मैच में हैदराबाद टीम की जीत के हीरो 20 साल 319 दिन की उम्र के खिलाड़ी नितीश रेड्डी रहे। सनराइजर्स हैदराबाद ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 182 रन बनाए थे।

एक समय हैदराबाद ने 64 के स्कोर तक अपने 4 अहम विकेट गंवा दिए थे, यहां से नितीश रेड्डी ने एक छोर से टीम की पारी को संभालने के साथ रन बनाने की गति को बरकरार रखा, जिसे एक समय जो स्कोर 150 से 160 रनों की बीच सिमटता हुआ दिख रहा था वह रेड्डी की पारी की वजह से 182 तक पहुंच सका।


हैदराबाद ने बाद में इस मुकाबले को 2 रनों से अपने नाम भी किया। वहीं नितीश रेड्डी ने भी एक बड़ा कारनामा अपने इस प्रदर्शन के दम पर कर दिया जो अब तक आईपीएल के इतिहास में कोई भी खिलाड़ी करने में कामयाब नहीं हो सका था।

### 20 साल 319 दिन की उम्र में नितीश के नाम जुड़ा ये खास रिकॉर्ड

नितीश रेड्डी को इस मुकाबले में उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी मिला। वहीं इस मैच में नितीश ने जहां बल्ले से 64 रनों की पारी खेली तो वहीं गेंदबाजी में भी एक विकेट अपने नाम किया और फील्डिंग में भी वह एक कैच पकड़ने में कामयाब रहे। इसी के साथ नितीश आईपीएल के किसी भी मैच में ये तीनों कारनामे एकसाथ करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बन गए हैं। नितीश ने गेंदबाजी में 3 ओवरों में 33 रन दिए और जितेश शर्मा का अहम समय पर विकेट भी हासिल किया। हैदराबाद की टीम इस मुकाबले में जीत के बाद 6 अंकों के साथ प्वाइंट्स टेबल में सीधे पांचवें स्थान पर पहुंच गई है।

### मैं अपने इस प्रदर्शन को आगे भी जारी रखने की पूरी कोशिश करूंगा

पंजाब किंग्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद नितीश रेड्डी ने कहा कि मेरे नजरिए से ये मेरी टीम और मेरे लिए भी काफी बड़ा प्रदर्शन है। मैं खुद से लगातारा खुद पर विश्वास करने बात कर रहा था। उनके तेज गेंदबाजों ने काफी शानदार बॉलिंग की और इसी कारण मैंने उनके खिलाफ अधिक आक्रामक रुख नहीं अपनाया। मुझे पता था कि स्पिन गेंदबाज आएंगे और मैं उनके खिलाफ बड़े शॉट खेल सकता हूं। वह अब तक पंजाब किंग्स की टीम के गेंदबाज इस टूर्नामेंट में लगातार धीमि गति की बाउंसर गंदबाजों का अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं जिससे उन्हें फायदा भी हुआ।



## नीतीश कुमार रेड्डी के हरफ़नमौला प्रदर्शन के कायल हुए पैट कमिंस

**मुल्लांपुर (मोहाली) एजेंसी।** मंगलवार शाम पंजाब किंग्स के ख़िलाफ़ आईपीएल मैच में सनराइज़र्स हैदराबाद के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने 37 गेंदों में 64 रन की पारी खेली और अपनी टीम को 64/4 के स्कोर से 182/9 के स्कोर तक पहुंचाया। बाद में उन्होंने जितेश शर्मा का महत्वपूर्ण विकेट भी प्राप्त किया। नीतीश का यह ऑलराउंड प्रदर्शन ही मैच का मुख्य अंतर साबित हुआ। मैच के बाद नीतीश के कप्तान पैट कमिंस ने नीतीश के प्रदर्शन की खूब सराहना की। कमिंस ने मैच के बाद कहा, उन्होंने बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन किया। शीर्ष क्रम में बल्लेबाज़ी, अच्छी फ़ील्डिंग और तीन ओवर गेंदबाज़ी, उनके कारण ही हम 180 के स्कोर के ऊपर पहुंचने में सफल रहें। नीतीश की इस पारी में चार चौके और पांच छक्के आए। मैच के बाद उन्होंने कहा, मेरा प्रदर्शन टीम में योगदान के लिए था। मैं लगातार खुद से बात किए जा रहा था कि मुझे खुद पर भरोसा रखना है और टीम के लिए वहां खड़ा रहना है। उनके तेज़ गेंदबाज़ अच्छी गेंदबाज़ी कर रहे थे, तो मैं उन पर कोई मौक़ा नहीं लेना चाह रहा था। लेकिन जब उनके स्पिनर्स आएं तो मैंने उन पर आक्रमण किया।

# रियान पराग में अहंकार था, अभी भी है, लेकिन...

## ऑस्ट्रेलियाई महान खिलाड़ी का आईपीएल स्टार पर बड़ा बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में एकमात्र अपराजित टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए जोस बटलर, संजू सैमसन, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, ट्रेंट बोल्ट ने उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन किया है। हालांकि, यहां एक नाम ऐसा है, जिसने हर किसी को हैरत में डाल दिया है।

वह हैं रियान पराग। यह ऑलराउंडर इस सीजन में एक अधिक परिपक्व खिलाड़ी के रूप में उभरा है, जो टीम के लिए एक मैच विनर बन गया है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के लिए रॉयल्स की तैयारी पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर ब्रैड हॉग ने रियान पराग की खूब प्रशंसा की। हालांकि, उन्होंने साथ ही कहा कि रियान पराग में अहंकार है। एक पॉडकास्ट में हॉग ने बताया कि कि कैसे पराग ने अपनी ऊर्जा को चैनलाइज करना सीखा है और इस साल खुद से अधिक टीम के लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा- मुझे लगता है राजस्थान रॉयल्स टूर्नामेंट में सबसे संतुलित टीम है। मुझे पसंद है कि उन्होंने अपनी पूरी लाइनअप कैसे सेट की है। अगर संदीप शर्मा भी पूरी तरह से फिट हो जाते हैं तो वह उनके लिए छठे गेंदबाजी विकल्प के रूप में जुड़ सकते हैं। उन्होंने आगे कहा- मुझे वास्तव में अच्छा लग रहा है जब मैं युवा रियान पराग को देख रहा हूं।

वह आईपीएल के इतिहास में अर्धशतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। मुझे उनकी ऊर्जा पसंद है और मुझे जिस तरह से वह क्षेत्ररक्षण करते हैं वह पसंद है। मुझे लगता है कि वह वास्तव में इस साल परिपक्व हो गए हैं।

हॉग ने रियान पराग के इगो पर बात करते हुए कहा- पिछले साल मुझे लगता है कि उनमें थोड़ा अहंकार था। मैं यह अपमानजनक रूप से नहीं कहता, लेकिन मुझे लगता है कि पिछले साल उनमें थोड़ा अहंकार था। अहंकार अभी भी है लेकिन यह नियंत्रण में है।

वह खुद पर विश्वास करते हैं और अब वह टीम में अपनी जगह बनाने की कोशिश करने के बजाय टीम के लिए क्या कर सकते हैं, इसके बारे में अधिक चिंतित हैं। पराग ने 2019 में राजस्थान रॉयल्स के लिए पदार्पण किया था। इस सीजन में उन्होंने 4 मैचों में 158.12 की स्ट्राइक रेट के साथ 92.50 की औसत से 185 रन बनाए हैं।





## ऋषभ पंत को मिल सकती है स्काड में जगह



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी-20 वर्ल्ड कपः वर्ल्ड कप 2024 को लेकर जल्द ही बीसीसीआई अपनी टीम का ऐलान करेगी. संभावना जताई जा रही है कि भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को टी20 वर्ल्ड कप 2024 टीम में शामिल किया जा सकता है.भारत में सभी के ऊपर अभी आईपीएल का बुखार चढ़ा हुआ है. चौक-चौराहा, गली- मोहल्ला में खेड़े सभी क्रिकेट प्रेमी अपनी टीम और अपने पसंदीदा खिलाड़ी का समर्थन करते हुए नजर आ रहे हैं. बता दें,

आईपीएल 2024 सीजन के समाप्त होने के बाद एक और महासंग्राम देखने को मिलेगा. आपकी जानकारी के लिए बता दें, आईपीएल के बाद टी20 वर्ल्ड कप 2024 शुरू होने वाला है. जिसे लेकर अभी से तैयारी शुरू हो गई है. टी20 वर्ल्ड कप 2024 को लेकर जल्द ही बीसीसीआई अपनी टीम का ऐलान करेगी. संभावना जताई जा रही है कि भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को टी20 वर्ल्ड कप 2024 टीम में शामिल किया जा सकता है. बता दें कि 30 दिसंबर 2022 की रात को ऋषभ पंत कार एक्सीडेंट का शिकार हुए थे. इसके बाद वो लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहे. मगर अब उन्होंने आईपीएल से वापसी की और विपक्षी टीम पर जमकर बरस भी रहे हैं.

कैंडिडेट्स शतरंज

## गुकेश और प्रगनानंदा का अब तक का सफर रहा शानदार, आनंद भी दोनों के प्रदर्शन से हुए प्रभावित

**टोरंटो, एजेंसी।** प्रगनानंदा के साथ टूर्नामेंट में उनकी मां नागलक्ष्मी भी आई हुई हैं। प्रगनानंदा कहते हैं कि आपके साथ कमरे में किसी का होना महत्वपूर्ण है। यह उस वक्त और महत्वपूर्ण हो जाता है जब आप हारते हैं। मैं उनके सहयोग के लिए उनका आभारी हूं। भारतीय दिग्गज विश्वनाथन आनंद का मानना है कि कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले विश्राम दिवस तक भारतीय खिलाड़ी डी गुकेश और आर प्रगनानंदा ने शुरुआती तूफान का सामना आश्चर्यजनक रूप से बेहतर ढंग से किया है।

टूर्नामेंट से पहले भारतीय खिलाड़ी दावेदार नहीं माने जा रहे थे, लेकिन गुकेश (2.5) और प्रगनानंदा (2) ने अब तक टूर्नामेंट में अपनी पकड़ बनाए रखी है। हालांकि, नाकामुरा को हराकर दावेदार बने विदित गुजराती (1.5) के बारे में ऐसा नहीं है। वह लगातार दो हार के बाद पिछड़ गए हैं।



### प्रगनानंदा के साथ मौजूद हैं उनकी मां

पिछले दो बार के कैंडिडेट्स विजेता फिडे के झंडे तले खेल रहे रूस के नेपोमिनयाच्ची चार दौर के बाद तीन अंक लेकर बढ़त पर हैं। अभी 10 दौर और बाकी हैं। नेपोमनियाच्ची अगर तीसरी बार जीतते हैं तो लगातार तीन खिताब जीतने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी होंगे। प्रगनानंदा के साथ टूर्नामेंट में उनकी मां नागलक्ष्मी भी आई हुई हैं। प्रगनानंदा कहते हैं कि आपके साथ कमरे में किसी का होना महत्वपूर्ण है। यह उस वक्त और महत्वपूर्ण हो जाता है जब आप हारते हैं। मैं उनके सहयोग के लिए उनका आभारी हूं।

### हंपी दौड़ से बाहर नहीं

देश के दूसरे ग्रैंड मास्टर दिब्येंदु बरुआ ने कहा- मैं कोनेरू हंपी को चौथे दौर में हार के बावजूद दौड़ से बाहर नहीं मानता हूं। उनके पास जीतने की काबलियत और इच्छाशक्ति दोनों हैं। विदित भी वापसी करने में सक्षम हैं और गुकेश स्कोर कर सकते हैं।

### भारतीय तिकड़ी के पास मौका

देश के तीसरे ग्रैंड मास्टर प्रवीण थिप्से ने कहा- नाकामुरा अपने आपको प्रेरित नहीं कर पा रहे हैं, जिसके चलते भारतीय तिकड़ी और नेपोमनियाच्ची, कारुआना के पास मौका है।

## टेनिसः फेडरर को पीछे छोड़ जोकोविच दुनिया के सबसे उम्रदराज नंबर-एक बने

**मोंटे कार्लो (फ्रांस), एजेंसी।** जोकोविच कहते हैं कि वह आशा करते हैं कि जल्द ही हम दोनों भारत में कुछ करेंगे। हम वहां खेलेंगे। वह लंबे समय से भारत नहीं गए हैं। यह काफी बड़ा और शानदार देश है। नोवाक जोकोविच ने एक और असाधारण उपलब्धि हासिल कर ली है। उन्होंने रोजर फेडरर को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे उम्रदराज विश्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल कर लिया है। 36 वर्षीय जोकोविच अगले माह 37 वर्ष के होने वाले हैं और उन्होंने जून, 2018 में सबसे ज्यादा उम्र में नंबर एक बनने वाले फेडरर को पीछे छोड़ दिया है। यही नहीं मोंटे कार्लो में इस वक्त दो खिलाड़ियों को सबसे ज्यादा चर्चा है और ये जोकोविच, रोहन बोपन्ना हैं। टेनिस के पुरुष एकल और युगल में वर्तमान में नंबर एक पदवी सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों के नाम पर है। जोकोविच एकल में तो 44 वर्षीय बोपन्ना युगल में नंबर एक हैं।



### रिकॉर्ड 420वें सप्ताह नंबर एक बने नोवाक

इस सोमवार को जोकोविच नंबर एक की पदवी पर 420वें सप्ताह में पहुंच गए। यह भी एक रिकॉर्ड है, जिसे वह पहले तोड़ चुके हैं।



## मैच के दौरान रोनाल्डो ने खोया आपा

### विरोधी खिलाड़ी को मारी कोहनी, रेफरी को दिखाया पंच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोनाल्डो की टीम अल नासर की स्थिति अल हिलाल के खिलाफ अच्छी नहीं थी। टीम को इस मुकाबले में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। अल नासर के लिए सादियो माने ने एकमात्र गोल किया। दुनिया के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक बड़ी मुसीबत में फंसते नजर आ रहे हैं। रोनाल्डो सऊदी सुपर कप के मुकाबले में अल हिलाल के खिलाफ अपनी टीम अल नासर की हार के दौरान अपना आपा खो बैठे। उन्होंने ना सिर्फ विरोधी टीम के खिलाड़ी को कोहनी मारी, बल्कि मैच रेफरी को पंच मारने की कोशिश भी की। उनकी इस हरकत के कारण उन पर प्रतिबंध भी लग सकता है।

### रोनाल्डो को मिला रेड कार्ड

रोनाल्डो की टीम अल नासर की स्थिति अल हिलाल के खिलाफ अच्छी नहीं थी। टीम को इस मुकाबले में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। अल नासर के लिए सादियो माने ने एकमात्र गोल किया। रोनाल्डो इससे काफी निराश थे और मैच के दौरान उन्होंने गुस्से में विरोधी खिलाड़ी को कोहनी मार दी। उनकी इस हरकत के लिए मैच रेफरी ने तुरंत रोनाल्डो को रेड कार्ड दिखाया। यह पहली बार था जब रोनाल्डो को सऊदी अरब में रेड कार्ड मिला। रोनाल्डो खुद को रेड कार्ड मिलने से नाराज हुए और उन्हें मैच रेफरी को पंच मारने की कोशिश, लेकिन हाथ पीछे खींच लिया।

## एक नजर

### एडवोकेट सुरेश प्रसाद के निधन पर विधिज्ञ संघ में शोक की लहर

**औरंगाबाद)(का.सं.)।** जिला विधिज्ञ संघ, औरंगाबाद के अधिवक्ता सुरेश प्रसाद के आकस्मिक निधन पर बुधवार संघ में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की खबर सुनकर स्तब्ध अधिवक्तागण उनके घर पहुंचे। श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिवार को हिम्मत रखने का दिलासा दिया। उनके निधन को जिला विधिज्ञ संघ के लिए अपूरणीय क्षति बताया। गौरतलब है कि सुरेश प्रसाद लगातार दो बार सत्र 21-23, 24-26 के लिए जिला विधिज्ञ संघ की कार्यसमिति के सदस्य निर्वाचित हुए थे। निधन पर जिला विधिज्ञ संघ ने अधिवक्ता कल्याण कोषांग के माध्यम से पचास हजार रुपए मदद पहुंचाई है। इस अवसर पर जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय, महासचिव जगनारायण सिंह, पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, अकमल हसन, मो. मेराज, अमरेन्द्र कुमार, उदय कुमार सिन्हा, यमुना प्रसाद सिंह, दिलीप कुमार सिंह, सतीश कुमार स्नेही , एपीपी यमुना प्रसाद, अभय कुमार, अशोक कुमार, अनील कुमार सिन्हा एवं संजय कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### डीआरओ ने की निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग की समीक्षा

**औरंगाबाद (का.सं.)।** औरंगाबाद के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बुधवार को निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोषांग के नोडल पदाधिकारी रविरंजन आलोक के साथ कोषांग से जुड़े प्रत्येक कार्यों एवं गतिविधियों तथा भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त अनुदेश के आलोक में बिंदुवार समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान सहायक व्यय प्रेक्षक ने एफएस, टीवी, एसटीवी, वीटी द्वारा किए जाने वाले कार्यों की भी समीक्षा की। समीक्षा बैठक में राज्य कर संयुक्त आयुक्त तथा निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग के नोडल पदाधिकारी रवि रंजन आलोक, कोषांग में प्रतिनियुक्त ज्ञानी दास,

# प्रख्यात गायिका सह स्वीप आईकॉन मैथिली ठाकुर द्वारा मतदाताओं को किया गया जागरूक



कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण में औरंगाबाद में मतदान किया जाना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार पटना द्वारा प्राप्त निर्देश तथा जिला निर्वाचन पदाधिकारी औरंगाबाद के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं वोट प्रतिशत को बढ़ाने हेतु स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है इसी क्रम में बिहार के स्वीप आइकॉन मैथिली ठाकुर ने स्थानीय अनुग्रह नारायण नगर भवन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत अपनी प्रस्तुति दी इस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला भू अर्जन पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना दयाशंकर सिंह, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रारंभिक शिक्षा गार्गी कुमारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी प्रशांत कुमार, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस रचना कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में दीप प्रज्वलन के बाद उप विकास आयुक्त ने स्वागत भाषण के बाद मोमेंटो तथा पौधा के द्वारा मैथिली ठाकुर एवं उनके पिताजी का सम्मान किया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए स्विप कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा नामित बिहार स्वीप आइकॉन मैथिली ठाकुर ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को जागृत कर रही है। कार्यक्रम में मैथिली ठाकुर ने अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान करने हेतु शपथ भी दिलाई तथा अधिक से अधिक मतदान हेतु अपील भी की। कार्यक्रम में स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्रा, आशा आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी एवं जनमानस भी भाग लिए कार्यक्रम के अंतिम चरण में कार्यक्रम के अंतिम चरण में धन्यवाद ज्ञापन स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी ने किया।

## मैथिली ठाकुर ने मतदाताओं ने वोट देने के लिए किया अपील

निज संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** बुधवार को प्रख्यात गायिका-सह-स्वीप आइकॉन द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के अवसर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत 114 रफीगंज विधानसभा अंतर्गत मदनपुर प्रखंड के अनुग्रह उच्च विद्यालय में मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर उन्होंने बिहार के प्रसिद्ध छठ पर्व के अवसर पर गया जाने वाला छठ गीत गाकर लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया। मदनपुर में मतदान केंद्र संख्या 285, 286 राजकीय मध्य विद्यालय मदनपुर 288, 289 अनुग्रह उच्च विद्यालय मदनपुर एवं 290, 291 प्रोजेक्ट जयप्रभा कन्या प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय मदनपुर अवस्थित है जिनमें मतदान केंद्र संख्या, लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान केंद्र संख्या 291, 290 पर मतदान का प्रतिशत कम था। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मदनपुर, श्रीमती श्वेता प्रियदर्शी स्वीप नोडल पदाधिकारी, डीपीओ शिक्षा गार्गी कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, थाना अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

# विकास कुमार गहलोत को जिलाध्यक्ष किया गया मनोनीत

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** बुधवार को छात्र जदयू प्रदेश अध्यक्ष आनंद मोहन द्वारा सभी ज़िला अध्यक्षों की सूची जारी की गई जिसमें औरंगाबाद पूर्व ज़िलाध्यक्ष विकास कुमार गहलोत पर फिर से एक विश्वास जताते हुए औरंगाबाद का ज़िलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। ज़िलाध्यक्ष ने बताया कि जिस तरह मुख्यमंत्री सह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, छात्र जदयू के प्रदेश अध्यक्ष आनंद मोहन ने मेरे ऊपर दोबारा विश्वास दिखाया है। मैं उनके प्रति आभार प्रकट करता हूं। छात्र जदयू पहले से ज्यादा मज़बूती से छात्रों के बीच उनके साथ खड़ा होगा। ज़िलाध्यक्ष की सूची जारी होने के बाद फ़ोन और सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई देने वालों का ताता लगा रहा। बधाई देने वालों में जदयू के ज़िलाध्यक्ष सह रफ़ीगंज के पूर्व विधायक अशोक सिंह जी, जनता दल यूनाइटेड के पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, छात्र जदयू के पूर्व ज़िलाध्यक्ष आनंद वैभव और पार्टी के सभी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डीआरओ ने की निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग की समीक्षा

**औरंगाबाद (का.सं.)।** औरंगाबाद के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बुधवार को निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोषांग के नोडल पदाधिकारी रविरंजन आलोक के साथ कोषांग से जुड़े प्रत्येक कार्यों एवं गतिविधियों तथा भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त अनुदेश के आलोक में बिंदुवार समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान सहायक व्यय प्रेक्षक ने एफएस, टीवी, एसटीवी, वीटी द्वारा किए जाने वाले कार्यों की भी समीक्षा की।

### हैनिमैन की 269वीं जयंती के अवसर पर समारोह का आयोजन

# होमियोपैथी से संभव है कई जटिल व असाध्य बीमारियों का इलाज

निज संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** मौलाबाग स्थित सुपर स्पेशियलिटी एवं एडवांस होमियोपैथिक रिसर्च क्लिनिक लाइफ लाइन के परिसर में विश्व होमियोपैथिक दिवस एवं होमियोपैथी चिकित्सा के जनक डॉक्टर सैमुअल क्रिश्चियन फ्रेड्रिक हैनिमैन की 269वीं जयंती के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन लाइफ लाइन के निदेशक डॉक्टर मनोज कुमार के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर डॉक्टर अशोक कुमार गुप्ता, डॉक्टर विपिन कुमार, डॉक्टर कमलेश सिंह, डॉक्टर राजेश कुमार, डॉक्टर सत्येंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, हर्षित पल्लव, अंश पल्लव, सुधीर कुमार, विनोद कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित लोगों ने डॉक्टर हैनिमन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि होमियोपैथिक विश्व की सबसे पुरानी चिकित्सा पद्धति है, जो सर्वोत्तम व उत्कृष्ट चिकित्सा पद्धति है। यह असाध्य रोगों में कारगर होने के साथ-साथ सस्ती एवं सुलभ भी है। होमियोपैथी से कई जटिल असाध्य रोगों का इलाज जैसे कैंसर, थायराइड, ब्रेन ट्यूमर, माइग्रेन, फैटी लिवर, मनोवैज्ञानिक विकार, अवसाद उपचार, ऑटो प्रतिरक्षा विकार, पीसीओडी, पीसीओएस, फाइब्रॉयड, अस्थमा, बावासीर, एलर्जिक राइनाइटील आदि कई अन्य बीमारियों में कारगर है। डॉक्टर कमलेश सिंह ने कहा कि इस पद्धति को भारत से अधिक विदेशों में रह रहे लोग आजमा रहे हैं। हाल के वर्षों में होमियोपैथी के प्रति भारत में भी विशेष जागरूकता बढ़ी है। डॉक्टर विपिन ने कहा कि यह चिकित्सा पद्धति किसी भी बीमारी को दबाती नहीं बल्कि जड़ से समाप्त करती है। इस मौके पर विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सीएमडी शिक्षा पुरुष सुरेश कुमार गुप्ता, सीईओ आनंद प्रकाश, विद्यासागर, विनय प्रकाश, कृष्णा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट के निर्देशक मदन कुमार, इंजीनियर दिव्य प्रकाश, आदित्य प्रकाश, विक्रम प्रकाश, चंद्र प्रकाश आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। मौके पर प्रवक्ताओं ने डॉक्टर हैनिमैन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की।

### अनुग्रह स्कूल में 66 बच्चों को डीडीसी एवं डीईओ ने किया सम्मानित

# सरकारी स्कूलों में दीक्षांत समारोह बच्चों में करेगा उत्साह का संचरण : डीडीसी

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय में सभी वर्ग के उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले बच्चों एवं सर्वाधिक उपस्थित रहने वाले बच्चों को डीडीसी अभ्येन्द्र मोहन सिंह डीईओ सुरेंदर कुमार डीपीओ दया शंकर सिंह डीपीओ भोला कुमार कर्ण एवं हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने मेडल्स एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किये। डीडीसी ने बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों को उनके बच्चों के बेहतर परफॉरमेंस के लिए बधाई दिए एवं अपील की कि वे उनके होम वर्क को जरूर देखें एवं प्राप्त अंकों की समीक्षा करें। विद्यालय की शानदार रही उपलब्धियों के लिए डीडीसी ने हेडमास्टर उदय कुमार सिंह की सराहना की। डीईओ ने बच्चों को सम्मानित कर अभिभावकों को नसीहत दिये कि बच्चों को कभी भी हीन भावना का शिकार नहीं होने दें। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत क्विज रंगोलो वाद विवाद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का अवलोकन किये एवं बच्चों को शाबासी दिए। हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति को बच्चों अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए प्रेरणादायी बताया और विश्वास दिलाया कि विद्यालय पूर्ववत सफलता के पथ पर सिद्दत से अग्रसर रहेगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सम्मानित होनेवाले बच्चों में रितिका बीना राकेश स्नेहा किरण मानवी अनुप्रिया लवली पार्थ कुमार संगीता विक्की शौर्य आरती बबली विराट आदि सम्मिलित थें। शिक्षिकाओं में मंजू कुमारी करुणा कुमारी मीना शारदा प्रभावती आभा शाहीन चन्द्रमा एवं शिक्षक में योगेंद्र पॉल सतेंदर चौधरी एवं अर्जुन सिंह उपस्थित रहे।

# मेधावी छात्राओं को किया गया सम्मानित

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा प्रखंड के विभिन्न मध्य विद्यालयों में बुधवार को धूमधाम से दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। बिहटा गांव के मध्य विद्यालय में पैक्स अध्यक्ष नागेंद्र कुमार, सचिव निर्मला देवी और अखिलेश चौधरी ने सयुंक्त रुप से समारोह का उद्घाटन किया। हेडमास्टर सुभाष प्रसाद ने अतिथियों को अंग-वस्त्र से सम्मानित किया। शिक्षक असलम ने संचालन किया। वार्षिक परीक्षा में बेहतर करने वाले क्लास 8 में प्रथम जानवी कुमारी, द्वितीय तमन्ना कुमारी और तीसरा स्थान अंजू कुमारी सहित सभी वर्गों के मेधावी बच्चों को काला टोपी पहनाकर मेडल और प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक सुहैल खां और सहराब खां ने समारोह को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए कहा कि विद्यालय के बच्चा देश का धरोहर है, जो गांव एवं अच्छे परिवार के साथ राष्ट्र के निर्माण में भी अहम भूमिका निभा सकेगा।

# लालू ने रोका था आडवाणी का रथ, अब मैं रोकुंगा मोदी का रथ : तेजस्वी

निज संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के रफीगंज के आरबीआर हाई स्कूल के मैदान में पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव गरजे। विरोधियों पर बरसे। तेजस्वी ने सभा को संबोधित किया और कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों में जोश भरा। तेजस्वी ने औरंगाबाद से इंडी-महागठबंधन के आरजेडी प्रत्याशी अभय कुशवाहा के समर्थन में बुधवार को आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लालकृष्ण आडवाणी के रथ को मेरे पिताजी लालू यादव ने रोका था। अब मोदी और भाजपा के रथ को मैं रोकूंगा। उन्होंने कहा कि अभय कुशवाहा पहले राजद में थे। जदयू में चले गए थे। अब पुराने घर में आ गए है। अब ये पलटने वाले नही है लेकिन चाचा नीतीश पलटते रह रहे है। फिर पलट गए है। वे हमारे चाचा है। अभिभावक है। उनका सम्मान करते है लेकिन जदयू में किसी को सम्मान नही मिलता है। इसी कारण अभय कुशवाहा पुराने घर में आ गए। हमने इन्हे सम्मान दिया। पार्टी का टिकट दिया। सिम्बॉल देकर मैंदान में उतारा। आप इनको वोट देकर लोकसभा में भेजिएं। हम आपका सब काम करेंगे। तेजस्वी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हाई जैक कर लिया गया है। अब उनसे कुछ बन नही पा रहा है। वें दिखावें के सीएम रह गए है। उनकी विश्वसनीयता नही रह गई है। कहा कि 10 लाख सरकारी नौकरी देंगे। हमने 17 महीने में 5 लाख नौकरी दी। पांच साल और मौका मिलता तो इतना और नौकरी देते जिसकी कल्पना आप सबने नही की होगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा की यह लडाई नया रास्ता दिखाएगी। यही से विधानसभा का रास्ता तय होगा। हम भाजपा को लोकसभा में भी पछाड़ रहे है और विधानसभा में भी पछाड़ेंगे। कहा कि अमित शाह ने कहा था कि नीतीश के लिए दरवाजा बंद हो चुका है। उन्होंने डीएनए की बात कहकर बिहार को गाली दी थी। यह सब याद रखिएगा, भूलिएगा नही। हम सबको साथ लेकर चलेंगे लेकिन उनसे सावधान रहिएं। मोदी आएंगे, फिर फुसलाएंगे।भाजपा झूठ की पाटी है। मोदी और शाह दोनो बड़े झूठे है। ये जुमलेबाजी करते आ रहे है और कर भी रहे है। इनसे सावधान रहिए। तेजस्वी ने कहा कि लालू यादव रेल मंत्री थे। तब सभी कुली को स्थायी नौकरी दिए। रेल भाड़ा कम रखा था। बिहार में तीन रेल कारखाना खोले थे। मोदी के राज में क्या हुआ? यहां कोई नया कारखाना तक नही खुला। कहा कि भाजपा ईडी, सीबीआई, आईटी से डरा रही है। इस भाजपा से न लालू जी डरे और न हम डरते है। इसलिए आगाह कर रहे है कि कुछ भी हो जाए लेकिन भाजपा के झांसे मे न आए। उन्होंने सभा में मौजूद लोगो को ईद, नवरात्र, रामनवमी और छठ पूजा की शुभकामना भी दी। साथ ही महागठबंधन के उम्मीदवार अभय कुशवाहा को जिताने की अपील करते हुए माला भी पहनाई। सभा को संबोधित करते हुए विकासशील इंसान पार्टी(वीआईपी) के सुप्रीमो मुकेश साहनी ने कहा कि मल्लाह वर्ग के लोगो को लालू यादव ने काफी सम्मान दिया है। इसलिए हम सभी मिलकर महागठबंधन के प्रत्याशी अभय कुशवाहा को विजयी बनाए। यह हमारा, आपका और सबका कर्तव्य बनता है।

# दीक्षांत सह सम्मान समारोह का आयोजन

कार्यालयसंवाददाता



**औरंगाबाद।** राज्यकीय मध्य विद्यालय बसडीहा कला औरंगाबाद में वर्ग- (1-8) के लिए दीक्षांत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। डीईओ सुरेन्द्र कुमार एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) भोला कुमार करन ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकरकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक कौशल किशोर ने की।

शैक्षिक सत्र (2023-24) के वार्षिक मूल्यांकन- 2024 में बेहतर करने वाले छात्र- छात्राओं को सम्मानित करने के साथ ही अधिकतम दैनिक उपस्थिति, अनुशासन, विद्यालय गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी, स्वच्छता के साथ सुसज्जित ड्रेस में रहने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। डीईओ द्वारा सभा में उपस्थित अभिभावकों एवं बच्चों के सफलता के टीप्स देकर ज्योतिर्मय एवं उज्जवल भविष्य की मंगलमय कामना की । डीपीओ ने भी अभिभावकों को अपने बच्चों को प्रतिदिन ड्रेस में ससमय आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शैक्षणिक उन्नयन हेतु विस्तृत चर्चा की। फेसर थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने अपने संबोधन में बच्चों को मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर शिक्षक रामेश्वर प्रसाद, निवास शर्मा, विनोद कुमार, संतोष कुमार, सुशील कुमार चंदन कुमार, शिक्षिका दिब्या कुमारी, संगीता देवी, कौसर प्रवीण अनिता कुमारी, प्रमिला सिंह, सुषमा कुमारी, मोनिका खाती, होमा रफत एवं अभिभावक अमरेन्द्र कुमार सिंह, उदय कुमार, रामचंद्र यादव, मंजु देवी, नीजू देवी, अनिता देवी आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मंत्री ने चलाया जनसंपर्क अभियान

# तेज गति से हो रहा है प्रधानमंत्री के नेतृत्व देश का विकास

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह सोमवार को एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चला कर भारी मतों से विजयी बनाकर केंद्र में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया। इस दौरान रिसीयप, सड़सी, सरसी पहरा धनु बिगहा, बभांडी, घेऊरा, चांद खाप, नोनिया बिगहा, खैरा, सडीहा, सिमरा, चपरा, लबरी, कुटुंबागढ़, हरिहर उर्दना आदि गांव का दौरा किया। इस दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं को बारे में बताया। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व देश का विकास तेज गति से हो रहा है। गरीबों के कल्याण के लिए भी प्रधानमंत्री कई योजनाएं चला रहे हैं। शौचालय योजना से गांव-गांव स्वच्छता लाएं। गरीब महिलाओं को निशुल्क रसोई गैस दिया गया। आयुष्मान भारत के तहत लोगों को 5 लाख तक का मेडिकल सुविधा दिया जा रहा है। इसके अलावा आतंकवाद देश से खत्म हो हुआ है। राम मंदिर और अनुच्छेद 370 जैसे बड़े मामले को शांति से हल निकाल दिए। एक बार फिर 400 प्लस सीटों के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को केंद्र में सत्ता देने का आह्वान किया।

# चार अलग-अलग ठिकानों से भारी मात्रा में शराब बरामद

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** औरंगाबाद के कुटुम्बा प्रखंड में रिसियप थाना की पुलिस ने बीती रात सुंदरगंज बाजार से बोलेरो से 603.9 लीटर देशी टनाका एवं 12 लीटर गॉडफादर बीयर कुल-615.9 लीटर शराब बरामद किया है। साथ ही वाहन चालक के साथ झारखंड के पलामू जिले के हरिहरगंज थाना के कुल्हाया निवासी रंजन कुमार को गिरफ्तार किया है। वही कुटुम्बा थाना की पुलिस ने बसौरा मोड़ के पास एक बाइक से 72 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। मामले में दो विधि-विरुद्ध किशोरो को निरुद्ध किया गया है। इसी प्रकार नबीनगर पुलिस ने बारा मोड़ के पास दिवा गश्ती के दौरान मोटरसाईकिल पर लदे कुल-27.72 लीटर देशी टनाका शराब बरामद किया है।









सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

संदेश

**ईद–उल–फित्र** के पावन अवसर पर मैं सभी बिहारवासियों एवं देशवासियों, विशेषकर मुस्लिम भाइयों एवं बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनायें देता हूँ।

खुशियों का यह त्योहार रमजान के पवित्र माह की समाप्ति के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। रोजेदार रमजान के महीने में रोजा रखते हैं और विशेष इबादत करते हैं। यह त्योहार आपसी प्रेम, एकता और सद्भावना का संदेश देता है।

मेरी अपील है कि इस पावन पर्व को शांति, सौहार्द्र एवं उल्लास के साथ मनायें।

मैं कामना करता हूँ कि ईद–उल–फित्र सभी के जीवन में खुशियाँ लेकर आये।

राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर

PR. No. 000081 (Governor Secretariat)D. 2024-25